नई दिल्ली
शुक्रवार, 3 जनवरी 2025
पौष मास शुक्ल पक्ष, चतुर्थी वर्ष : 28, अंक : 265
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 18
न्यून. 08

हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

नए साल के आगाज के साथ प्रभावी हुई 104 कर्मियों की गंगा की एक अतिरिक्त गोमती कंपनी

'गंगा' के बाद उसकी सहायक 'गोमती' नदी का जीर्णोद्धार करेगी सेना

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

गंगा के बाद उसकी सहायक गोमती नदी के कायाकल्प के लिए परंपरागत सेना (टीए) की एक टुकड़ी युद्धस्तर पर जुट गई है। इसमें 4 जूनियर कमीशन अधिकारियों (जेसीओ) और 100 पूर्व सैन्यकर्मियों को मिलाकर कुल 104 कर्मी शामिल हैं। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ इसका आधार क्षेत्र होगा। सेना ने गुरुवार को बताया कि पूर्व में गंगा नदी की स्वच्छता के लिए नेशनल मिशन फॉर क्लीन गंगा ▶▶ शेष पेज 5 पर

2019 में बनी थी गंगा सैन्य टास्क फोर्स

सेना के मुताबिक, भारतीय सेना की परंपरागत टुकड़ी ने मई 2019 में गंगा नदी को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए पहली संयुक्त इकोलॉजिकल टास्क फोर्स का गठन किया था। यह कार्य एनएमसीजी के तहत किया गया था और यह दुनिया में किसी देश की नदी की स्वच्छता के लिए पहली बार गठित की गई सैन्य टुकड़ी थी। 137 सीईटीएफ ▶▶ शेष पेज 5 पर

कर्तव्य पथ पर समारोह स्थल तक पारंपरिक 'घोड़ा बग्गी' पर सवार होकर पहुंचेंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पीएम की शहीदों को श्रद्धांजलि के बाद होगी गणतंत्र दिवस समारोह की शुरुआत

कविता जोशी ⏭ नई दिल्ली

इस बार 26 जनवरी को कर्तव्य पथ पर आयोजित किए जाने वाले 76वें गणतंत्र दिवस समारोह की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्रीय युद्ध स्मारक (एनडब्ल्यूएम) पर शहीदों को श्रद्धांजलि देने के बाद होगी। रक्षा सूत्रों ने बताया कि स्मारक पर पीएम के आगमन पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान, सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, वायुसेनाप्रमुख एयरचीफ मार्शल ए.पी. सिंह और नौसेनाप्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी उनकी अगवानी करेंगे। वहीं, तीनों सेनाओं की सर्वोच्च कमांडर ▶▶ शेष पेज 5 पर

आजाद भारत का पहला शहीद स्मारक

देश में 70 के दशक से अपना खुद का युद्ध स्मारक बनाने पर विचार चल रहा था। इसके लिए इंडिया गेट के पास सी-हेक्सागन के इलाके का लगभग चयन भी हो गया था। लेकिन उसके करीब पांच दशक तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। लेकिन 2014 में केंद्र में मोदी सरकार आने के बाद इस परियोजना ने एक बार फिर से जोर पकड़ा। 2015 में इससे संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई और उसके करीब तीसरे साल में, 2018 में ▶▶ शेष पेज 5 पर

इंडिया गेट पर दी जाती थी शहीदों को श्रद्धांजलि

यह स्मारक अपने आप में इसलिए भी खास है। क्योंकि इसका निर्माण आजादी के लगभग छह दशक के बाद केंद्र की सत्ता पर काबिज किसी सरकार द्वारा किया गया। जबकि इसके पूर्व में देश के शीर्ष राजनीतिक नेतृत्व द्वारा इंडिया गेट पर ही शहीदों को श्रद्धांजलि ▶▶ शेष पेज 5 पर

40 एकड़ में फैला यह स्मारक

इंडिया गेट गोल चक्कर पर बनाया गया राष्ट्रीय युद्ध स्मारक कुल 40 एकड़ भूभाग में फैला हुआ है। इसमें चार संकेंद्रित वृत्त हैं। जिनमें अमर चक्र, वीरता चक्र, त्याग चक्र, रक्षक चक्र मुख्य हैं। इनमें ग्रेनाइट की पट्टियों पर स्वर्ण अक्षरों में 25 हजार 942 शहीद भारतीय योद्धाओं के नाम अंकित हैं। एक केंद्रीय स्तंभ, एक अखंड ज्योति और छह कांस्य भित्ति चित्र भी स्मारक का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। यह एक ढकी हुई गैलरी में (वीरता चक्र) में भारतीय सेना, वायुसेना और नौसेना द्वारा लड़ी गई प्रसिद्ध लड़ाइयों को दर्शाते हैं। इसके अलावा परमवीर चक्र (पीवीसी) से सम्मानित 21 विजेताओं की प्रतिमाएं परम योद्धा स्थल में स्थापित की गई हैं। इनमें तीन जीवित ▶▶ शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

कृषि मंत्री शिवराज ने सीएम आतिशी को पत्र लिख किसानों की अनदेखी का लगाया आरोप कहा

दिल्ली सरकार की तरफ से कई योजनाओं के लिए केंद्र सरकार के पास नहीं आया कोई प्रस्ताव

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि मंत्री ने दिल्ली की सीएम आतिशी को पत्र लिखकर केंद्र सरकार की कृषि क्षेत्र से जुडी योजनाओं को दिल्ली में लागू नहीं करने पर आलोचना की है। चौहान ने इस पत्र में कहा कि किसानों के कल्याण में राजनीतिक प्रतिस्पर्धा बाधा नहीं बननी चाहिए। पत्र में चौहान ने दिल्ली में किसानों की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार किसानों के प्रति बहुत उदासीन है। चौहान ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर भी हमला करते हुए कहा कि आप सुप्रीमो ने हमेशा चुनाव से पहले बड़ी घोषणाएं करके राजनीतिक लाभ उठाया है। शिवराज ने पत्र को अपने एक्स हैंडल पर भी पोस्ट किया। साथ ही उन्होंने एक्स पर दो पोस्ट भी इस संदर्भ में लिखी।

उन्होंने लिखा कि दिल्ली के किसान मुझसे मिले थे, उन्हें कई योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। हमारी मैकेनाइजेशन की योजना, सूक्ष्म सिंचाई के लिए योजना, पर ड्रॉप मोर क्रॉप सहित कई योजनाएं हैं, जिसका मैंने पत्र में विस्तार से उल्लेख किया है। केंद्र सरकार अपनी तरफ से पैसा देने के लिए तैयार है, लेकिन दिल्ली की सरकार की वजह से किसानों को उन योजनाओं का लाभ ही नहीं मिल रहा है। केंद्र राज्य सरकार के प्रपोजल पर योजनाओं का पैसा भेजता है। दिल्ली सरकार की तरफ से कई योजनाओं के लिए केंद्र सरकार के पास कोई प्रस्ताव आए ही नहीं, इसलिए दिल्ली के किसानों को उन योजनाओं का लाभ नहीं मिला। हमारी बीज ग्राम की योजना के लिए दिल्ली सरकार ने प्रपोजल ही नहीं भेजे। इसलिए मैंने कहा कि राजनीतिक प्रतिस्पर्धा किसान के कल्याण में बाधा नहीं बननी चाहिए। केंद्र और राज्य दोनों को मिलकर किसान के कल्याण की योजनाओं को नीचे तक लागू करना चाहिए। शिवराज ने लिखा 'तू इधर-उधर की न बात कर ये बता कि क़ाफ़िले क्यूँ लुटे'। आखिर क्यों केंद्र सरकार की किसान हितैषी योजनाओं को आप सरकार ने दिल्ली में लागू करने से रोका? क्यों दिल्ली के किसान भाई-बहनों की परेशानी से आप को फर्क नहीं पड़ता? अनेक किसान कल्याणकारी योजनाओं का फायदा आप दिल्ली के किसानों को क्यों नहीं देना चाहते? आखिर क्यों आप दिल्ली के किसानों के प्रति इतना संवेदनहीन हैं ? चौहान ने पत्र में आगे लिखकर कहा कि केजरीवाल जैसे ही सत्ता में आए जन कल्याणकारी निर्णय लेने के बजाय अपनी समस्याओं का रोना रोने लगे। 10 वर्षों से दिल्ली में आप की सरकार है, लेकिन पूर्व सीएम केजरीवाल ने हमेशा किसानों के साथ केवल धोखा किया है। उन्होंने कहा कि मैंने पहले भी आपको पत्र लिखकर दिल्ली के किसानों की समस्याओं से अवगत कराया था, लेकिन चिंता की बात है कि आपकी सरकार ने इन समस्याओं का समाधान नहीं किया है। योजनाओं के जिक्र करते हुए केन्द्रीय मंत्री ने बताया कि दिल्ली के किसान नर्सरी और टिशू कल्चर की स्थापना, रोपण सामग्री की आपूर्ति, कटाई के बाद प्रबंधन के लिए बुनियादी ढांचे का निर्माण, नए ▶▶ शेष पेज 5 पर

10 वर्षों से दिल्ली में आप की सरकार है, लेकिन पूर्व सीएम केजरीवाल ने हमेशा किसानों के साथ केवल धोखा किया: केन्द्रीय कृषि मंत्री

आप ने किया पलटवार

आप प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने पलटवार करते हुए कहा कि हमें शिवराज सिंह चौहान से यह उम्मीद नहीं थी। देश में किसान समस्याओं का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने वादा किया था कि किसानों की आय दोगुनी हो जाएगी, लेकिन कुछ नहीं हुआ। बीजेपी को जिम्मेदारी से काम करना चाहिए और उन्हें देश के नागरिकों से बात करनी चाहिए।

कृषि कानूनों को पिछले दरवाज़े से दोबारा लागू करने की तैयारी में केंद्रः केजरीवाल

नई दिल्ली(ब्यूरो)। आम आदमी पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि देशभर के किसानों की जानकारी के लिए मैं बता दूँ कि जो तीन काले क़ानून केंद्र ने तीन साल पहले किसानों के आंदोलन की वजह से वापिस लिए थे, उन्हें 'पालिसी' कहकर केंद्र सरकार पिछले दरवाज़े से दोबारा लागू करने की तैयारी कर रही है। इस पालिसी की कॉपी उनके विचार जानने के लिए केंद्र ने सभी राज्यों को भेजी है। केजरीवाल ने गुरुवार को कहा कि अगर पंजाब में प्रदर्शनकारी किसानों को कुछ हुआ तो भाजपा जिम्मेदार होगी। गौरतलब है कि पंजाब के किसान एमएसपी पर कानूनी गारंटी समेत कई मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन उपवास पर हैं। केजरीवाल ने एक्स पर लिखा कि पंजाब में किसान कई दिनों से धरने और अनिश्चित अनशन पर बैठे हैं। इनकी वही मांगे हैं जो केंद्र सरकार ने तीन साल पहले मान ली थी लेकिन अभी तक लागू नहीं की।

केजरीवाल ने दावा किया कि बीजेपी सरकार अब अपने वादे से मुकर गई। बीजेपी सरकार किसानों से बात तक नहीं कर रही। उनसे बात तो करो। हमारे ही देश के किसान हैं। उन्होंने सवाल किया कि बीजेपी को इतना ज़्यादा अहंकार क्यों है कि किसी से बात भी नहीं करते? उन्होंने साफ तौर पर कहा कि पंजाब में जो किसान अनिश्चित अनशन पर बैठे हैं, भगवान उन्हें सलामत रखें लेकिन यदि उन्हें कुछ होता है तो इसके लिए बीजेपी ज़िम्मेदार होगी।

डीआरडीओ के 67वें स्थापना दिवस के बाद संगठन के वैज्ञानिकों से बातचीत में बोले रक्षा मंत्री

तेजी से बढ़ते तकनीकी इकोसिस्टम के साथ आगे बढ़ें डीआरडीओ वैज्ञानिकः राजनाथ

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के 67वें स्थापना दिवस के ठीक अगले दिन राजधानी में स्थित संगठन के मुख्यालय में वरिष्ठ वैज्ञानिकों और अधिकारियों से संवाद किया। इस दौरान अपने संबोधन में उन्होंने मुख्य रूप से सभी से यह आग्रह किया कि वो देश में तेजी से विकसित हो रहे तकनीकी इकोसिस्टम के साथ तालमेल बिठाते हुए आगे बढ़ें और बेहतरीन उत्पाद बनाएं। मंत्रालय द्वारा मौजूदा वर्ष 2025 को सुधारों का वर्ष घोषित करने का उल्लेख करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि डीआरडीओ अपने निर्धारित लक्ष्यों को ▶▶ शेष पेज 5 पर



उन्नत देशों के उत्पादों पर रखें नजर

राजनाथ सिंह ने संगठन वैज्ञानिकों से कहा कि तकनीकी रूप से उन्नत देशों द्वारा अपनाए जा रहे उत्पादों और प्रक्रियाओं पर भी कड़ी नजर बनाए रखें। डीआरडीओ की प्रत्येक प्रयोगशाला को कम से कम 2-3 महत्वपूर्ण परियोजनाओं की पहचान करनी चाहिए और उन्हें 2025 तक पूरा करना चाहिए। अगले स्थापना वर्ष तक हमारे पास ऐसी 100 परियोजनाएं होनी चाहिए। जो पूरी की जा चुकी हैं।

परीक्षण सुविधाओं को उद्योगों के लिए खोला

डीआरडीओ अध्यक्ष डॉ. समीर. वी कामत ने कहा कि संगठन की परीक्षण सुविधाओं को उद्योगों के लिए खोल दिया गया है। पिछले तीन वर्षों में निजी उद्योगों और डीपीएसयू के लिए 18 हजार से अधिक परीक्षण किए गए हैं। इनमें 2024 में 5 हजार से ज्यादा परीक्षण किए गए। वहीं, रक्षा मंत्री ने अपने अनुसंधान और विकास प्रयासों में स्टार्ट अप को शामिल करने की संभावना को तलाशने का आग्रह डीआरडीओ से किया। राजनाथ सिंह ने इस बातचीत के बाद डीआरडीओ की हाइपरसोनिक एंटी शिप मिसाइल की डिजाइन टीम को सम्मानित भी किया।

खबर संक्षेप

भारत और बांग्लादेश 5 जनवरी को करेंगे 185 मछुआरों का आदान-प्रदान

नई दिल्ली (ब्यूरो.)। भारत और बांग्लादेश रविवार, पांच जनवरी को कुल 185 मछुआरों का आदान-प्रदान करेंगे। इनमें बांग्लादेश द्वारा भारत के पकड़े गए 95 मछुआरों को भारतीय तटरक्षकबल को सौंपा जाएगा और वहीं, भारत की तरफ से 90 बांग्लादेशी मछुआरे बांग्लादेश को सौंपे जाएंगे। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि दोनों देशों से यह मछुआरे बीते कुछ महीनों के दौरान अकारण ही अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा पार कर एक-दूसरे के देशों में पहुंच गए थे। जिसके बाद संबंधित प्रशासन द्वारा इन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था। अब 5 जनवरी को इनकी रिहाई के साथ इन सभी की स्वदेश वापसी होगी। भारत और बांग्लादेश समान रूप से मछली पकड़ने वाले समुदाय की आजीविका से जुड़ी चिंताओं को लेकर सजग हैं। इसी के तहत इनकी रिहाई सुनिश्चित की जा रही है। भारत सरकार अपने देश के मछुआरों की सुरक्षा और कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है।

सुझावों पर विचार करने का आश्वासन दिया

सैनी ने इंडस्ट्री व मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर से की बजट पूर्व बैठक

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश की आर्थिक उन्नति में औद्योगिक संस्थानों का सहयोग हरियाणा की समृद्धि एवं प्रगति के लिए समावेशी दृष्टिकोण की प्रतिबद्धता को दोहराता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का जो संकल्प है उसमें हरियाणा की महत्वपूर्ण भागीदारी रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले कुछ

वर्षों में हरियाणा ने कृषि, उद्योग, शिक्षा की आधारभूत संरचना व प्रौद्योगिकी सहित विभिन्न क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने, औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहन, ▶▶ शेष पेज 5 पर

भाजपा ने नियुक्त किए चुनाव अधिकारी

चंडीगढ़ की नरिंदर और हरियाणा की जिम्मेदारी अरुण सिंह को दी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भाजपा ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश के अध्यक्षों और राष्ट्रीय परिषद

सदस्यों के चुनाव के लिए गुरुवार को चुनाव अधिकारियों की घोषणा कर दी है। केंद्रीय मंत्रियों समेत सीनियर नेताओं को अपने-अपने राज्यों में आंतरिक चुनावों के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके तहत चंडीगढ़ के लिए सरदार नरिंदर सिंह रैना, हरियाणा के लिए अरुण सिंह, मप्र के लिए केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, उप्र प्रदेश के लिए पीयूष गोयल को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को कर्नाटक, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव को गुजरात, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल को उत्तर प्रदेश, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर को बिहार का चुनाव अधिकारी ▶▶ शेष पेज 5 पर

हरमनप्रीत और पैरा एथलीट प्रवीण भी होंगे पुरस्कृत

डी गुकेश एवं मनु भाकर को मिलेगा सर्वोच्च खेल पुरस्कार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

शतरंज विश्व चैंपियन डी गुकेश, ओलंपिक के एक ही संस्करण में दो मेडल जीतने वाली भारत की इकलौती निशानेबाज मनु भाकर, भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता प्रवीण कुमार को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया जाएगा।

डी गुकेश देश के सर्वोच्च खेल पुरस्कार के लिए चुने जाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी हैं। उन्होंने इस मामले में अभिनव बिंद्रा को पीछे छोड़ा। बीजिंग ओलंपिक 2008 में निशानेबाजी में गोल्ड मेडल जीतने वाले अभिनव बिंद्रा को जब खेल रत्न पुरस्कार देने का ऐलान किया गया था तब उनकी उम्र 19 साल 11 महीने 10 दिन थी, जबकि 2 दिसंबर 2025 को डी गुकेश की

उम्र 18 साल 221 दिन है। युवा मामले एवं खेल मंत्रालय ने 2 दिसंबर 2025 को यह घोषणा की। सभी विजेताओं को 17 जनवरी 2025 को राष्ट्रपति भवन में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू सम्मानित करेंगी। खेल मंत्रालय ने 17 पैरा-एथलीट समेत 32 खिलाड़ियों को देश के दूसरे सबसे बड़े खेल पुरस्कार अर्जुन अवार्ड देने का फैसला किया है। खेल मंत्रालय ने बताया कि खेल पुरस्कारों के लिए गठित समिति की सिफारिशों और उनकी जांच पड़ताल ▶▶ शेष पेज 5 पर

दिल्लीवासियों को पीएम मोदी देंगे ताबड़तोड़ सौगात

गरीबों को 'स्वाभिमान फ्लैट', दिल्ली विवि के 2 नए कैंपस, मेट्रो, हाईवे.. और भी बहुत कुछ

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज, शुक्रवार को एक के बाद एक कई परियोजनाओं की सौगात दिल्लीवासियों को देंगे। अशोक विहार के वजीरपुर में गरीबों के लिए डीडीए द्वारा बनाये गये 1 हजार 645 "स्वाभिमान फ्लैट" की चाबी मेहनतकश के हवाले करेंगे। दिल्ली विधानसभा चुनाव का एलान अगले महीने कभी भी हो सकता है। प्रचार की कमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों रहेगी। दिल्ली विस

चुनाव पूरी तरह दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल बनाम नरेंद्र मोदी हो, इस रणनीति के तहत क्रमबद्ध तरीके से योजनाओं को अंजाम दिया जाएगा। पश्चिमी दिल्ली के रोहिणी स्थित जापानी पार्क और पूर्वी दिल्ली की सीबीडी ग्राउंड पर रैली की रूपरेखा तय की गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली के लिए विकास का पिटारा खोलने जा रहे हैं। विकास से जुड़ी कई योजनाओं का शिलान्यास करेंगे। दिल्ली विश्वविद्यालय के दो नए कैंपस का उद्घाटन करेंगे।

एक कैंपस पूर्वी दिल्ली और दूसरा पश्चिमी दिल्ली में होगा। सावरकर के नाम पर एक नए कॉलेज की नींव रखेंगे। साथ ही दिल्ली में मेट्रो के फेज-4 के तहत रिठाला-नरेला-कुंडली लाइन का शिलान्यास ▶▶ शेष पेज 5 पर

सुरक्षा की खाताबही गृहमंत्रालय के समक्ष रखने की तैयारी

गृहमंत्रालय जल्द करेगा फैसला: डेढ़ दर्जन पूर्व केंद्रीय मंत्री, दर्जन भर पूर्व सांसद सहित अन्य वीवीआईपी की सुरक्षा जारी रहेगी, घटेगी या हटेगी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

वीवीआईपी सुरक्षा बेडे को बढ़ाना, कम करना या फिर हटाना ये सब केंद्रीय गृहमंत्रालय के अंतर्गत आने वाले खास विभाग के मातहत जिम्मेदारी रही है। संबंधित वीआईपी की सुरक्षा इनपुट के मद्देनजर समय समय पर फैसले लिये भी जाते रहे। किसी व्यक्ति विशेष को जेड प्लस की सुरक्षा है तो उसे जेड करना है या जेड से वाई करना है ये सब इनपुट के बाद फैसले किये जाते रहे हैं। ये पहली बार होगा जब दिल्ली पुलिस खुद डेढ़ दर्जन पूर्व केंद्रीय मंत्री और दर्जन भर पूर्व सांसदों के सुरक्षा की खाताबही गृहमंत्रालय के समक्ष रखने की तैयारी में है। दिल्ली पुलिस चूंकि केंद्रीय गृहमंत्रालय के अधीन हैं और दिल्ली पुलिस की बड़ी संख्या में जवान अब भी पूर्व सांसद,

पूर्व मंत्रियों की सुरक्षा घेरे को अभेद्य बनाने दिन रात जुटे हैं, तो क्या इन वीआईपी की सुरक्षा यूं ही चलती रहेगी या मंत्रालय का कोई अन्य फैसला है? जाहिर है ऐसे शीर्षासन दिल्ली पुलिस मंत्रालय के आला अधिकारियों के इशार पर ही कर रही होगी।

गृहमंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि सुरक्षा ऑडिट समय समय पर होती रहती है, ये भी उसी ऑडिट का हिस्सा है। ऐसे ही ऑडिट के बाद कुछ वीआईपी ड्यूटी में लगे सुरक्षाकर्मियों को इनपुट के हिसाब से लगाया और हटाया भी गया है।

केंद्रीय मंत्री रहे अजय भट्ट, अश्विनी चौबे और बिश्वेश्वर टुडू के पास वाई श्रेणी की सुरक्षा है अब तक है जब कि इनकी प्रोफाइल बदल गई है। तीनों नेताओं के पास तीन पीएसओ और चार जवान आवास पर तैनात हैं। इन्हीं कैटेगरी में विजय गोयल, भागवत किशन राव कराड, देवू सिंह चौहान, भानु प्रताप वर्मा, जसवंत सिंह भाभोर, जॉन बार्ला, कौशल किशोर, कृष्णा राज, मनीष तिवारी, पीपी चौधरी, राजकुमार रंजन सिंह, रामेश्वर तेली, एसएस अहलूवालिया, संजीव बालयान, सोमप्रकाश, सुदर्शन भगत, ▶▶ शेष पेज 5 पर

दिल्ली को वर्ल्ड क्लास सिटी बनाने के लिए भाजपा सांसदों ने प्रस्तुत की योजना

दिल्ली। दिल्ली को वर्ल्ड क्लास सिटी बनाने को लेकर दिल्ली के भाजपा सांसदों ने गुरुवार को आवास एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर से मुलाकात की और केंद्र सरकार से पुरजोर मांग करते हुए कहा कि दिल्ली और एनसीआर के लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए विकास की बड़ी योजनाओं पर शीघ्र अमल किया जाए। मनोहर लाल खट्टर से मुलाकात के बाद भाजपा सांसदों ने गुरुवार को प्रदेश कार्यालय में आयोजित एक प्रेसवार्ता को सम्बोधित कर उनके समक्ष रखे प्रस्तावों की जानकारी दी। प्रेसवार्ता में केन्द्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, सांसद मनोज तिवारी, रामवीर सिंह बिधूड़ी, योगेन्द्र चंदोलिया, कमलजीत सहरावत, प्रवीन खंडेलवाल, एनडीएमसी उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल एवं मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर उपस्थित थे। सांसद योगेन्द्र चंदोलिया ने नरेला में एजुकेशन हब बनाने और वहां एक वर्ल्ड क्लास स्टेडियम के निर्माण की योजना के साथ पूरे क्षेत्र के विकास के प्रोजेक्ट बनाने की मांग की गई। दिलशाद गार्डन, एओ ब्लॉक शालीमार बाग, एयू ब्लॉक पीतमपुरा, गोविंदपुरी के जवाहर जेजे क्लस्टर व नवजीवन कैंप के अलावा सात और ऐसी ही परियोजनाएं पाइप लाइन में हैं, उनपर भी शीघ्र कार्य किया जाना चाहिए। भाजपा सांसदों ने जोर देकर कहा कि केंद्र सरकार दिल्ली के विकास के लिए जो योजनाएं बना रही है, उसी से राजधानी का रूप-स्वरूप बदल रहा है।

दो बांग्लादेशी नागरिकों समेत चार गिरफ्तार

बांग्लादेशियों की घुसपैठ करवाने वाले गिरोह का हुआ पर्दाफाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली

दक्षिण जिले की एटीएस टीम ने बांग्लादेशी नागरिकों को अवैध रूप से बॉर्डर पार करवा भारत में बसाने वाले रैकेट का पर्दाफाश किया है। इस सिलसिले में दो बांग्लादेशी नागरिकों समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से भारत और बांग्लादेश के बड़ी संख्या में कागजात बरामद हुये हैं।

पुलिस के अनुसार दक्षिण जिले की एटीएस टीम द्वारा गिरफ्तार किये गये बांग्लादेशी नागरिकों के नाम बिलाल होसेन और उनकी पत्नी है। इसके अलावा अमीनूर इशलाम और आशीष मेहरा इनके जाली आधार कार्ड तैयार करते थे। इस संबंध में फतेहपुर बेरी थाने में केस दर्ज किया गया है। आरोपियों के पास से परिवहन में इस्तेमाल टाटा विंगर, बांग्लादेशी नागरिकों के नाम पर जारी छह आधार कार्ड, पांच पैन कार्ड, दो बांग्लादेशी आईडी, एक वोटिंग कार्ड, 11 क्रेडिट कार्ड, सात डेबिट कार्ड, छह चेक बुक, दो बैंक पासबुक, दो क्यूआर कोड और भारतीय पासपोर्ट आवेदन बरामद हुआ है। इससे पहले भी छह दिसंबर को एएटीएस टीम ने पांच बांग्लादेशी नागरिकों सहित 12 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया था। 28 दिसंबर को तकनीकी निगरानी के आधार पर भारत में अवैध रूप से प्रवेश करने वाले सात बांग्लादेशी नागरिकों को अर्जनगढ़ मेट्रो स्टेशन पर पकड़ा गया और एफआरआरओ के माध्यम से वापस बांग्लादेश भेजा गया। उसी दिन एक अन्य बांग्लादेशी नागरिक, बिलाल होसेन को आया नगर रेड लाइट से गिरफ्तार किया गया था। उसके सामान की तलाशी लेने पर बांग्लादेश गणराज्य द्वारा जारी किए गए राष्ट्रीय आईडी कार्ड, साथ ही जाली दस्तावेजों का उपयोग करके बनाए गए भारतीय आधार और पैन कार्ड बरामद किए गए। इस मामले में बिलाल होसेन को गिरफ्तार किया गया था और उसकी निशानदेही पर उसकी पत्नी को राजीव नगर, गुरुग्राम, हरियाणा से गिरफ्तार किया।

भारत और बांग्लादेश के डॉक्यूमेंट बरामद

सीडीआर के विश्लेषण से अमीनूर का पता चला

निरंतर पूछताछ और सीडीआर विश्लेषण ने जांचकर्ताओं को असम के ग्वालपारा निवासी एक अन्य आरोपी अमीनूर इशलाम तक पहुंचाया। यह व्यक्ति अवैध प्रवासियों को मेघालय के सीमावर्ती जिले बाघमारा से असम के कृष्णाई और बोंगाईगांव रेलवे स्टेशनों तक पहुंचा रहा था। अमीनुर इशलाम को असम के दमरा आउट-चेकपोस्ट से गिरफ्तार किया गया और ट्रांजिट रिमांड पर दिल्ली लाया गया। आगे की जांच में पुलिस आशीष मेहरा तक पहुंची। इसे देवी लाल कॉलोनी, गुरुग्राम से गिरफ्तार किया गया। आशीष मेहरा अपने सहयोगी के साथ जाली दस्तावेजों का उपयोग करके अवैध बांग्लादेशी नागरिकों के लिए आधार कार्ड बनाने की सुविधा प्रदान कर रहा था।

वसंत कुंज और कापसहेड़ा पुलिस ने बंग्लादेशी वापस भेजे

साउथ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट की वसंत कुंज साउथ पुलिस टीम ने बांग्लादेशियों के खिलाफ चलाए अभियान में एक और बांग्लादेशी की पहचान की है। वह अवैध रूप से इलाके में रह रहा था। शख्स मूलतः बांग्लादेश के ढाका का रहने वाला है। इसकी पहचान मोहम्मद बबलू के रूप में हुई है। डीसीपी सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि पेट्रोलिंग के दौरान संदेह होने पर शख्स को पूछताछ के लिए रोका गया था। डॉक्यूमेंट की जांच की गई तो इसकी पहचान बांग्लादेशी नागरिक के रूप में की गई। फिर आगे की कार्रवाई के बाद इसे एफआरआरओ में भेज दिया गया है, जो इसे डिपोर्ट की कार्रवाई अमल में लाएगी। उधर कापसहेड़ा पुलिस द्वारा भी एक बांग्लादेशी महिला को पकड़ा है। वह चार साल से भारत में रह रही थी। इस महलि को एफआरआरओ के माध्यम से निर्वासित किया गया है। बांग्लादेशी महिला का नाम लवली खातून इस्लाम बताया गया है। वह थन्नौर थाना अंतर्गत, राजशाही, बांग्लादेश की रहने वाली है। जिले की पुलिस सत्यापन अभियान के दौरान लगभग 200 परिवारों की जांच कर दस्तावेज एकत्र और सत्यापित कर चुकी है। पकड़ी गई लवली खातून के पास भारतीय पैन कार्ड और आधार कार्ड बरामद हुआ।

ढाई करोड़ की हेरोइन बरामद, एक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली

बाहरी उत्तरी जिले की एंटी-नारकोटिक्स टीम ने ड्रग सिंडिकेट के खिलाफ कार्रवाई करते हुये एक कुख्यात ड्रग सप्लायर को गिरफ्तार किया है। इसके पास से लगभग 2.5 करोड़ के अनुमानित बाजार मूल्य की 402 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पकड़े गये शख्स का नाम शेख शाहनवाज उर्फ सोहेल निवासी जहांगीरपुरी बताया गया है।

डीसीपी निधि वासन के अनुसार बाहरी उत्तरी जिला पुलिस नियमित रूप से ड्रग तस्करों और आपूर्तिकर्ताओं पर नजर रख रही है। उनके खिलाफ लगातार कड़ी कार्रवाई हो रही है। हाल ही में एंटी-नारकोटिक्स सेल के स्टाफ को ड्रग सिंडिकेट के बारे में पता चला था। एक जनवरी को स्टाफ द्वारा जाल बिछाया गया और शेख शाहनवाज सिरसा चौक, जे जे कॉलोनी, बवाना में एक बैग के साथ पकड़ा गया। उसके बैग की तलाशी के दौरान 402 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। इस संबंध में नरेला थाने में केस दर्ज किया गया है। आगे की पूछताछ के दौरान आरोपी ने खुलासा किया कि उसे पहले डकैती, चोरी और आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया था।

लाखों का गांजा जब्त, दो तस्कर पकड़े

एजेंसी, नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने राजस्थान के रहने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से 21.5 लाख रुपये मूल्य का 21.6 किलोग्राम गांजा जब्त करने का दावा किया है। एक अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपियों को 23 दिसंबर को दिल्ली के विहार मोहन गार्डन इलाके से गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने बताया कि पुलिस की टीम को एक कबाड़खाने के सामने खड़ी एक कार मिली जिसमें दो लोग सवार थे। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें से 21.6 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। उन्होंने बताया कि दोनों की पहचान राजस्थान के अलवर निवासी कमल सिंह (33) और अशोक कुमार (26) के रूप में हुई है। अधिकारी ने बताया कि कमल पर स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम, शस्त्र अधिनियम और हत्या के प्रयास से जुड़े 25 मामले दर्ज हैं। अधिकारी ने बताया कि एक अन्य व्यक्ति अशोक का भी आपराधिक इतिहास रहा है और उसके खिलाफ लूट एवं चोरी के तीन मामले पहले भी दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि आरोपी दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में मादक पदार्थों की तस्करी करते थे।

प्रश्नपत्रों के देर से पहुंचने के कारण डीयू में परीक्षा स्थगित

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के संबंधित विभाग से प्रश्नपत्रों के देर से पहुंचने के कारण बृहस्पतिवार को विज्ञान स्नातक कार्यक्रम के एक विषय की परीक्षा स्थगित कर दी गयी जबकि दूसरे विषय की परीक्षा में कई घंटे की देरी हुई। विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस व्यवधान के चलते रामजस, जाकिर हुसैन, देशबंधु और दीनदयाल उपाध्याय समेत कई महाविद्यालयों में करीब 170 विद्यार्थी प्रभावित हुए। नयी अधिसूचना के अनुसार जिस विषय की परीक्षा स्थगित कर दी गयी उसकी परीक्षा अब रविवार को सुबह साढ़े नौ बजे से साढ़े 12 बजे तक होगी। जिन विषयों की परीक्षा प्रभावित हुई है, उनमें 'इलेक्ट्रॉनिक्स इंस्ट्रूमेंटेशन' और 'मैथेमेटिकल फिजिक्स' शामिल हैं। इन दोनों विषयों की परीक्षा आज सुबह साढ़े नौ बजे शुरू होनी थी। लेकिन साढ़े 11 बजे तक प्रश्नपत्र नहीं बांटे गये। एक अधिकारी ने कहा कि इलेक्ट्रोनिक्स इंस्ट्रूमेंटेशन की परीक्षा अंततः देरी से शुरू हुई और विद्यार्थियों को इसे पूरा करने के लिए पूरे तीन घंटे का समय दिया गया। विद्यार्थियों को अपना प्रश्नपत्र पूरा करने के लिए पर्याप्त समय दिया गया। उन्होंने बताया कि हालांकि काफी देर हो जाने पर विद्यार्थियों द्वारा आपत्ति जताए जाने के बाद 'मैथेमेटिकल फिजिक्स-I' विषय की परीक्षा स्थगित करनी पड़ी। अधिकारी ने बताया कि उनकी चिंताओं के कारण अब इस विषय की परीक्षा पांच जनवरी को फिर इसी समय पर निर्धारित की गयी है। व्यवधान के कारण के बारे में पूछे जाने पर अधिकारी ने विभाग और महाविद्यालयों के बीच 'भ्रम' और 'समन्वय की कमी' का हवाला दिया। उन्होंने और कुछ बताने से इनकार कर दिया। इन विषयों के प्रश्नपत्र दिल्ली विश्वविद्यालय के 'भौतिकी और खगोल भौतिकी विभाग द्वारा उपलब्ध कराये जाते हैं।

दिल्ली पुलिस ने की फर्जी विज्ञापन के जरिये आयुर्वेदिक उत्पाद बेचने के मामले की जांच शुरू

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने फर्जी विज्ञापन के जरिये आयुर्वेदिक उत्पाद बनाने वाली एक फर्म को निशाना बनाकर साइबर धोखाधड़ी किए जाने के मामले की जांच शुरू की है। मामले में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार सन्यासी आयुर्वेद के एक निदेशक ने आरोप लगाया है कि कुछ साइबर अपराधी उनके ब्रांड के प्रचार वाले वीडियो का इस्तेमाल कर धोखाधड़ी कर रहे हैं। शिकायतकर्ता ने कहा कि नकली आयुर्वेदिक उत्पादों को ऑनलाइन बेचने के लिए उनकी कंपनी के नाम और विज्ञापन वीडियो का इस्तेमाल किया जा रहा है। पुलिस ने गत 27 दिसंबर को इस मामले में प्राथमिकी दर्ज की थी। प्राथमिकी में कहा गया है कि एक गिरोह पैसे के लिए नकली दवाएं बेच रहा है, संगठित अपराध, धोखाधड़ी और जालसाजी कर रहा है, जिससे हजारों लोगों की जान को खतरा हो सकता है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद दक्षिण-पूर्वी जिले के साइबर पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि प्राथमिकी दर्ज करने के बाद हमने मामले की जांच के लिए कई टीम बनाई हैं। टीम सभी तथ्यों की जांच कर रही हैं और अपराधियों को जल्द ही पकड़ लिया जाएगा।

झगड़े में मारपीट के कई घंटों बाद बुजुर्ग महिला की तबीयत बिगड़ी, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली

पूर्वी जिले के न्यू अशोक नगर इलाके में बुजुर्ग महिला की पिटाई के कारण मौत का मामला सामने आया है। दरअसल नये साल से एक दिन पहले दो परिवारों के बीच झगड़ा व मारपीट हुई थी। दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रॉस केस दर्ज किये गये थे। गुरुवार सुबह 70 वर्षीय सावित्री देवी की तबीयत बिगड़ गई। उन्हें नोएडा के अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

न्यू अशोक नगर थाना इलाके की घटना

पुलिस के अनुसार 30-31 दिसंबर की मध्यरात्रि न्यू अशोक नगर पुलिस को दो परिवारों के बीच झगड़े की सूचना प्राप्त हुई थी। उक्त घटना पर दो क्रॉस मामले दर्ज किए गए थे। आज सावित्री देवी पत्नी लेफ्टिनेंट प्रेम सिंह को कुछ स्वास्थ्य समस्याओं के कारण उनके परिवार के सदस्यों द्वारा मेट्रो अस्पताल, नोएडा ले जाया गया जहां उन्हें डॉक्टर द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा। उसके आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

बच्चे की अपहरण के बाद हत्या का फरार आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली। अपराध शाखा की सेंट्रल रेंज द्वारा बच्चे की अपहरण के बाद हत्या के आरोपी को गिरफ्तार किया है। इसे आजीवन कारावास की सजा हो चुकी थी। फर्लो मिलने के बाद इसने आत्मसमर्पण नहीं किया और फरार हो गया था। आरोपी बाबू लाल उर्फ पप्पू निवासी मॉडल टाउन जनवरी से फरार था। पुलिस के अनुसार 2005 में आरोपी बाबू लाल द्वारा एक छह साल के लड़के का अपहरण और हत्या कर दी गई थी। इस संबंध में मॉडल टाउन थाने में केस दर्ज किया गया था। न्यायालय द्वारा अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। 15 दिसंबर 2023 को उच्च न्यायालय द्वारा दी गई फर्लो पर इसे जेल से रिहा किया गया था। इसे 26 जनवरी को फर्लो अवधि पूरी होने के बाद आत्मसमर्पण करना था, लेकिन उसने आत्मसमर्पण नहीं किया और फरार हो गया। वह नाम बदल कर अपनी पत्नी के साथ पूर्वी यूपी में रहने लगा। हाल ही में इसकी पत्नी ने एक बच्चे को भी जन्म दिया है। इस बुधवार सुबह करीब 11 बजे मुखबिर की निशानदेही पर जेजे क्लस्टर, हनुमान मंदिर, मॉडल टाउन के पास से पकड़ा गया।

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82Cr. P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मंथन उर्फ बोबी, पुत्र श्री राम चन्दर, निवासी मकान नंबर ई–88, गली नंबर 11, राजा पुरी, दिल्ली** ने **FIR No. 725/19, U/S 380/411/34 IPC, अन्तर्गत थाना द्वारका उत्तर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मंथन उर्फ बोबी** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मंथन उर्फ बोबी,** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 725/19, U/S 380/411/34 IPC, अन्तर्गत थाना द्वारका उत्तर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मंथन उर्फ बोबी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **05.02.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
सुश्री नीतिका कपूर
न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी–06
दक्षिण–पश्चिम जिला, न्यायालय संख्या 514
द्वारका न्यायालय, नई दिल्ली

DP/17166/DW/2024 (Court Matter)

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा **84 Cr.P.C.** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **संजीत सिंह उर्फ काके, पताः** मकान नं. I–1, मजनू का टीला, सिविल लाइन्स, दिल्ली और कस्तूरबा नगर, शाहदरा, नई दिल्ली ने **FIR No. 121/2019,** थानाः मायापुरी दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **संजीत सिंह उर्फ काके** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **संजीत सिंह उर्फ काके** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 121/2019,** थानाः मायापुरी दिल्ली के उक्त अभियुक्त **संजीत सिंह उर्फ काके** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **01.02.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री पी. भार्गव राव, एलडी.
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03
जिला पश्चिमी, कमरा नं. 292
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/11/WD/2025
(Court Matter)

आतिशी व केजरीवाल की मंदिर तोड़फोड़ राजनीति को एलजी सचिवालय ने बताया सांप्रदायिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली

मुख्यमंत्री आतिशी व पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल द्वारा की जा रही मंदिर तोड़ने से रोकने जैसे संवेदनशील बयानबाजी को उपराज्यपाल सचिवालय ने सांप्रदायिक रंगत वाले सस्ते राजनीतिक खेल बताया है। एलजी सचिवालय ने पलटवार करते हुए कुछ दस्तावेज जारी किए है जिसमें खुद सीएम रहते हुए अरविंद केजरीवाल ने जारी करते हुए कई मंदिरों को तोड़ने के लिए मंजूरी के लिए भेजा। राजनिवास की तरफ से कहा गया है कि आप नेता एवं विधायक अरविंद केजरीवाल, मुख्यमंत्री आतिशी और आम आदमी पार्टी द्वारा चलाए जा रहे दिखावे और सांप्रदायिक रंगत वाले सस्ते राजनीतिक खेल का पर्दाफाश हो गया है। सचिवालय ने दस्तावेज पेश करते हुए कहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने स्वयं 8 फरवरी 2023 को दिल्ली के विभिन्न हिस्सों में बने 9 मंदिरों को गिराने की सिफारिश की थी। केजरीवाल और तत्कालीन गृह मंत्री मनीष सिसोदिया ने इन 9 मंदिरों को गिराने के लिए धार्मिक समिति की सिफारिशों को मंजूरी भी दे दी थी। केजरीवाल द्वारा गिराए जाने के लिए स्वीकृत 9 मंदिरों में से 7 मंदिर करावल नगर क्षेत्र में और 2 मंदिर न्यू उस्मानपुर क्षेत्र में थे। इससे पहले 23 जून 2016 को तत्कालीन गृह मंत्री सत्येंद्र जैन ने भी दिल्ली के विभिन्न हिस्सों में 8 मंदिरों को गिराने की मंजूरी दी थी। दस्तावेजों से पता चलता है कि कुल मिलाकर 22 मंदिरों सहित 24 हिंदू धार्मिक संरचनाओं और सिर्फ 1 मुस्लिम धार्मिक संरचनाओं को केजरीवाल और उनके मंत्रियों द्वारा 2016 से 2023 तक ध्वस्त करने की मंजूरी दी गई थी। एलजी सचिवालय की मानें तो दिलचस्प बात यह है कि 17 जुलाई 2017 को सत्येंद्र जैन ने धार्मिक भावनाओं और संवेदनशीलता का हवाला देते हुए 2 अज्ञात मजारों को ध्वस्त करने की धार्मिक समिति की सिफारिशों को खारिज कर दिया था। इस तथ्य के बावजूद कि समिति ने उक्त संरचनाओं का कोई ऐतिहासिक महत्व नहीं पाया था और केवल 5-10 लोग हर हफ्ते उन मजारों का दौरा करते थे।

आतिशी ने दिल्ली के 5 खिलाड़ियों व एक कोच को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार ने 2024 के ओलंपिक और पैरालंपिक में भारत का मान बढ़ाने वाले दिल्ली के 5 खिलाड़ियों व एक कोच को नकद प्रोत्साहन योजना के तहत एक तय राशि देकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री आतिशी ने खिलाड़ी शरद कुमार को 2 करोड़ रुपए, अमन को 1 करोड़ रुपए, शरद कुमार के कोच सजल कुमार राय, तूलिका मान और विकास सिंह को 10- 10 लाख रुपए और अमोज जैकब को 5 लाख रुपए का चेक देकर सम्मानित किया। सरकार की तरफ से इन खिलाड़ियों में 3 करोड़ 35 लाख रुपए वितरित किए गए। इस अवसर पर दिल्ली स्पोर्ट्स स्कूल के बच्चे भी मौजूद रहे। पुरस्कृत हुए खिलाड़ियों ने इन बच्चों को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेलों में सफलता प्राप्त करने के लिए टिप्स दिए। साथ ही, बच्चों के सवालों के जवाब भी दिए। इस दौरान सीएम आतिशी ने कहा कि पिछले 10 साल में "आप" की सरकार ने दिल्ली के अंदर नए और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने के लिए ज्यादा से ज्यादा मदद करने की कोशिश की है।

दिल्ली की सीएम आतिशी ने कहा कि मुझे कई बार लगता है कि हमारे खिलाड़ी जो दिन-रात मेहनत करते हैं, अपने टारगेट को पाने के लिए लगे रहते हैं, प्रतियोगिताओं में जाते हैं। कई बार उन्हें भी यह अंदाजा नहीं होता होगा कि जब वह ओलंपिक्स या किसी भी अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता के उस लेवल तक पहुंचते हैं, तो इस देश के करोड़ों लोग उन्हें कितनी उम्मीद से देख रहे होते हैं। देश के ऐसे करोड़ों लोग हैं, जो लगातार हमारे सभी एथलीट्स के गेम से जुड़े रहते हैं। जब भी कोई भारतीय खिलाड़ी मेडल लेकर आता है, पोडियम पर उसे मेडल पहनाया जाता है और भारत का तिरंगा झंडा ऊपर उठता है, तो वह ऐसा पल होता है जब पूरा देश एक होता है। उस वक्त देश में कोई ऐसा व्यक्ति नहीं होता जिसकी आंखें न भर आई हों। इस देश को साथ लाने और दिल से जोड़ने के लिए जो भूमिका खिलाड़ी निभाते हैं, शायद कोई और नहीं निभा सकता।

दुष्कर्म मामले में वांछित युवक बिहार से दबोचा

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने चार साल पुराने दुष्कर्म के एक मामले में वांछित 24 वर्षीय एक व्यक्ति को बिहार के मुजफ्फरपुर से गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह मामला एक नाबालिग लड़की के अपहरण से जुड़ा हुआ है। पीड़िता (14) ने बाद में अपने भाई और उसके दोस्त पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया जिसके बाद इस सिलसिले में उनके खिलाफ 11 अक्टूबर, 2021 को कापसहेड़ा पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने बताया कि पीड़िता के भाई को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया, जबकि मुख्य आरोपी फरार था। पुलिस ने बताया कि 11 अक्टूबर 2021 को अदालत ने उसे भगोड़ा अपराधी घोषित कर दिया था।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि मुख्य आरोपी के बिहार के मुजफ्फरपुर में रहने की सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम ने ग्रामीणों का वेश धारण कर उस क्षेत्र का दौरा किया।

उन्होंने उसकी गतिविधियों पर नजर रखी, क्योंकि वह गिरफ्तारी से बचने के लिए बार-बार अपना ठिकाना बदल रहा था। 31 दिसंबर को पुलिस की टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	विभाग का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि	राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में	विभाग की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल
1	लोनिवि भ व प फतेहाबाद	फतेहाबाद जिले में गांव कन्हेरी में राजकीय पशु चिकित्सा डिस्पेंसरी का निर्माण।	30.12.2024 07.01.2025	24.45 लाख	https://etenders.hry.nic.in	01667-220120 pwd-eepd-fatehabad@hry.nic.in
2	लोनिवि भ व प फतेहाबाद	फतेहाबाद जिले में गांव साधनवास में राजकीय पशु चिकित्सा डिस्पेंसरी का निर्माण।	30.12.2024 15.01.2025	25.48 लाख	https://etenders.hry.nic.in	01667-220120 pwd-eepd-fatehabad@hry.nic.in
3	वन विभाग हरियाणा पंचकूला	कलेसर नेशनल पार्क, जिला यमुनानगर में आईडब्ल्यूएल कार्यालय में इंटरलॉक टाइल का निर्माण, कलेसर नेशनल पार्क, जिला यमुनानगर में फायरलाइंस की क्लीयरिंग।	31.12.2024 08.01.2025	15.29 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9815109078 pccfwlhry@gmail.com
4	वन विभाग हरियाणा पंचकूला	कलेसर नेशनल पार्क, जिला यमुनानगर में फायरलाइंस की क्लीयरिंग।	31.12.2024 08.01.2025	96.87 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9815109078 pccfwlhry@gmail.com
5	पंचायती राज झज्जर	गांव कुलाना में ग्राम सचिवालय में चौकीदार कमरे का निर्माण + 12 कार्य।	31.12.2024 08.01.2025	189.48 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in
6	महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा	7500 और उससे अधिक की जनसंख्या वाले ग्राम पंचायत और महाग्राम्स में 298 अदद होप्पर टिप्पर डम्पर की अधिप्राप्ति के लिए वार्षिक दर अनुबंध निश्चित करना।	03.01.2025 03.02.2025		https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in	0172-2570123 supplies@hry.nic.in

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच–11/2025/120/31468/I/88/7 दि. 02.01.25

खबर संक्षेप

टीपीडीडीएल ने पुलिस के साथ मिलाया हाथ

नई दिल्ली। निजी बिजली आपूर्ति कंपनी टाटा पावर डीडीएल (टीपीडीडीएल) ने महिलाओं की सुरक्षा सहित सार्वजनिक सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने के लिए दिल्ली पुलिस से हाथ मिलाया है। समझौता ज्ञापन पर टाटा पावर दिल्ली के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गजानन एस काले और दिल्ली पुलिस के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त व जनसंपर्क अधिकारी संजय कुमार त्यागी ने हस्ताक्षर किए। इस बारे में टीपीडीडीएल के प्रवक्ता सुशील देव ने बताया कि कंपनी ने अपनी सार्वजनिक जिम्मेदारी के तहत महिलाओं की सुरक्षा सहित सार्वजनिक सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने के लिए दिल्ली पुलिस के साथ समझौता किया है। समझौते के तहत विद्युत सुरक्षा, सड़क सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, महिला सुरक्षा और अपराध की रोकथाम सहित विभिन्न सुरक्षा मुद्दों को शामिल किया जाएगा।

दिल्ली विश्वविद्यालय फाउंडेशन के 'समर्पण समारोह' का आयोजन कल

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय फाउंडेशन, जो दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा स्थापित सेक्शन 8, भारतीय कंपनी एक्ट 2013 के तहत एक गैर-लाभकारी कंपनी है। दिल्ली विश्वविद्यालय फाउंडेशन द्वारा अपने प्रथम 'समर्पण समारोह' का यह प्रतिष्ठित कार्यक्रम कल शनिवार 4 जनवरी, 2025 को सुबह 10:00 बजे दिल्ली विश्वविद्यालय के कन्वेंशन हॉल में आयोजित होने वाला है। इस कार्यक्रम में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान मुख्य अतिथि होंगे। डीयू प्रशासन की तरफ गुरुवार को यह जानकारी दी गई। इस समारोह में दानदाताओं द्वारा किये गए परोपकार और सामाजिक सेवा के प्रति उनके उत्कृष्ट कार्यों को एक उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। यह गौरवपूर्ण आयोजन दिल्ली विश्वविद्यालय की छात्राएं, जो की अनाथ अथवा एकल अभिभावक की बेटियों को, और दृष्टिबाधित छात्रों को लैपटॉप और टैबलेट वितरण का भी साक्षी बनेगा। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय को पूर्णतः समर्पित एक एम्बुलेंस का अनावरण एवं 'कमेमोरेटिव वॉल्यूम ऑफ़ डोनर्स क्रॉनिकल, 2024' का विमोचन भी किया जाएगा।

बढ़ने लगा वायु प्रदूषण का ग्राफ, कई जगह 340 तक पहुंचा एक्यूआई

नई दिल्ली। दिल्ली में इन दिनों जहां कड़ाके की ठंड और कोहरे ने परेशान कर रखा है। वहीं अब एक बार फिर वायु प्रदूषण का ग्राफ भी बढ़ने लगी है जिसने दिल्ली वालों की परेशानी बढ़ा दी है। गुरुवार को दिल्ली में कई जगहों पर प्रदूषण का स्तर बहुत खराब श्रेणी में 340 तक दर्ज हुआ। आंकड़ा बता रहे है कि कई दिनों राहत के बाद दिल्ली एनसीआर में पुन वायु प्रदूषण का स्तर (एक्यूआई) बढ़ने लगा है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार दिल्ली में गुरुवार सुबह एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 278 दर्ज किया गया जो खराब श्रेणी में आता है। वहीं कई स्थानों पर यह आंकड़ा 300-340 एक्यूआई यानी बहुत खराब श्रेणी की जहरीली हवा ने परेशानी बढ़ा दी।

भाजपा ने साधा आम आदमी पार्टी पर निशाना

सचदेवा ने 'फर्जी वोटर्स से इश्क है' पोस्टर किया जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने गुरूवार को एक प्रेसवार्ता में पार्टी की ओर से एक नया चुनावी पोस्टर 'फर्जी वोटर्स से इश्क है' जारी करके आम आदमी पार्टी (आप) के मुखिया और पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल के साथियों के नकली वोट बनाने के मामले उजागर किए। सचदेवा ने कहा कि केजरीवाल और उनके साथियों के राजनीतिक गुनाह बहुत ज्यादा है जो दिल्ली को कड़ी दर कड़ी बर्बाद करने की साजिश कर रहे हैं। इन्हीं में से एक हैं आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह, अपनी पत्नी अनीता सिंह का वोट कटवाने का झूठा आरोप भाजपा पर लगाने वाले संजय सिंह बताए कि आखिर उनके वोट कहां कहां हैं। सचदेवा ने कहा है कि केजरीवाल ने गत दस साल में खुद को फर्जी वोटों का चाहे वह बंगलादेशी मुसलमान हों या रोहिंग्या हो या डबल वोटर हों, का मसीहा साबित कर दिया है। मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर द्वारा संचालित प्रेसवार्ता में मीडिया रिलेशन प्रमुख विक्रम मित्तल और दिल्ली भाजपा की चुनाव आयोग सम्पर्क कमेटी संयोजक संकेत गुप्ता भी उपस्थित थे।

फर्जी वोट के लिए सांसद संजय सिंह पर कानूनी कार्रवाई की मांग : सचदेवा

सचदेवा ने कहा कि वोटर लिस्ट में फर्जीवाड़ा करने वाले संजय सिंह खुद चुनाव आयोग के अधिकारियों को धमका रहे हैं। अपनी पत्नी अनिता सिंह को लेकर संजय सिंह का दावा कि 4 जनवरी 2024 में उनका नाम सुल्तानपुर से कट गया है लेकिन 8 जनवरी 2024 को सांसद शपथ पत्र देते हैं तो उसमे अनिता का वोट सुल्तानपुर में रजिस्टर्ड दिखाते है। सचदेवा ने चुनाव आयोग और दिल्ली पुलिस से मांग की है कि फर्जी वोट के लिए संजय सिंह पर कानूनी कार्रवाई की जाए।

महापौर की पत्नी के दो नाम

सचदेवा ने कहा कि दिल्ली के महापौर महेश कुमार ने अपनी पत्नी के दो नाम से दो वोट एक ही घर में बनवा रखे हैं। एक जगह उनकी पत्नी का नाम ममता और दूसरी जगह निधि है और दोनों जगह एक ही महिला की फोटो है।

भाजपा वाले जाकर खुद सुल्तानपुर की वोटर लिस्ट भी करें चेक : संजय सिंह

आप के वरिष्ठ नेता व सांसद संजय सिंह ने वोट मामले में कहा कि भाजपा वाले जाकर खुद सुल्तानपुर की वोटर लिस्ट भी चेक करें। इसमें मेरी माता राधिका सिंह और पिता दिनेश सिंह का नाम है। इसके अलावा इस लिस्ट में न मेरा नाम है और न मेरी पत्नी का नाम है। मैंने सुल्तानपुर के उस पूरे बूथ की वोटर लिस्ट मंगा ली है। भाजपा के लोग इस वोटर लिस्ट में मेरा और मेरी पत्नी का नाम ढूंढ कर दिखाएं। जब हमने लिखकर आवेदन दे दिया। मेरी पत्नी ने 4 जनवरी 2024 को आवेदन दिया है और मैंने 2013 में सुल्तानपुर के जिला निर्वाचन आयोग के कार्यालय में आवेदन दिया कि हमारा वोट काट दिया जाए।

उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के फर्जीवाड़ा की श्रृंखला शुरु हो चुकी है और दिल्लीवाले भी समझ चुके हैं कि लोकतंत्र की हत्या दिल्ली में कौन कर रहा है। पंजाब और दिल्ली की जनता भी इनकी साजिश को समझ चुकी हैं।

पूर्वांचलियों को बांग्लादेशी-रोहिंग्या कहकर अपमानित करना बंद करे भाजपा : सिंह

नई दिल्ली। दिल्ली में वर्षों से रह रहे पूर्वांचल समाज के लोगों को बांग्लादेशी और रोहिंग्या बताकर उनका वोट कटवाने की कोशिश कर रही भाजपा पूर्वांचल समाज के लोगों को बांग्लादेशी और रोहिंग्या कहकर अपमानित करना बंद करे। हम किसी भी हाल में पूर्वांचल के लोगों का वोट काटने नहीं देंगे। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं सांसद संजय सिंह ने गुरुवार को पार्टी मुख्यालय पर आयोजित एक प्रेस वार्ता में भाजपा पर निशाना साधते हुए यह बातें कही। उन्होंने कहा कि भाजपा ने पूर्वांचलियों को रोहिंग्या बताकर शाहदरा में 11 हजार, जनकपुरी में 4,874, तुगलकाबाद में 2,435, पालम में 1,641, करवाल नगर में 3,260 समेत कई विधानसभाओं में हजारों वोट कटवाने के आवेदन दिए हैं। साथ ही, नई दिल्ली विधानसभा में रह रही मेरी धर्मपत्नी का वोट भी कटवाने का आवेदन भी दिया है और भाजपा कह रही है कि उनका सुल्तानपुर में भी वोट है। डिजिटल इंडिया की बात करने वाली भाजपा से कहना चाहता हूं कि वह सुल्तानपुर की वोटर लिस्ट को चेक कर ले। वहां मेरे माता-पिता के अलावा किसी का वोट नहीं है। यह भाजपा के कुकर्मों और पाप का लेखा-जोखा है। भाजपा को गलतफहमी है कि वह पूर्वांचल के हमारे भाइयों को बांग्लादेशी और रोहिंग्या कहेंगे, उन्हें गाली देंगे, उनका वोट कटवाएंगे और मैं चुप रहूंगा।

सेवानिवृत डीटीसी कर्मियों ने जंतर-मंतर पर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

अपनी मांगों के समर्थन में गुरुवार को डीटीसी एम्पलाइज यूनियन के बैनर तले सेवानिवृत डीटीसी कर्मियों ने जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया। इस बारे यूनियन के प्रेसिडेंट जी.के. सभरवाल और संगठन मंत्री प्यारे लाल ने बताया कि डीटीसी के सेवानिवृत बुजुर्ग कर्मियों को डीटीसी बोर्ड द्वारा पास किए गए पेंशन योजना को लागू करने के लिए दिल्ली सरकार के विरोध में जंतर-मंतर पर धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में सैकड़ों की संख्या में सेवानिवृत बुजुर्गों ने भाग लिया और अपनी मांगे पूरी करने की दिल्ली सरकार से अपील की। उन्होंने बताया कि संगठन की तरफ से दिल्ली सरकार को चेतावनी दी गई जल्द से जल्द उचित कार्यवाही नहीं की तो आने वाले चुनाव में सभी रिटायर्ड कर्मचारी सरकार के विरोध में वोट देकर अपना हक लेकर रहेंगे चाहे कुछ भी करना पड़े। जानकारी अनुसार सेवानिवृत्त कर्मचारियों की लंबे समय से मांग है कि पुरानी पेंशन लागू करें। इस मांग पर दिल्ली सरकार ने 31 अगस्त 2022 को डीटीसी बोर्ड द्वारा पेंशन योजना को लागू करने का आग्रह किया था। लेकिन कई अपीलों और दर दर भटकने के बावजूद डीटीसी बोर्ड के इस निर्णय को आज तक क्रियान्वित नहीं किया गया है। सरकार की इस अनदेखी के चलते सेवानिवृत्त कर्मचारियों को वित्तीय सहित कई अन्य तरह के संकट का सामना करना पड़ रहा है।

मुख्यमंत्री ने किया पंजाबी बाग फ्लाईओवर का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- लोगों को तीन रेड लाइट के जाम से मिलेगी निजात

आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार ने नए साल पर दिल्ली के लोगों को पंजाबी बाग क्लब रोड के 6 लेन के फ्लाईओवर की सौगात दी है। गुरुवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने इसके उद्घाटन पर यह बातें कही। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के तहत दो फ्लाईओवर बने हैं। इससे पहले 495 मीटर लंबे मोती नगर फ्लाईओवर का तत्कालीन सीएम अरविंद केजरीवाल उद्घाटन कर चुके हैं। सीएम आतिशी ने करीब एक किमी लंबे छह लेन के क्लब रोड फ्लाईओवर का उद्घाटन कर कहा कि इसके शुरू होने से हर साल 11 लाख लीटर पेट्रोल-डीजल बचेगा। इस एक फ्लाई ओवर को बनाकर दिल्ली सरकार ने 65 हजार पेड़ों के बराबर प्रदूषण कम किया है। साथ ही, इससे हर रोज दिल्लीवालों के 40 हजार घंटे बचेंगे। उन्होंने कहा कि इस फ्लाइओवर से नजफगढ़, आजादपुर, राजा गार्डन और पश्चिम विहार इलाके में रोज आने वाले 3 लाख से अधिक लोगों को तीन रेड लाइट के जाम से निजात मिलेगी। पिछले 10 साल में अरविंद केजरीवाल के मार्गदर्शन में दिल्ली सरकार ने दिल्ली में 39 फ्लाईओवर बनवाए हैं। इस अवसर पर विधानसभा की उपाध्यक्ष व आम आदमी पार्टी विधायक राखी बिड़लान और मोती नगर से विधायक शिव चरण गोयल समेत अन्य गणमान्य मौजूद रहे। मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि हम इस 6 लेन के फ्लाईओवर का उद्घाटन कर रहे हैं, जिसकी कुल लंबाई 1.12 किलोमीटर है। यह नजफगढ़ नाले से ईएसआई अस्पताल को पार करता है। इस फ्लाईओवर से आजादपुर, राजा गार्डन, पश्चिम विहार, नजफगढ़, ईएसआई अस्पताल इलाके में आने-जाने वाली गाड़ियों, बसों और दोपहिया वाहनों को बहुत आराम मिलेगा।

यह फ्लाईओवर एक बड़ी परियोजना का हिस्सा है। इससे पहले रिंग रोड से लगते हुए मोती नगर फ्लाईओवर को वन साइडेड फ्लाईओवर से डबल फ्लाईओवर बनाया गया था।

डूटा ने मुख्यमंत्री को पत्र लिख की वेतन जारी करने की मांग

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (डूटा) ने एक बार फिर से दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी को पत्र लिखकर वेतन के लिए चौथी तिमाही का अनुदान जारी करने और इन कॉलेजों में शिक्षकों की नियमितीकरण की प्रक्रिया भी तत्काल आरंभ करने की भी मांग की है। डूटा अध्यक्ष प्रो. ए.के. भागी ने गुरूवार को जारी बयान में कहा कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा वित्त पोषित कॉलेजों में यह प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, लेकिन दिल्ली सरकार द्वारा वित्तपोषित 12 कॉलेजों में अभी तक यह प्रक्रिया फंड कटौती और दिल्ली सरकार की शिक्षक विरोधी सेल्फ-फाइनेंसिंग नीति के कारण लंबित है। डूटा ने बताया कि पिछले कई साल से डूटा दिल्ली सरकार के वित्त पोषित बारह कॉलेजों में नियमित और पर्याप्त अनुदान की मांग को लेकर संघर्षरत है। दिल्ली सरकार वित्त पोषित बारह कॉलेजों में अनियमित और अपर्याप्त अनुदान के कारण इन कॉलेजों के शिक्षक और कर्मियों को समय पर वेतन नहीं मिल रहा है और अन्य भत्तों के भुगतान भी लंबित हैं।

मुबारकपुर डबास के मुख्य बस स्टॉप पर यूरिनल की मांग, लोगों को होना पड़ रहा है परेशान

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम के रोहिणी जोन के अंतर्गत वार्ड संख्या 39 मुबारकपुर डबास के मुख्य बस स्टॉप पर पिछले तीन वर्षों से पेशाब घर (यूरिनल्स) न होने से दैनिक यात्रियों एवं पार्क में वॉक करने वाले एवं बुजुर्ग लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। चौगामा विकास समिति के महासचिव विजेंद्र सिंह डबास ने बताया कि यहां दिन भर पार्क में बैठ कर अपना समय व्यतीत करते हैं उनको पेशाब घर न होने से भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यात्री एवं अन्य दूसरे लोग खुले में इधर-उधर पेशाब करते रहते हैं इससे वातावरण तो प्रदूषित होता ही है साथ में महिलाएं बच्चे आदि यहां से गुजरते हैं उन्हें बहुत शर्मिंदगी महसूस होती है। समिति के महासचिव विजेंद्र सिंह डबास ने दिल्ली के उपराज्यपाल, दिल्ली नगर निगम आयुक्त के साथ ही रोहिणी जोन के उपायुक्त को एक पत्र भेजकर जल्द से जल्द यहां पर पेशाब घर बनवाने की मांग की है। वहीं, इस संबंध में एमसीडी से प्रतिक्रिया में कोई जानकारी नहीं दी। समिति के महासचिव विजेंद्र सिंह डबास ने बताया कि वर्ष 2014 में तब के तत्कालीन निगम पार्षद ने मुख्य बस स्टॉप पर एक पेशाब घर (यूरिनल्स) बनवाया था, जिसमें एक साथ चार लोग पेशाब कर सकते थे लेकिन वह चार वर्ष में ही देखभाल के अभाव में खस्ता हाल हो गया। तो दिल्ली नगर निगम के क्षेत्रीय अधिकारियों ने उसे खतरनाक घोषित कर इसका इस्तेमाल करने पर प्रतिबंध लगा दिया और उसकी दीवारों पर भी लिख दिया गया था कि इसका इस्तेमाल करना बंद है। अब एक वर्ष तक तो लोग उसका इस्तेमाल करते रहे परंतु वर्ष 2021 में एम सी डी ने तोड़कर उसे वहां से हटा दिया गया। इसके बाद दिल्ली नगर निगम को कई बार लिखा लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

आईपी यूनिवर्सिटी के एमटेक प्रोग्राम में दाखिले का अवसर

नई दिल्ली। आईपी यूनिवर्सिटी ने जनवरी 2025 सत्र के लिए एम टेक प्रोग्राम में दाखिले की प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह एम टेक सीएसई, आईटी, ईसीई, रोबोटिक्स एवं ऑटमेशन, केमिकल एंजिनीरिंग, बॉयोटेक्नॉलोजी, फ़ूड प्रॉसेसिंग टेक्नॉलोजी में उपलब्ध है। आईपीयू प्रशासन ने गुरूवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि यूनिवर्सिटी के दोनों कैम्पस में यह प्रोग्राम उपलब्ध है। गेट उत्तीर्ण और बिना गेट वाले दोनों अभ्यार्थी इस प्रोग्राम में दाखिले के लिए आवेदन कर सकते हैं। बिना गेट वाले अभ्यार्थी को प्रवेश परीक्षा देना होगा। ऑफ़लाइन आवेदन की प्रक्रिया 6 जनवरी से शुरू हो जाएगी। आवेदन की अंतिम तिथि 20 जनवरी है। इस प्रोग्राम में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा 25 जनवरी को आयोजित की जाएगी। 10 फरवरी से सत्र शुरू हो जाएगा।

नेता विपक्ष ने भूजल के गिरते स्तर को लेकर प्रकट की चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने राजधानी में निरंतर गिर रहे भूजल के स्तर को लेकर अपनी गंभीर चिंता प्रगट की है और इसके लिये दिल्ली सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की आम आदमी पार्टी की सरकार की नाकामियों के चलते दिल्ली में पीने के पानी का संकट और ज्यादा गहरा गया है और भूजल के संरक्षण के लिये भी दिल्ली सरकार ने कोई योजना तैयार नहीं की है। पिछले दस साल से सरकार ने अपना सारा वक्त और ऊर्जा भ्रष्टाचार के नये नये तरीके ईजाद करने में लगाई है और सरकार की निष्क्रियता का खामियाजा दिल्ली की जनता को भोगना पड़ रहा है। विजेंद्र गुप्ता ने 'सेंट्रल ग्राउंड वाटर बोर्ड' की हालिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए दिल्ली सरकार पर भूजल प्रबंधन में विफलता का आरोप लगाया। सरकार की लापरवाही के कारण राजधानी के नागरिक गंभीर भूजल संकट का सामना कर रहे हैं। उन्होंने सरकार को चेताया है कि यदि इस दिशा में तुरंत कदम नहीं उठाए गए तो दिल्ली में स्थिति और बिगड़ सकती है। उन्होंने कहा कि राजधानी के कुछ क्षेत्रों में भूजल का दोहन उपलब्ध मात्रा से भी ज्यादा किया जा रहा है। यह समस्या औद्योगिक और घनी आबादी वाले क्षेत्रों में और गंभीर हो गई है।

कड़ाके की सर्दी और कोहरे की मार झेल रही दिल्ली, और गिरेगा न्यूनतम पारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में पड़ रही कड़ाके की सर्दी और कोहरे की मार झेल रहे दिल्ली वालों की परेशानी और बढ़ने वाली है। पहाड़ों में हो रही भारी बर्फबारी के बाद दिल्ली में अब तापमान और गिरेगा, हाड़ कंपकंपा देने वाली शीतलहर चलेगी। संभावना है कि 6 जनवरी 2025 को दिल्ली में बारिश की संभावना भी बन रही है। इस बारे में प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार गुरुवार को न्यूनतम तापमान 6.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य से 1 डिग्री कम है। वहीं अधिकतम तापमान 16.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 3 डिग्री नीचे है। आईएमडी ने बताया कि सुबह के समय दिल्ली के कई हिस्सों में घने कोहरे के कारण विजिबिलिटी 100-500 मीटर के बीच दर्ज हुई। वहीं घने कोहरे के कारण दिल्ली के आईजीआई हवाई अड्डे पर सुबह के समय रनवे पर विजिविलिटी घटकर महज 200 से 500 मीटर के बीच रहने से कई उड़ानों पर प्रभाव पड़ा। बकायदा आईजीआई प्रबंधन ने यात्रियों का सोशल मीडिया पर पोस्ट कर जानकारी दी। आईएमडी की मानें तो आने वाले समय में हवाओं की गति और तेज हो जाएगी। कहा जा सकता है कि वर्तमान में चल रही हवा, दोगुनी गति से चलने की संभावना है।

खबर संक्षेप

प्रोफेसर की नौकरी के नाम पर 26 लाख ठगे

गुरुग्राम। उद्योग विहार थाना एरिया में एक युवती को डीयू में सहायक प्रोफेसर लगवाने के नाम पर

जालसाजों ने 26 लाख रुपए ठग लिए। आरोपियों से पैसे वापस मांगे तो उन्होंने युवती के भाई को जान से मारने की धमकी दी। युवती के भाई की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। पूजा ने वर्ष 2023 में पूजा यादव ने दिल्ली यूनिवर्सिटी में सहायक प्रोफेसर के पद के लिए आवेदन किया हुआ था।

वाहन की टक्कर से एक की मौत

गुरुग्राम। सुशांतलोक एरिया में तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से बाइक सवार अस्पताल कर्मी की

मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और कार्रवाई शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में बिहार के बॉका निवासी बलराम राय ने कहा कि वह गुरुग्राम के सुशांतलोक-1 में परिवार सहित रहता है। बड़ा बेटा नितेश मैक्स हस्पताल में सैंपल कलैक्शन की नौकरी करता था।

पड़ोसी ने की थी युवक की पीटकर हत्या, गिरफ्तार

गाजियाबाद। थाना मुरादनगर पुलिस ने 35 वर्षीय युवक की पीटपीट कर हत्या करने वाले आरोपी की गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे में प्रयुक्त आलाकत्ल डंडा बरामद किया है। एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि थाना मुरादनगर पर बुधवार को चौकी रावली अन्तर्गत ग्राम मिलक रावली में विनोद (35 वर्ष) की किसी ने हत्या कर दी है। फील्ड यूनिट को बुलाते हुए तत्काल थाना मुरादनगर पुलिस द्वारा मौके पर पहुँच कर आस पास के लोगों से पूछताछ करने पर यह ज्ञात हुआ कि मृतक शराब पीने का आदी था।

खाटू श्याम विशाल जागरण आयोजन में झांकियों ने मनमोहा, कलाकारों ने दी एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां, रात भर जमे रहे भक्त

लेने आजा खाटू वाले रिंगस के उस मोड़ पे ...जैसे भजनों पर रात भर थिरके श्रद्धालु, किया नववर्ष 2025 का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

श्री श्याम कृपा सेवा मंडल फरीदाबाद द्वारा बीती रात नववर्ष 2025 के स्वागत पर एनआईटी। 5 मुंगफली चौक पर खाटू श्याम का विशाल जागरण का आयोजन किया गया। बाबा का विशाल भव्य दरबार विभिन्न प्रकार के फूलों व लाइटों से सजाया गया।

बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। जागरण के दौरान भक्त खाटू श्याम की जय, तीन बाणधारी की जय, हारे के सहारे की जय के जयकारे लगाते रहे। आयोजन कमेटी की सेवादार रेखा अरोड़ा, मनोज अरोड़ा, कल्पना सिंह और

बाबा का विशाल भव्य दरबार विभिन्न प्रकार के फूलों व लाइटों से सजाया गया

गौरव ठकराल, शिव ठने बताया कि आयोजित कार्यक्रम में फरीदाबाद के प्रसिद्ध अमन म्यूजिकल ग्रुप के भजन गायकों गुलशन अरोड़ा, सन्नी डाबरा, कृष्णा दिवानी, ध्रुव ठाकुर और दिल्ली से आए प्रसिद्ध गायक यश राजपूत ने अपनी मधुरवाणी से लेने आजा खाटू वाले रींगस के उस मोड़ पर, तू किरपा कर बाबा कीर्तन करवाउंगा, कीर्तन की है रात बाबा, सेठों के सेठ खाटू नरेश, दिवाना खाटू का जैसे एक के बाद एक मनमोहक बाबा खाटू श्याम के भजनों से गुणगान कर श्रद्धालुओं को मंत्र मुग्ध किया। पूरी रात श्रद्धालु बाबा खाटू श्याम के भजनों पर झूमते गाते रहे।

वातावरण श्याम मय हो गया।कार्यक्रम में समिति के सदस्यों ने मुख्य सभी सेवादारों और कलाकारों का श्याम का पट्का गले में डालकर सम्मान किया और स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण भगवान भोलेनाथ, श्री कृष्ण, राधा रानी, काली माता और हनुमान अदभुत झांकियां रही। झांकियों प्रस्तुत करने वाले कलाकारों द्वारा भजनों पर किए गए नृत्य ने भक्तों का मनमोह लिया और भक्तों ने कलाकारों के साथ नृत्य का आनंद लिया।

फरीदाबाद, बल्लभगढ़ व बड़खल उपमंडल सहित ननि में भी आयोजित हो रहे हैं समाधान शिविर

डीसी विक्रम ने कहा- समस्याओं के समाधान की नई राह बन रहा समाधान शिविर

समाधान शिविर में वीरवार को एसडीएम फरीदाबाद शिखा ने नागरिकों की समस्याओं पर सुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार डीसी विक्रम सिंह के मार्गदर्शन में समाधान शिविर के माध्यम से जन सुनवाई करते हुए जरूरतमंद लोगों की सार्वजनिक व व्यक्तिगत शिकायतों का प्राथमिकता से निदान किया जा रहा है। जिला मुख्यालय व उपमंडल स्तर पर प्रतिदिन कार्य दिवस पर सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक लगाए जा रहे समाधान शिविर में लोगों की शिकायतों का समाधान किया जा रहा है। समाधान शिविर में वीरवार को एसडीएम फरीदाबाद शिखा ने नागरिकों की समस्याओं पर सुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिला स्तरीय समाधान शिविर में आई शिकायतों का अधिकांश का मौके पर ही निदान कर दिया गया और शेष पर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए गए।

एसडीएम फरीदाबाद शिखा ने सुनी समाधान शिविर में शिकायतें, अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही निदान किया गया

समाधान शिविर में शिकायतों का जल्द समाधान किया जाए

एसडीएम फरीदाबाद शिखा ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि समाधान शिविर में संबंधित विभागों के उच्चाधिकारी मौके पर उपस्थित रहे ताकि शिकायतों का जल्द निपटारा किया जा सके और शिकायतकर्ताओं को समाधान होने पर जानकारी दी जाए। इनमें प्रमुख तौर पर प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, जमीन का पंजीकरण, लोकल बॉडी का नो ड्यूज सर्टिफिकेट, म्युनिसिपल कमेटी से नक्शा अनुमोदन, बिजली-सिंचाई-सार्वजनिक स्वास्थ्य, समाज कल्याण पेंशन तथा अपराध की शिकायतें और राशन कार्ड को शामिल किया गया है। इनसे संबंधित हर प्रकार की शिकायतों के समाधान के लिए समाधान शिविर में संपर्क किया जा सकता है।

लाल डोर आबादी की प्रॉपर्टी दस्तावेजों का डेटा कलेक्शन का कार्य कैंप के माध्यम से प्रत्येक निगम जोन में शुरू

फरीदाबाद। नगर निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास ने हरियाणा सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशानुसार पर सभी कराधान अधिकारियों की तरफ से अपने अपने क्षेत्रों में लाल डोरा, आबादी वाली प्रॉपर्टी का सेल्फ सर्टिफाइड करवाने का कार्य कैंप के माध्यम से शुरू कर दिया गया है। गुरुवार को ओल्ड जोन 2 के गांव अगवानपुर और गांव पल्ला में भी कैंप लगाए गया। प्रॉपर्टी सर्टिफिकेट के लिए प्रॉपर्टी मालिकों को अपने 10 वर्ष से अपनी प्रॉपर्टी में रहने का प्रमाण देना होगा जिसमें मुख्य रूप पिछले 10 वर्षों का बिजली या 10 साल का पानी का बिल या ऐसा दस्तावेज जो राजस्व अधिकारी द्वारा सत्यापित हो और आबादी दे लाल डोरा में स्वामित्व का स्पष्ट रूप से उल्लेख करता हो। नगर निगम आयुक्त ए मोना श्रीनिवास के दिशा-निर्देश पर विभाग द्वारा प्रॉपर्टी मालिकों से डाटा कलेक्शन का कार्य घर-घर जाकर भी जाकर किया जा रहा है। ताकि समय पर नगर निगम क्षेत्र में यह कार्य जल्द से जल्द पूरा किया जा सके।

प्रॉपर्टी टैक्स जमा न करने वाले मालिकों पर हुई नगर निगम की बड़ी कार्रवाई, 12 प्रॉपर्टी सील

फरीदाबाद। नगर निगम के कराधान विभाग फरीदाबाद जोन-1 द्वारा सेक्टर 7 मार्किट, वही एक निजी मॉल के अंदर शॉप नंबर एसए-15 और 18 और एलजी-06 सहित करीब 12 प्रॉपर्टी जिनके ऊपर लगभग 66,75,659 राशि बकाया हैं उन पर सीलिंग की कार्यवाही की गई है। निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास ने सभी कराधान अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए है कि अपने अपने संबंधित क्षेत्र में प्रॉपर्टी टैक्स जमा न करने वाले लोगों को नोटिस जारी करें ताकि वे अपना प्रॉपर्टी टैक्स समय रहते जमा करा सकें, अन्यथा ऐसे प्रॉपर्टी मालिकों पर प्रॉपर्टी सीलिंग की कार्यवाही की जाएगी। नगर निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास ने कहा कि आमजन से अपील की कि वह समयानुसार अपना प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवाएं। ताकि वह निगम द्वारा की जाने वाली आगामी कार्यवाही से बच सके। उन्होंने कहा की नगर निगम को प्राप्त होने वाला यह टैक्स शहर के विकास के लिए प्रॉपर्टी मालिकों से लिया जाता है। समय पर टैक्स जमा होगा तो शहर का विकास भी बेहतर होगा।

मंत्री नागर ने मोठूका में धरने पर बैठे लोगों को दिखाया एनटीपीसी का प्रजेंटेशन

मोठूका के स्थान पर कहीं और कूड़ा प्लांट की संभावना तलाशें अधिकारी : मंत्री नागर

फरीदाबाद। समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनते हुए एसडीएम फरीदाबाद।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

प्रदेश के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री राजेश नागर ने मोठूका में कूड़ा प्लांट के विरोध में धरनारत लोगों के साथ मुलाकात की और एनटीपीसी एवं निगम अधिकारियों के साथ एक प्रजेंटेशन दिखाई, लेकिन लोगों ने अपनी सहमति नहीं प्रदान की जिस पर नागर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह प्लांट लगाने के लिए कहीं और संभावना तलाशें।

मंत्री राजेश नागर के साथ पहुंचे एनटीपीसी एवं निगम अधिकारियों ने लोगों को फिल्म के जरिए बताया कि किस प्रकार बिना प्रदूषण के कोयला बनाया जाएगा। इससे किसी प्रकार स्थानीय लोगों को दिक्कत नहीं होगी, लेकिन ग्रामीणों ने सिरे से मामले को नकार दिया।

इस अवसर पर मंत्री राजेश नागर ने कहा कि अधिकारी अन्य जगहों पर भी प्लांट बनाने की संभावना देखेंगे। मंत्री राजेश नागर ने कहा कि यदि ग्रामीण नहीं चाहते तो मोठूका में प्लांट नहीं बनाया जाएगा। हम जनता को किसी प्रकार से समस्या नहीं आने देंगे। श्री नागर ने बताया कि हम जनता के साथ हैं। जनता के हित के लिए हर संभव काम करेंगे।

हमारे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जनहित में निर्णय लेने के लिए दिल में बड़ी दया रखते हैं। मैं उनसे इस बारे में बात करूंगा और मुझे पूरा विश्वास है कि जनहित में निर्णय होगा। अधिकारियों ने भी बताया कि अगर कहीं और अनुकूल जमीन पाई गई तो वहां प्लांट लगाने की कार्रवाई शुरु की जाएगी।

इस अवसर पर नगर निगम फरीदाबाद के संयुक्त आयुक्त गौरव अंतिल, संयुक्तआयुक्त द्विजा, एनटीपीसी जीएम अमित कुलश्रेष्ठ, झज्जर प्लांट एजीएम विनय मलिक, निगम एसई ओमबीर, एक्सईएन पद्म भूषण, एसटीपी डीएस ढिल्लो आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

जाट समाज की बैठक में महासचिव ने आय-व्यय का ब्योरा किया प्रस्तुत

समाज को अपना काम निरंतर करते रहना चाहिए: मलिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

सैक्टर-16 स्थित किसान भवन में जाट समाज फरीदाबाद की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जाट समाज के प्रधान जेपीएस सांगवान ने की। उन्होंने सभी पदाधिकारी व सदस्यों को समाज द्वारा किए जा रहे समाजसेवा के कार्यों का उल्लेख किया। बैठक में महासचिव एचएस मलिक ने जाट समाज के आय व्यय का ब्यौरा दिया और आगे का एजेंडा तैयार कर जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि आगामी 12 जनवरी को जाट समाज द्वारा खेडी गांव में 165 बुजुर्गों को कंबल वितरित किए जाएंगे और इसी के साथ पूरे साल समाज द्वारा चलाए जा रहे सामाजिक कार्य निरंतर जारी रहेंगे। बैठक में रिटायर्ड आईपीएस एमएस श्योराण ने सुझाव दिया कि समाज को अपना काम निरंतर

आगामी 12 जनवरी को खेड़ीगांव में जाट समाज द्वारा बुजुर्गों को कंबल वितरित किए जाएंगे

जारी रखना चाहिए। जाट समाज के दोनों भवनों का कार्य पूरा होने के बाद समाजसेवा के लिए शिक्षा के क्षेत्र में भी आगे आकर और अधिक काम करना चाहिए। बैठक में आरएस दहिया, टीएस दलाल, आरएस राणा, एसएस मान, एचएस ढिल्लो, रमेश चौधरी, दिनेश रघुवंशी, सूरजमल, आरएस तेवतिया, बलजीत सिंह, कमल चौधरी, जितेंद्र चौधरी, दरयाब सिंह श्योराण, फूल सिंह, सुरेंद्र टूडी, रामरतन नर्वत, प्रताप सिंह, रतन सिंह सिवाच ने भी अपने सुझाव रखे।

किराए के ट्रैक्टर के फर्जी कागजात तैयार कर बेचने वाला धराया

गाजियाबाद। थाना नंदग्राम पुलिस ने गुरुवार को एक ऐसे मामले का खुलासा किया है जिसमें एक व्यक्ति ट्रैक्टर के मालिकों से किराए के नाम पर ट्रैक्टर ले लेता था। उसके बाद उसे फाइनेंस की बात कर बेच देता था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से कुल पांच ट्रैक्टर बरामद किए हैं। जो उसने एक महीने का एडवांस किराया देकर किराए पर लिए थे और बाद में फर्जी कागजात बनवाकर उनको बेच दिया था। एसीपी पूनम मिश्रा ने बताया कि आरोपी का नाम प्रवीण कुमार है जो डाबरा दादरी का रहने वाला है जबकि फरार आरोपी अवतार भाटी है जो मथुरापुर गांव का रहने वाला है। एसीपी ने बताया कि लोहा मंडी निवासी राहुल पटेल ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि प्रवीण कुमार ने उनके यहां से तीन ट्रैक्टर किराए पर लिए थे। जो उसने बेच दिए। पुलिस ने जांच पड़ताल की और प्रवीण कुमार को गिरफ्तार कर लिया। प्रवीण कुमार ने पुलिस को बताया कि वे लोग ठग हैं। वह और उसका साथी किराए पर ट्रैक्टर लेते हैं ।

डॉ. कपूर ने कहा-संसार में गरीबों व जरूरतमंदों की सेवा करना सबसे पुण्य का कार्य

ठंड से बचने के लिए जरूरतमंदों को 101 कंबल वितरित किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

बढ़ते ठंड के मौसम के देखते हुए शहरवासी जरूरतमंदों को गर्म कपड़े, कंबल, रजाइयां व अन्य सामान वितरित कर रहे है। इसी कड़ी में एनएचतीन स्थित आरके अस्पताल के संचालक एवं वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. आरके कपूर द्वारा नीलम पुल, मथुरा रोड़ हनुमान मंदिर के पास रह रहे जरूरतमंदों को 101 कंबल वितरित किए।

डॉ. कपूर ने कहा कि संसार में गरीबों व जरूरतमंदों की सेवा करना सबसे पुण्य का कार्य है। समाज में ऐसे हजारों लोग आज भी है, जो साधन सम्पन्न न होने के चलते इस कपकपाती ठंड में बिना गर्म कपड़ों के ठिठरते रहते है, ऐसे गरीब व जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण करना एक

बेहतर और परोपकारी कार्य है। इस पुण्य कार्य को करने हमेशा उनकी पत्नी श्रीमती सरिता कपूर, उनकी बेटी डॉ. इशिता कपूर भी उन्हें प्रोत्साहित करती है। इस मंगलवार से दोपहर 2 से 4 बजे तक मुफ्त ओपीडी शुरू की गई है साथ ही बच्चों को निःशुल्क परामर्श के साथ-साथ सभी टीकाकरणों पर भारी छूट दी जाएगी।

जिला बाल कल्याण ने जरूरतमंद बच्चों को सर्दियों के कपड़े वितरित किए

फरीदाबाद। जिला बाल कल्याण अधिकारी पिंकी ने जरूरतमंद बच्चों को जैकेट और स्वेटर प्रदान किए। इस मौके पर जिला बाल कल्याण अधिकारी पिंकी ने बताया कि कड़ाके की सर्दी पड़ रही है और शीत लहर चल रही है।

व्यवसायिक गैस सिलेंडरों को महंगे दामों में बेचता था

घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कालाबाजारी करने वाले पर सीएम फ्लाइंग ने की रेड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

मुख्यमंत्री उड़नदस्ता फरीदाबाद ने घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कालाबाजारी करने के आरोप में रेड कर सिलेंडरों को बरामद किया है। मुख्यमंत्री उड़नदस्ते को सूचना मिली कि हरीश निवासी गांव कबूलपुर खादर इलाका थाना तिगांव जिला फरीदाबाद ने अपने घर पर अवैध रूप से घरेलू रसोई गैस सिलेंडरों से उपकरणों के माध्यम से एलपीजी रसोई गैस को व्यवसायिक गैस सिलेंडरों में भरकर महंगे दामों पर बाजार में बेचता है। यदि संबंधित विभाग के अधिकारियों को साथ लेकर मौका पर रेड की जाए तो घरेलू रसोई गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी का मामला सामने आ सकता है। उपरोक्त सूचना के आधार पर मुख्यमंत्री उड़नदस्ता की टीम द्वारा गिरीश मिश्रा व सत्यनारायण खाद्य निरीक्षक खाद्य एवं आपूर्ति विभाग व स्थानीय पुलिस थाना तिगांव को साथ लेकर हरीश के मकान पर रेड की गई। मौके पर भारत गैस एजेंसी के 47 घरेलू रसोई गैस सिलेंडर रखे हुए मिले। इसके अतिरिक्त चार उपकरण जिनके माध्यम से गैस को व्यावसायिक सिलेंडरों में भरा जाता है तथा एक टाटा एसीई गाड़ी नंबर यूपी 6 जेटी 1782 में 25 व्यवसायिक गैस सिलेंडर रखे हुए मिले। आरोपी हरीश कुमार मौके पर उपस्थित नहीं मिला।

गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के चुनाव 19 जनवरी को होंगे

सिख संगत के हित में करेंगी काम: गगनदीप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के चुनाव आगामी 19 जनवरी को होने निश्चित हैं। गुरुग्राम में भी गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के सदस्य 19 जनवरी को सदस्यों के निर्वाचन के लिए मतदान करेंगे। गुरुग्राम से सदस्य पद की उम्मीदवार गगनदीप कौर को सिख संगत व विभिन्न गुरुद्वारों के पदाधिकारी व सदस्यों ने आश्वस्त किया कि समाज के प्रति उनकी निष्ठा को देखते हुए वे उनके पक्ष में मतदान करेंगे। वहीं सिख संगत वीरवार को सिविल लाइंस क्षेत्र स्थित गुरुद्वारा में गगनदीप कौर के समर्थ में लामबंद हुए।

पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने गगनदीप कौर पर अपना भरोसा जताया। इस अवसर पर सिख संगत के अलावा बड़ी संख्या में गुरुद्वारा कमेटी से जुड़े सदस्य भी शामिल हुए। गुरुग्राम से सदस्य पद की उम्मीदवार गगनदीप कौर ने सिख

संगत से आग्रह किया कि उन्होंने व उनके परिवार ने सदैव समुदाय की सेवा की है और उन्होंने इस बार सदस्य के पद के लिए नामांकन भी किया है। उन्होंने सिख संगत से आग्रह किया कि वे उनके पक्ष में मतदान कर उनकी जीत सुनिश्चित करें, ताकि प्रदेश की गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी में पहुंचकर उनकी आवाज बन सकें। सिख संगत में विभिन्न गुरुद्वारों के पदाधिकारी व सदस्यों ने उन्हें आश्वस्त किया कि समाज के प्रति उनकी निष्ठा को देखते हुए उनके पक्ष में मतदान करेंगे।

जिले में प्रदूषण नियंत्रण को लेकर प्रशासन सतर्क

पटाखों के भंडारण, बिक्री व प्रयोग पर 17 जनवरी तक रहेगी रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

जिला प्रशासन फरीदाबाद जिला में प्रदूषण नियंत्रण को लेकर पूर्ण रूप से सतर्क है। जिला में पर्यावरण के लिए घातक बेरियम साल्ट वाले पटाखे बेचने व प्रयोग करने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। जिला में किसी को भी सुप्रीम कोर्ट व एनजीटी के आदेशों की जिला में अवहेलना नहीं करने दी जाएगी। जिला में पटाखों का भंडारण, बिक्री व इस्तेमाल करने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा।

पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 5 के निर्देशों का उल्लंघन करने वाले उक्त अधिनियम की धारा 15 के तहत दंड के लिए उत्तरदायी होंगे।सर्दियों के महीनों में विशेष रूप से अक्टूबर से जनवरी के दौरान एनसीआर के साथ-साथ हरियाणा राज्य में वायु प्रदूषण अपने चरम पर होता है और यह भी देखा गया है कि सर्दियों के महीनों के दौरान होने वाली विभिन्न घटनाएं हरियाणा राज्य में विशेष रूप से भारत के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्रों के आसपास के जिलों में वायु प्रदूषण के स्तर को बढ़ाती हैं। विभिन्न आयोजनों के दौरान, पटाखे फोड़ने से वायु प्रदूषण का स्तर प्रभावित होता है क्योंकि पटाखे न केवल हवा में धातु के कण, खतरनाक विषाक्त पदार्थ, जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी अधिसूचना संख्या एसओ 152 (ई) दिनांक 10 फरवरी 1988 के तहत प्रदत्त शक्तियों के तहत निम्नलिखित निर्देश जारी किए जाते हैं कि हरियाणा राज्य में एनसीआर क्षेत्र में आने वाले जिलों में सभी प्रकार के पटाखों के विनिर्माण, भंडारण, बिक्री (एनसीआर ऑनलाइन विपणन प्लेटफार्मों के माध्यम से वितरण सहित) और फोड़ने पर 17 जनवरी 2025 तक तत्काल प्रभाव से पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। जिला प्रशासन ने पर्यावरण का ख्याल रखें। पटाखों की वजह से हमारे आस-पास का पर्यावरण तेजी से दूषित होता है।

खबर संक्षेप

अयोध्या में अनुराधा पौडवाल प्रस्तुति देंगी

अयोध्या। राम मंदिर में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ 11 जनवरी को मनाई जाएगी। धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम मंदिर परिसर में 5 जगहों पर अनुष्ठान होगा। जिसमें हनुमान चालीसा, शुक्ल यजुर्वेद के मंत्रों से हवन, 6 लाख श्रीराम मंत्र जाप, रामरक्षा स्त्रोत का पाठ होगा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में कुमार विश्वास व अनुराधा पौडवाल जैसे कलाकार भी शामिल होंगे।

युवक की हत्या के बाद बवाल, लाठी चार्ज

धनबाद। यहां के बैंक मोड़ थाना क्षेत्र के विकास नगर में मामूली विवाद में बुधवार की सुबह 27 वर्षीय युवक रवि कुमार राय उर्फ बाउंसर की हत्या कर दी गई। हत्या से आक्रोशित रवि के परिजन और पड़ोसियों ने बैंक मोड़ थाने के बाहर मुख्य सड़क को जाम कर दिया। भीड़ को सड़क से हटाने पहुंची पुलिस के साथ महिलाओं की कई बार नोकझोंक हुई। इसके बाद पुलिस ने भीड़ पर लाठियां बरसाईं।

सर्वे पूरा, कोर्ट कमिश्नर ने जांच रिपोर्ट सौंपी

संभल। जामा मस्जिद के हरिहर मंदिर होने के दावे को लेकर दाखिल याचिका पर कराया गया सर्वे पूरा हो गया है। कोर्ट कमिश्नर ने अपनी रिपोर्ट भी कोर्ट में सौंप दी। मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचने और शीर्ष अदालत के आदेश पर रिपोर्ट को सील बंद लिफाफे में जमा किया गया है। कोर्ट कमिश्नर रमेश सिंह राघव ने कहा कि 40 पन्नों में रिपोर्ट सौंपी गई है।

प्रयागराज में पकड़ा गया अवैध तरीके से ठहरा विदेशी

श्रद्धालु कैंप में बना चुका था ठिकाना

प्रयागराज में अवैध तरीके से विदेशी नागरिकों के रहने का यह पहला मामला नहीं है। चार महीने पहले यहां युगांडा की एक महिला सिविल लाइंस में अवैध तरीके से स्पा सेंटर में काम करते पकड़ी गई थी।

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

मेला क्षेत्र में एक रूसी नागरिक अवैध तरीके से घूमते हुए पकड़ा गया। जांच में पता चला कि वीजा अवधि खत्म होने के बाद भी वह पिछले चार महीने से चोरी-छिपे देश में रह रहा था। उसने मेला क्षेत्र के सेक्टर 15 स्थित कैंप में ठिकाना बना रखा था। पुलिस ने उसे वापस भेज दिया है।



पूछताछ की तो लगा घबराने

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, संदिग्ध लगने पर पुलिसकर्मियों ने उससे पूछताछ की तो वह घबराने लगा। जानकारी पर स्थानीय खुफिया एजेंसी के अफसर भी आ गए। जांच पड़ताल में विदेशी ने अपना नाम आंद्रे पॉफकॉप और खुद को रूस का बताया।

रेनबो कैंप में था ठहरा

दस्तावेजों की पड़ताल में मालूम हुआ कि उसके वीजा की अवधि सितंबर में ही एक्सपायर हो चुकी है। यह भी पता चला कि वह सेक्टर 15 में ही स्थित श्रद्धालुओं के रेनबो कैंप में ठहरा था। पिछले 15 दिनों से वह यहां रह रहा था। पूछताछ के बाद उसे कमिश्नरेट पुलिस को सौंप दिया गया। विस्तृत जांच पड़ताल के बाद आरोपी को विदेशिक पंजीकरण कार्यालय ले जाया गया। इसके बाद वहां से उसके निर्वासन के संबंध में कार्रवाई आगे बढ़ाते हुए उसे वापस भेज दिया गया। गौरतलब है कि तीन दिन पहले भी यहां तीन विदेशी पकड़े गए थे। हालांकि बाद में दस्तावेज प्रस्तुत किए थे, जिसके बाद उन्हें छोड़ दिया गया था।

अवैध तरीके से रहती मिली थी युगांडा की महिला

प्रयागराज में अवैध तरीके से विदेशी नागरिकों के रहने का यह पहला मामला नहीं है। चार महीने पहले यहां युगांडा की एक महिला सिविल लाइंस में अवैध तरीके से स्पा सेंटर में काम करते पकड़ी गई थी। वीजा एक्सपायर होने के बाद भी वह यहां चोरी छिपे रह रही थी। आरोप है कि वह स्पा सेंटर की आड़ में देह व्यापार में भी शामिल थी। लगातार अवैध तरीके से विदेशियों के रहने के मामले सामने आने से स्थानीय खुफिया एजेंसियों की कार्यशैली पर भी सवाल उठ रहे हैं।

वीजा अवधि एक्सपायर होने के बाद मेला क्षेत्र में रहते मिला

रूसी नागरिक वीजा अवधि एक्सपायर होने के बाद भी मेला क्षेत्र में रहते मिला। विधिक प्रक्रिया का पालन करते हुए उसे निर्वासित किया गया है। मेला क्षेत्र में आने वाले विदेशियों का सत्यापन कराया जा रहा है।

-राजेश द्विवेदी, एसएसपी कुंभ

राज्यपाल से मिलीं पल्लवी तो और आक्रामक हो गए आशीष पटेल

योगी के मंत्री ने लगाया अफसर पर आरोप, कहा- सीने पर गोली मारे एसटीएफ, साजिश बंद करे

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी सरकार में मंत्री और अपना दल नेता आशीष पटेल ने सूचना विभाग और एसटीएफ पर हमला बोलते हुए योगी सरकार को ही सवालों के कटघरे में खड़ा कर दिया है। उन्होंने कहा कि एसटीएफ मेरे सीने पर गोली मारे। साजिश और षड्यंत्र करना बंद करे।

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री और अपना दल (एस) नेता आशीष पटेल इन दिनों सुर्खियों में बने हुए हैं। आशीष पटेल पर प्राविधिक शिक्षा विभाग में हुए प्रमोशन को लेकर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे हैं। अब ये मामला राजभवन तक पहुंच गया है। आरोप लगाने वाली पल्लवी पटेल ने राज्यपाल आनंदी बेन पटेल से मिलकर एसटीएफ जांच कराने की मांग कर दी है।

उधर, अपने ऊपर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने अपने विरोधियों पर जमकर भड़ास निकाली है। इतना ही नहीं, केंद्रीय मंत्री और अपना दल (एस) मुखिया अनुप्रिया पटेल भी अपने पति आशीष पटेल के बचाव में उतर आईं है। वहीं आशीष पटेल ने सूचना विभाग और एसटीएफ पर हमला बोलते हुए योगी सरकार को ही सवालों के कटघरे में खड़ा कर दिया है। उन्होंने कहा कि एसटीएफ मेरे सीने पर गोली मारे। साजिश और षड्यंत्र करना बंद करे।

खास बातें

- पल्लवी पटेल ने प्राविधिक शिक्षा विभाग में हुए प्रमोशन का मुद्दा उठाया था
- 25-25 लाख रुपए की धनउगाही करने का भी लगाया आरोप

सपा विधायक ने पटेल के विभाग पर लगाए आरोप

दरअसल सिराथू सीट से सपा विधायक और अपना दल कमेरवादी की नेता पल्लवी पटेल और अपना दल एस अनुप्रिया पटेल की आपसी नाराजगी किसी से छुपी नहीं है। इसी क्रम में हाल ही में विधानसभा सत्र शुरू होने के समय पल्लवी पटेल ने प्राविधिक शिक्षा विभाग में हुए प्रमोशन का मुद्दा उठाया था।

कैबिनेट मंत्री पटेल ने सूचना विभाग पर भी हमले किए

ये मुद्दा लगातार गरमाया हुआ है। इसी बीच बुधवार को पल्लवी पटेल ने राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से राजभवन में मुलाकात कर एसआईटी जांच कराने की मांग की है। पल्लवी ने राज्यपाल को पूरे मामले के बारे में जानकारी दी है। तभी बुधवार को ही आशीष पटेल ने एक लंबा चौड़ा पोस्ट कर दिया। आशीष ने लिखा कि प्रदेश के सूचना निदेशक शिशिर सिंह को झूठ, फरेब और मीडिया ट्रायल का यह खेल बंद कराना चाहिए।

नियम विरुद्ध 250 लोगों को दी पदोन्नति: पल्लवी

पल्लवी ने बताया कि प्राविधिक शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार युक्त असंवैधानिक कार्यवाही करते हुए विभागाध्यक्ष के पद प्रोन्नति के माध्यम से भर दिए गए हैं। जबकि ये पद नियमानुसार उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा सीधी भर्ती के माध्यम से भरे जाने चाहिए थे। इसको लेकर पल्लवी ने प्रत्येक व्यक्ति से 25-25 लाख रुपए की धनउगाही करने का भी आरोप लगाया था। पल्लवी पटेल ने कहा कि नियम विरूद्ध तरीके से 250 लोगों को पदोन्नति दी गई है, ये पूरी तरह से गलत है।

नहीं सुलझा बीपीएससी परीक्षा विवाद

गांधी मैदान में आमरण अनशन पर बैठे प्रशांत किशोर

एजेंसी ▶▶ पटना

70वीं बीपीएससी पीटी परीक्षा का विवाद नहीं सुलझा है। गर्दनीबाग में छात्रों का धरना प्रदर्शन जारी है। 13 दिसंबर को संपन्न परीक्षा रद्द करने को लेकर चल रहा आन्दोलन और तेज हो गया है। जन सुराज के नेता प्रशांत किशोर अपनी ताकत झोंक दी है। बीपीएससी छात्रों के समर्थन में प्रशांत किशोर ने आमरण अनशन शुरू कर दिया है। पटना गांधी मैदान में वे समर्थकों और सैकड़ों छात्रों के साथ गांधी प्रतिमा के नीचे अनशन पर बैठ गए हैं।

22 केंद्रों पर 4 जनवरी को होगी प्रीलिम्स परीक्षा

पीके खुले आसमान के नीचे अनशन पर बैठे हैं। कोई पंडाल या शेड नहीं बनाया गया है। इस बीच बीपीएससी की योजना के अनुसार बापू परिसर परीक्षा केंद्र के अभ्यर्थियों की परीक्षा लेने की तैयारी चल रही है। पटना के 22 केंद्रों पर चार जनवरी को करीब 12 हजार छात्र छात्राओं का प्रीलिम्स री एग्जाम लिया जाएगा। डीएम चंद्रशेखर सिंह के नेतृत्व में सफल और कदाचार मुक्त परीक्षा को लेकर बैठक की गई।

नीतीश कुमार ने पल्ला झाड़ा

छात्र सीएम से मिलने की मांग पर अड़े हैं। इधर दिल्ली दौड़े से सीएम नीतीश कुमार जब पटना पहुंचे तो पल्ला झाड़ लिया और गेंद बीपीएससी के पाले में डाल दिया। सीएम से मिलने के बाद डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने बयान दिया कि बीपीएससी सक्षम संस्था है। री एग्जाम लेने पर आयोग ही कोई निर्णय लेगी। बीपीएससी पहले ही ऐलान कर चुका था कि किसी भी सूरत में न परीक्षा रद्द होगी न री एग्जाम लिया जाएगा।

पेज एक का शेष...

राष्ट्रीय युद्ध स्मारक...

और समारोह का मुख्य आकर्षण राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पारंपरिक घोड़ा बग्गी पर सवार होकर समारोह स्थल तक पहुंचेंगी। कुल करीब 90 मिनट के परेड समारोह का नेतृत्व (कमान) भारतीय सेना के दिल्ली एरिया के जनरल आफिसर कमांडिंग (जीओसी) मेजर जनरल भुवनेश कुमार करेंगे। जिस राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पीएम की श्रद्धांजलि के बाद परेड समारोह की शुरुआत होगी। हरिभूमि ने अपनी इस खबर के जरिए देश में दशकों बाद किए गए उसके निर्माण और महत्व पर प्रकाश डालने की कोशिश की है।

आजाद भारत का ...

राष्ट्रीय युद्ध स्मारक का निर्माण कार्य शुरू हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2019 में इसका उद्घाटन किया। स्मारक के निर्माण के पीछे सरकार का उद्देश्य वर्ष 1947 में भारत को मिली आजादी के बाद दुश्मन के साथ लड़े गए विभिन्न युद्धों में अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीदों की पावन स्मृति को एक भव्य स्वदेशी स्मारक का रूप देकर देश की मौजूदा और भावी पीढ़ियों के मानस पटल पर हमेशा-हमेशा के लिए अमर बना देना रहा। आजादी के बाद लड़े गए युद्धों में वर्ष 1947-48, 1962, 1965, 1971 और 1999 में लड़ा गया कारगिल युद्ध शामिल हैं।

इंडिया गेट पर दी...

देकर स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय आयोजनों का आगाज किया जाता था। लेकिन यहां ये बताना बेहद दिलचस्प है कि जिस इंडिया गेट पर पूर्व में जिन शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाती थी। उनका स्वतंत्र भारत के इतिहास में लड़ी गई लड़ाइयों से दूर-दूर तक कोई लेना देना नहीं था। इंडिया गेट पर भी केवल उन्हीं भारतीयों के नाम बतौर शहीद अंकित हैं। जिन्होंने आजादी से पहले ब्रिटिश सेना के सैन्य कर्मी के तौर पर अंग्रेजों के साम्राज्य की रक्षा के लिए युद्ध लड़े थे। इनमें प्रथम, द्वितीय विश्व युद्ध और तीसरे एंग्लो-अफगान युद्ध मुख्य रूप से शामिल हैं।

40 एकड़ में फैला ...

पीवीसी योद्धा (सूबेदार मेजर बाना सिंह, सूबेदार मेजर योगेंद्र सिंह यादव और सूबेदार संजय कुमार) शामिल हैं। 2014 में संसद के संयुक्त सत्र में राष्ट्रपति ने इस स्मारक के निर्माण को लेकर केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता जताई थी। 2018 में इसका निर्माण कार्य शुरू हुआ था और उस पर लगभग 176 करोड़ रुपए की लागत आई थी।

'गंगा' के बाद उसकी...

(एनएमसीजी) के तहत गठित की गई पहली कंपोजिट इकोलॉजिकल टास्क फोर्स की ही यह एक अतिरिक्त कंपनी होगी। बीते एक जनवरी को सेना की लखनऊ स्थित केंद्रीय कमांड द्वारा हालांकि इसका प्रभावी क्रियान्वयन कर दिया गया है। लेकिन जनवरी के दूसरे सप्ताह में सेना और केंद्र सरकार द्वारा एक बड़े समारोह के जरिए इसका विधिवत रूप से उद्घाटन किया जाएगा। जिसमें केंद्रीय जल शक्ति मंत्री, टीए के महानिदेशक और सेना की केंद्रीय कमांड के प्रमुख यानी जीओसी शामिल होंगे।

अधिकतम सहयोग देगी सेना: वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुकी इस परियोजना के जरिए सेना द्वारा गंगा के बाद अब गोमती को भी अपना अधिकतम सहयोग प्रदान किया जाएगा। सेना ने कहा, गोमती का जीर्णोद्धार लखनऊ के लोगों की लंबे समय से लंबित आकांक्षाओं से जुड़ा हुआ है। इससे मौजूदा दौर में गंगा नदी की स्वच्छता को लेकर जारी प्रयासों में भी तेजी देखने को मिलेगी। साथ ही भविष्य में सेना का यह कदम अन्य नदियों और जल स्त्रोतों की स्वच्छता की दिशा में भी मील का पत्थर साबित होगा।

2019 में बनी...

नाम से बनाई गई गंगा टास्क फोर्स की कमान मुख्य रूप से सेना के सेवानिवृत्त कर्मियों के कंधों पर है। यह नदी की स्वच्छता से जुड़े कुछ जरूरी कार्यों को पूरा करते हैं। इनमें नदी के किनारे वृक्षारोपण, घाट पर गश्त लगाना और आम लोगों में नदी की स्वच्छता को लेकर जागरूकता बढ़ाना शामिल है। एनएमसीजी का एक महत्वपूर्ण कार्य प्रदूषण की निगरानी करना भी है। इसके बेहतर प्रदर्शन को देखते हुए ही अब गोमती नदी के जीर्णोद्धार के लिए इसकी एक अतिरिक्त कंपनी बनाई गई है। इस बाबत केंद्र सरकार ने अपना अनुमोदन पत्र 9 सितंबर 2024 को जारी किया था।

दिल्ली सरकार की तरफ...

बाग, पॉली हाउस और कोल्ड चेन सब्सिडी का लाभ नहीं ले पाए हैं। चौहान ने कहा, राजनीतिक प्रतिस्पर्धा किसानों के कल्याण में बाधा नहीं बननी चाहिए। किसानों का कल्याण सभी सरकारों का कर्तव्य है। आप सरकार को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर किसानों के हित में निर्णय लेना चाहिए।

तेजी से बढ़ते तकनीकी...

प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी।

नायब ने बजट को...

युवाओं को कौशल विकास के माध्यम से सशक्त बनाने एवं समाज कल्याण के लिए आप सभी के रचनात्मक सुझावों को प्राथमिकता देते हुए आगामी बजट में उचित प्रतिनिधित्व दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री बृहस्पतिवार को गुरुग्राम में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए इंडस्ट्री व मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर से संबंधित हितधारकों के साथ आयोजित पूर्व बजट परामर्श बैठक (प्री बजट कंसल्टेशन) की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में उद्योग जगत एवं मैन्यूफैक्चरिंग इकाइयों से जुड़े विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने आगामी बजट के लिए अपने सुझाव रखें। बैठक में प्रदेश के उद्योग एवं वाणिज्य, पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव मंत्री राव नरबीर सिंह, सोहना के विधायक तेजपाल तंवर व गुरुग्राम के विधायक मुकेश शर्मा भी मौजूद रहे। नायब सिंह सैनी ने पूर्व बजट परामर्श बैठक में पहुंचे प्रतिनिधियों के सुझावों को ध्यानपूर्वक सुना और आगामी बजट में आवश्यक विषयों पर विचार करने का आश्वासन भी दिया। उन्होंने बताया कि आगामी बजट में वर्तमान आवश्यकताओं के साथ साथ दीर्घकालिक लक्ष्यों को पूरा करने के सार्थक प्रयास किए जाएंगे। आगामी बजट हमारी सामूहिक महत्वाकांक्षाओं व प्राथमिकताओं का प्रतिबिंब है। आगामी बजट की तैयारियों के लिए यह आवश्यक है कि हम समाज के सभी वर्गों के साथ संवाद करें ताकि हरियाणा के प्रत्येक नागरिक की जरूरतों व सपनों को पूरा करने के लिए आवश्यक सकारात्मक प्रयास किए जा सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में हरियाणा ने कृषि, उद्योग, शिक्षा की आधारभूत संरचना व प्रौद्योगिकी सहित विभिन्न क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने, औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहन, युवाओं को कौशल विकास के माध्यम से सशक्त बनाने एवं समाज कल्याण के लिए आप सभी के रचनात्मक सुझावों को प्राथमिकता देते हुए आगामी बजट में उचित प्रतिनिधित्व दिया जाएगा। उन्होंने प्रतिनिधियों द्वारा औद्योगिक क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं, पब्लिक ट्रांसपोर्ट को बेहतर करने, इंडसट्रियल पालिसी में आवश्यक सुधार को लेकर रखे गए सुझाव पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का भी आश्वासन दिया।

बजट के लिए ऑनलाइन भी दे सकते हैं सुझाव : राजेश खुल्लर

बैठक में मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, जिनके पास वित्त मंत्रालय का प्रभार भी है, ने इस बार बजट के लिए एक नई पहल की है। हरियाणा के आगामी बजट के लिए इस बार प्रदेश के साथ-साथ अन्य नागरिक भी ऑनलाइन माध्यम से अपने सुझाव दे सकते हैं। उन्होंने बताया कि https://bamsharyana.nic.in पोर्टल के माध्यम सेक्टर व सब सेक्टर श्रेणी में जाकर अपने सुझाव दिए जा सकते हैं। इस पोर्टल के माध्यम से अब तक एक हजार से अधिक सुझाव प्राप्त हुए हैं। वित्त, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी ने कहा कि बजट पूर्व परामर्श बैठक के माध्यम से पूर्व में भी अच्छे सुझाव प्राप्त हुए हैं। इन्हीं सुझावों के आधार पर हरहित स्टोर, ड्रोन टेक्नोलॉजी, स्टेम लेब, सुपर 30 जैसे सफल कार्यक्रम बनाए गए।

चडीगढ़ की...

का जिम्मा सौंपा गया है। इसके अलावा सुनील बंसल को गोवा का चुनाव अधिकारी बनाया गया है। भाजपा के संविधान के मुताबिक, राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव करने से पहले 50 प्रतिशत राज्यों में संगठन के चुनाव कराने हैं। 15 जनवरी तक राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष भी चुने जाने हैं। इसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

इन राज्य के लिए इन नेताओं को मिली जिम्मेदारी: अंडमान निकोबार के लिए तमिलिसाई सुंदरराजन, आंध्र प्रदेश के लिए पीसी मोहन, अरुणाचल प्रदेश के लिए सर्बानंद सोनोवाल, असम के लिए गजेंद्र सिंह शेखावत, चंडीगढ़ के लिए सरदार नरिंदर सिंह रैना, छत्तीसगढ़ के लिए विनोद तावड़े, दादर और नगर हवेली-दमन और दीव के लिए डॉ. राधा मोहन दास अग्रवाल, हरियाणा के लिए अरुण सिंह, हिमाचल प्रदेश के लिए डॉ. जितेंद्र सिंह, जम्मू-कश्मीर के लिए संजय भाटिया, केरल के लिए प्रह्लाद जोशी, लद्दाख के लिए जयराम ठाकुर, लक्षद्वीप के लिए पोन. राधाकृष्णन, मेघालय के लिए जॉर्ज कुरियन। इसी तरह मिजोरम के लिए वानति श्रीनिवासन, नागालैंड के लिए वी. मुरलीधरन, ओडिशा के लिए संजय जायसवाल, पुदुचेरी के लिए तरुण चुघ, राजस्थान के लिए विजय रूपाणी, सिक्किम के लिए किरण रिजिजू, तमिलनाडु के लिए जी. किशन रेड्डी, तेलंगाना के लिए कुमारी शोभा करंदलाजे और त्रिपुरा के लिए जुएल ओराम को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है।

हरमनप्रीत सिंह और...

करने के बाद सरकार ने खिलाड़ियों, कोचेस, यूनिवर्सिटी को पुरस्कार देने का फैसला किया है।

कपिल पैरालंपिक में मेडल जीतने वाले पहले जूडोका: भोपाल। इनमें मध्यप्रदेश की पैरा शूटर रुबीना फ्रांसस और पैरा जूडो खिलाड़ी कपिल परमार का नाम भी दिग्गज खिलाड़ियों में शामिल हैं। रुबीना जबलपुर की रहने वाली हैं और कई साल से एमपी शूटिंग एकेडमी भोपाल में ट्रेनिंग ले रही हैं, वहीं कपिल परमार सीहोर के रहने वाले हैं। दोनों खिलाड़ी पेरिस पैरालंपिक 2024 के मेडलिस्ट हैं। रुबीना मप्र शूटिंग एकेडमी भोपाल में ट्रेनिंग ले रही हैं। पेरिस पैरालंपिक 2024 में रुबिना ने 10 मीटर एयर पिस्टल एसएच 1 इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल जीता था। रुबिना मप्र की पहली खिलाड़ी हैं जिन्होंने पैरालंपिक में पदक हासिल किया है। रूबिना फ्रांसिस मूलतः जबलपुर की रहने वाली हैं। साल 2015 में रुबिना ने एमपी शूटिंग खेल अकादमी ज्वॉइन की। यह रूबिना का दूसरा ओलंपिक है। इससे पहले टोक्यो पैरालंपिक 2022 में भी हिस्सा ले चुकी हैं। रूबिना ने लगातार वर्ष 2017 एवं 18 में दो बार जूनियर रिकार्ड बनाया है और साल 2018 फ्रांस में वर्ल्ड रिकॉर्ड की बराबरी की थी। रूबिना अब तक 10 इंटरनेशनल चैंपियनशिप में हिस्सा ले चुकी हैं। जिनमें तीन गोल्ड, दो सिल्वर और एक ब्रॉन्ज सहित कुल 6 मेडल जीते हैं। वहीं राष्ट्रीय स्तर पर 13 गोल्ड, तीन सिल्वर समेत 17 मेडल हासिल किए हैं। सीहोर के रहने वाले 24 साल के कपिल परमार ने पेरिस पैरालंपिक 2024 में इतिहास रच दिया। उन्होंने 5 सितंबर 2024 को मेंस के अंडर 60 किग्रा जे 1 वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल जीता था। इसी के साथ वे जूडो में पैरालंपिक पदक जीतने वाले पहले भारतीय एथलीट बन गए। दृष्टिबाधित एथलीटों को जे 1 श्रेणी के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है। वे सामान्य दृष्टि वाले किसी व्यक्ति की तुलना में बहुत कम देखने में सक्षम होते हैं। कपिल को करंट लगने से आंखों की रोशनी प्रभावित हुई, जिससे वे पैरा खिलाड़ी बन गए। पैरालंपिक से पहले वे एशियन पैरा गेम्स में सिल्वर मेडल जीत चुके हैं।

गरीबों को 'स्वाभिमान...

और दिल्ली-सहारनपुर नेशनल हाईवे के शुभारंभ के साथ ही दिल्ली को जाम व प्रदूषण मुक्त करने के लिए चार मुख्य प्रोजेक्ट देंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 3 जनवरी को पूर्व और पश्चिमी दिल्ली में डीयू कैंपस के साथ एक नए कॉलेज की आधारशिला रखेंगे। माना जा रहा है कि एक विश्वविद्यालय ने दो कॉलेजों की स्थापना के लिए नजफगढ़ और फतेहपुर बेरी में दो भूखंड आवंटित किए गए हैं। सूरजमल विहार में प्रस्तावित पूर्वी कैंपस बनाए जाएगा तो द्वारका में पश्चिमी कैंपस बनाया जाएगा। दिवंगत नेता सुषमा स्वराज के नाम पर एक कॉलेज का नाम रखने के प्रस्ताव पहले से ही है और दूसरे का वीर सावरकर, स्वामी विवेकानंद, वल्लभभाई पटेल, सावित्रीबाई फुले जैसे नाम पर रखे जा सकते हैं। नामकरण में वोटरों को सहेजने का फार्मूला स्पष्ट दिखेगा।

परिवर्तन रैली से आएगा परिवर्तन ?: जापानी पार्क में पांच को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी परिवर्तन रैली को संबोधित करेंगे। रैली के मार्फत प्रधानमंत्री पूरी मजबूती, दमखम के साथ चुनाव का आगाज करते नजर आएंगे। पहले ये कार्यक्रम 29 दिसंबर को निर्धारित था, लेकिन 26 को पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन की वजह से कार्यक्रम को टाला गया। सत्ता प्रतिष्ठन से जुडे सूत्रों ने बताया कि अब तक किये गये तीन सर्वे में आम आदमी पार्टी दिल्ली में भाजपा से अब भी बीस साबित हो रही है यही वजह है कि प्रधानमंत्री ने खुद नेताओं को एकजुट रखकर चुनावी समर के आगाज का फैसला किया। यही वजह है कि दिल्ली में आज से लगातार कई परियोजनओं का शुभारंभ प्रधानमंत्री करने वाले हैं। नैरोजी नगर के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर और सरोजनी नगर स्थित सरकारी आवासीय कॉलोनी के पुनर्विकास परियोजनाओं का शुभारंभ प्रधानमंत्री करेंगे वहीं द्वाराका स्थित सीबीएसई ऑफिस कांप्लेक्स का उद्घाटन भी प्रधानमंत्री के हाथों प्रस्तावित है।

गृहमंत्रालय जल्द करेगा...

वी मुरलीधरन और सेवानिवृत जनरल वीके सिंह का नाम शुमार है।

जब कि दर्जन भर ऐसे पूर्व सांसद जिनको दिल्ली पुलिस की सुरक्षा अब भी बदस्तूर दी जा रही है उनमें गौतम गंभीर, अभिजीत मुखर्जी, डा. कर्ण सिंह, मौलाना महमूद मदनी, नबा कुमार सरानिया, रामशंकर कथेरिया, राज्यसभा सदस्य अजय माकन, केसी त्यागी, प्रवेश वर्मा, राकेश सिन्हा, रमेश विधूडी, रमेश इंदर सिंगला जैसे नाम शामिल हैं। इतना ही नहीं, जम्मू कश्मीर के पूर्व उपराज्यपाल सत्यपाल मलिक, शीअद के पूर्व विधायक दीप मल्होत्रा, आप के पूर्व विधायक राजेंद्र पाल गौतम, पूर्व ईडी डायरेक्टर करनैल सिंह, दिल्ली पुलिस के पूर्व आयुक्त एसएन श्रीवास्तव, पूर्व एटार्नी जनरल मुकुल रोहतगी, पूर्व विधायक वीके मलहोत्रा का नाम फेहरिस्त में शामिल कर गृहमंत्रालय को भेजा जा रहा है। माना जा रहा है कि दिल्ली पुलिस की ऑडिट रिपोर्ट के बाद गृहमंत्रालय सुरक्षा इनपुट के आधार पर सभी वीआईपी सिक्योरिटी पर अंतिम फैसला करेगा।

मुख्तार अंसारी की जांच रिपोर्ट उसके बेटे को उपलब्ध कराई जाए

लखनऊ। सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश के अधिकारियों को पिछले साल 28 मार्च को जेल में बंद गैंगस्टर-राजनेता मुख्तार अंसारी की मौत पर मेडिकल और मजिस्ट्रेट जांच की रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

जस्टिस ऋषिकेश रॉय और एसवीएन भट्टी की पीठ ने मामले की सुनवाई की। मुख्तार अंसारी के बेटे उमर अंसारी की तरफ से अदालत में वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल पेश हुए। पीठ ने सिब्बल की दलीलें सुनीं। उमर अंसारी ने बताया कि उनके पिता की मौत से संबंधित मेडिकल और न्यायिक जांच की रिपोर्ट राज्य सरकार की तरफ से प्रस्तुत नहीं की गई है। उल्लेखनीय है कि 63 वर्षीय मुख्तार अंसारी मऊ सदर से पांच बार विधायक रहे। पिछले साल 28 मार्च को बांदा के एक अस्पताल में हृदय गति रुकने से उनकी मौत हो गई थी। वे 2005 से ही जेल में थे। उनपर 60 से अधिक आपराधिक मामले लंबित थे और उन्हें भाजपा विधायक कृष्णानंद राय की हत्या मामले में दोषी करार दिया गया था। उनकी मौत से ठीक पहले उमर ने दिसंबर 2023 में शीर्ष अदालत का रुख किया।

पिता की जान को खतरा होने के डर से उमर ने अदालत से उन्हें (मुख्तार) उत्तर प्रदेश के बाहर किसी भी जेल में स्थानांतरित करने की अपील की थी। 2023 में राज्य सरकार ने पीठ को आश्वासन दिया था कि जरुरत पड़ने पर वह बांदा जेल के भीतर अंसारी की सुरक्षा को मजबूत करेगी।

बच्चों, पिछले दिनों महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 5 से 18 साल के 17 बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया। बच्चों को ये पुरस्कार सात कैटेगरीज- बहादुरी, आर्ट एंड कल्चर, इनोवेशन, साइंस एंड टेक्नोलॉजी, सोशल वर्क, स्पोर्ट्स और एन्वॉयरनमेंट की फील्ड्स में उल्लेखनीय काम के लिए प्रदान किए गए हैं। इन बच्चों ने क्या विशेष किया, तुम भी जानो।

तुम्हें इंस्पायर करेंगे ये टैलेंटेड बच्चे

महामहिम राष्ट्रपति के साथ 'प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार' से पुरस्कृत बच्चे

इंस्पिरेशन / डॉ.मोनिका शर्मा

अगर मन में कुछ कर दिखाने का हौसला हो तो उम्र कोई मायने नहीं रखती, बहुत कम उम्र में भी बड़े-बड़े काम करके अपना नाम रोशन किया जा सकता है। बच्चों, यहां हम तुम्हें ऐसे ही कुछ होनहार बच्चों के बारे में बता रहे हैं, जिन्होंने अपने क्षेत्र में कुछ बड़ा किया और अपने देश की राष्ट्रपति के हाथों प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्राप्त किया।

बहादुर बच्चे जिन्होंने बचाई दूसरों की जान: अपनी जान की परवाह ना करके दूसरों की जान बचाने वाले विरले होते हैं, वह भी कोई बच्चा हो तो बहुत बड़ी बात है। बिहार के 9 वर्षीय सौरभ कुमार ने जहां तीन लड़कियों को डूबने से बचाया, वहीं महाराष्ट्र की 17 वर्षीया करीना थापा ने आग लगने के दौरान कई लोगों की जान बचाई। मेघालय के 15 वर्षीय किसन विनियांग ने भी अपनी जान हथेली पर रखकर मावेस्कर नदी में चार बच्चों को डूबने से बचाया। इन सभी बच्चों को उनकी बहादुरी के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

सम्मान प्राप्त करती गोल्डी कुमारी

खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन: पश्चिम बंगाल के रहने वाले अनीश सरकार 'फिडे' यानी वर्ल्ड चेस फेडरेशन की टॉप रैंकिंग में स्थान पाने वाले दुनिया के सबसे कम उम्र के शतरंज प्लेयर बने हैं। बिहार के नालंदा की गोल्डी कुमारी ने अपनी शारीरिक अक्षमता पर विजय पाते हुए शॉट-पुट खेल में दिव्यांग श्रेणी के अंतर्गत कई स्टेट और नेशनल लेवल के पुरस्कार जीते हैं। गोल्डी ने थाईलैंड विश्व पैरालंपिक यूथ गेम्स में गोल्ड और सिल्वर मेडल भी जीता है। पंजाब की रहने वाली नौ साल की सांवी सूद को एवरेस्ट बेस कैंप, अफ्रीका की सबसे ऊंची पर्वत चोटी, ऑस्ट्रेलिया की भी सबसे ऊंची पर्वत चोटी के साथ ही रूस और ईरान की सबसे ऊंची पर्वत चोटियों पर भारतीय ध्वज फहराने के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। 8 साल की उम्र में (जब उसने इन पर्वत चोटियों पर विजय हासिल की थी) दुनिया की कुछ सबसे चुनौतीपूर्ण पर्वत चोटियों पर विजय पाने वाली सांवी ने भी अपने हौसले से कमाल कर दिखाया। ओडिशा की रहने वाली 15 वर्षीया वेट लिफ्टर प्रीतिस्मिता भोई ने 2024 में आईडब्ल्यूएफ यानी इंटरनेशनल वेट लिफ्टिंग फेडरेशन के विश्व युवा चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता है। प्रीतिस्मिता क्लीन एंड जर्क कैटेगरी में वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने वाली पहली भारतीय बन गई है। वहीं आंध्र प्रदेश के जेसी राज मथरापु क्लासिकल स्केटर हैं। मथरापु ने वर्ल्ड स्केट ओशिनिया क्लासिकल चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल सहित 43 से अधिक पदक जीते हैं। दिल्ली के आरव भारद्वाज को मणिपुर में स्थित आईएनए मेमोरियल से दिल्ली तक की 2,612 किलोमीटर की यात्रा (वर्ष 2022 में दस वर्ष की उम्र में) पूरी करने के लिए और बीते वर्ष 2024 में (12 साल की उम्र में) कारगिल विजय दिवस पर, कारगिल युद्ध स्मारक (कश्मीर) से इंडिया गेट (दिल्ली) तक की करीब बारह सौ किलोमीटर की यात्रा साइकिल से पूरी करने के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार दिया गया।

पुरस्कार ग्रहण करता अयान साजद

कला-संस्कृति के क्षेत्र में कायम की मिसाल: हमारे देश में कला-संस्कृति के क्षेत्र में कुछ बच्चे अपनी प्रतिभा साबित कर रहे हैं। कश्मीर का 13 साल का सूफी गायक अयान साजद को कश्मीरी संगीत में योगदान के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार दिया गया है। स्पाइनल मस्क्युलर ट्रॉफी नामक जटिल बीमारी से जूझ रही 14 वर्षीया केया हटकर 'डांसिंग ऑन माई व्हील्स' और 'आई एम पॉसिबल' जैसी बेस्टसेलिंग बुक्स की राइटर हैं। साथ ही केया ने डिसेबिलिटी को लेकर अवेयरनेस लाने के उद्देश्य से 'आईएम पॉसिबल' और 'एसएमए-एआरटी' जैसी पहल शुरू की है। केया को अपनी उत्कृष्ट उपलब्धि और उसके द्वारा किए जा रहे प्रयासों के लिए इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। 17 साल के व्यास ओम जिग्नेस, सेरेब्रल पाल्सी जैसे असाध्य रोग के शिकार होने के बावजूद पुरस्कार जीतने वालों में शामिल हैं। गुजरात के रहने वाले जिग्नेस को 'सुंदर कांड' और 'भगवद्गीता' सहित पांच हजार श्लोक मुंह जुबानी याद हैं। जिग्नेस देशभर में संस्कृत साहित्य को लेकर पांच सौ से ज्यादा कार्यक्रम कर चुके हैं। इसी तरह उत्तर प्रदेश की सांची अग्रवाल 8 साल की उम्र में कथक, अर्ध-शास्त्रीय नृत्य, शास्त्रीय नृत्य और संस्कृत श्लोकों को याद करने में सिद्धहस्त हैं। इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में भी उनके नाम, दो प्रतिष्ठित रिकॉर्ड्स दर्ज हैं। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार विजेताओं की लिस्ट में तमिलनाडु की जनानी नारायणन भी शामिल हैं। 14 वर्षीय नारायणन, हरिकथा कलाकार और डेडिकेटेड कर्नाटक संगीत की स्टूडेंट हैं। जनानी को तमिलनाडु सरकार से भी प्रतिष्ठित कला इल्लमनी पुरस्कार मिल चुका है।

पुरस्कार प्राप्त करती केया हटकर

इन्होंने किया बहुत अलग: बच्चों, किसी की जिंदगी को आसान बनाने वाले नए उपकरण बनाना, इनोवेशन के साथ-साथ बहुत ही नेकी का भी काम है। कर्नाटक के 15 वर्षीय सिंधुरा राजा को पार्किंसंस रोगियों की मदद के लिए सेल्फ स्टेबलाइजिंग डिवाइस विकसित करने के लिए पुरस्कृत किया गया है। वहीं जम्मू-कश्मीर के 17 साल के ऋषिकेश कुमार ने टेक्निकल दुनिया में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कश्मीर की पहली साइबर सिक्योरिटी फर्म शुरू की है। ऋषिकेश अब एक एंटरप्रेन्योर है। ऋषिकेश ने 'हैकर्स पाठशाला' नाम की अपनी फर्म में अब तक 5,000 से ज्यादा स्टूडेंट्स को ट्रेनिंग दी है। इतना ही नहीं कल्चरल रिचुअल्स को बढ़ावा देने के लिए 'प्रार्थना' ऐप भी बनाया है। *

बेमिसाल है छत्तीसगढ़ की हेमवती नाग

बच्चों, छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्र कोंडागांव की रहने वाली हेमवती ने कठिन हालातों में भी हौसला बनाए रखा। मेहनत और संघर्ष के दम पर खेलो इंडिया नेशनल गेम्स और राष्ट्रीय स्तर की दूसरी प्रतियोगिताओं में 1 गोल्ड, 2 सिल्वर और 2 ब्रॉन्ज मेडल और स्टेट लेवल पर 11 गोल्ड मेडल जीतकर हेमवती ने साबित किया कि खुद को निखारने का जज्बा हो तो, सब कुछ संभव है। अपने पैरेंट्स को खोने के बाद कोंडागांव बालिका गृह में रहने वाली हेमवती 10वीं क्लास में पढ़ती है। हमारे देश की महामहिम राष्ट्रपति के हाथों राष्ट्रीय बाल पुरस्कार मिलने पर जब प्रधानमंत्री ने यह पूछा कि आगे क्या सोचा है? तब हेमवती ने कहा, 'ओलंपिक खेलों में मेडल जीतना है।' अपने देश का नाम रौशन करने का यह जज्बा कितनी सुंदर सीख देता है ना!

सजेशन / सरस्वती रमेश

बच्चों, नया साल शुरू हो चुका है। क्या तुमने नए साल पर कोई ऐसा रेजोल्यूशन यानी संकल्प लिया है कि यह साल तुम्हें बेहतर बनाए, सक्सेस दिलाए। अगर तुमने ऐसे रेजोल्यूशन नहीं लिए हैं तो जरूर लो।

नया वर्ष-नए संकल्प

हम सभी नए साल पर कुछ संकल्प लेते हैं, इसके पीछे यही उद्देश्य होता है कि खुद को पुराने साल की तुलना में और बेहतर बनाएं। नए साल में खुद को बेहतर बनाने के लिए कौन-सी बातें, आदतें अपनाकर, इनको अमल में लाने का संकल्प हम लें, जानो-

नहीं दोहरानी हैं पुरानी गलतियां: बच्चों, सबसे पहले बीते साल की अपनी उन गलतियों को याद करो, जिनसे तुम्हारा नुकसान हुआ या दूसरों की नजर में तुम्हारा इमेज गलत पड़ा हो। इस साल ऐसी गलती नहीं करने का संकल्प लो। अगर तुम्हारे किसी काम से मम्मी-पापा, टीचर्स या दोस्तों को तकलीफ पहुंची हो, तो इस तरह की गलती भी इस साल नहीं दोहरानी है। यदि मोबाइल की लत, आलस या खेल में ज्यादा टाइम वेस्ट करने की वजह से पिछले साल तुम्हारा रिजल्ट खराब रहा हो तो बीते साल से सबक लेकर तुम्हें अपनी ये आदतें इस साल सुधार लेनी हैं। इनमें से कोई गलती इस साल रिपीट नहीं करनी है।

अपनी अच्छी आदतें बनाए रखनी हैं: जहां तुम्हें पिछले साल की अपनी बुरी आदतें इस साल रिपीट नहीं करनी हैं, वहीं बीते साल में जो अच्छी आदतें अपनाई हैं, अच्छे काम किए हैं, इसे आगे भी करते रहो। किसी की मदद करना, अपने आस-पास के एरिया को साफ-सुथरा रखना, मम्मी-पापा के कामों में हाथ बंटाना, गरीब बच्चों को किताबें या कपड़े उपहार में देना, पेड़-पौधों की देखभाल करना जैसे काम यदि तुमने बीते वर्ष में किए हैं तो इसे जारी रखना है।

करना है प्रॉपर रूटीन फॉलो: लाइफ में सक्सेसफुल होने के लिए एक प्रॉपर रूटीन और डिसिप्लिन बहुत जरूरी है। तुम्हें समय से सोना और जागना चाहिए। साथ ही पढ़ाई-लिखाई, होम-वर्क, खाना-पीना, खेल-कूद और अपने बाकी सारे काम सही समय पर, सही ढंग से करने चाहिए। इस साल ऐसा करने का संकल्प जरूर लो।

हेल्दी डाइट लेना: आजकल बच्चे अनहेल्दी फास्ट-फूड्स जैसे पिज्जा, चाऊमीन, बर्गर आदि खाना ज्यादा पसंद करते हैं, जो हेल्थ के लिए नुकसानदायक हैं। अगर तुम फिजिकली और मेंटली फिट रहना चाहते हो, तो हेल्दी डाइट खाने का रेजोल्यूशन लो। फास्ट फूड्स से दूर रहो और घर में बना हेल्दी फूड खाने की हैबिट बनाओ। *

यह रेजोल्यूशन है सबसे जरूरी

बच्चों, यह देखा गया है हम उत्साह में आकर रेजोल्यूशन ले जरूर लेते हैं लेकिन बहुत जल्दी इसे भूल जाते हैं, जबकि रेजोल्यूशन अपने आपमें सुधार लाने के लिए, अपनी सफलता के लिए जरूरी होते हैं। इसलिए जो रेजोल्यूशंस लो, उसमें एक रेजोल्यूशन यह भी लो कि हमने जो रेजोल्यूशंस लिए हैं, उसे पूरा जरूर करेंगे।

कविता / राजा चौरसिया

नए साल की तुम्हें बधाई

कितना स्वर्णिम अवसर आया
खुशी बहुत मन में है छाई।
इसीलिए तो हम देते हैं
नए साल की तुम्हें बधाई।
हर पल होता मूल्यवान है
वर्तमान की शक्ति-साधना।
फूलो और फलो तुम हंसकर
यही हमारी मनोकामना।
विद्या धन से बड़ा न कोई
और दूसरा धन होता है।
सजग हमेशा पाए सफलता
मनुज आलसी ही खोता है।

दूध-भात सा मेल परस्पर
रात और दिन बहुत जरूरी।
जीवन में घर से बाहर तक
रहने पाए कोई न दूरी।
पिछली भूलों को भूलें अब
दिल-दिमाग नित रहें टनाटन।
सभी बड़ों का हाव-भाव से
करना है वंदन, अभिवादन।

जीके क्विज-135

1. अभी हाल ही में किस भारतीय महिला चेस प्लेयर ने विश्व रैपिड शतरंज चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया?
2. मौर्य साम्राज्य की स्थापना किसने की थी?
3. भारत की वर्तमान वित्त मंत्री कौन हैं?
4. हाल ही में आइसलैंड की सबसे युवा प्रधानमंत्री कौन बनी हैं?
5. ताजमहल का निर्माण किसने करवाया था?
6. भारत छोड़ो आंदोलन कब शुरू हुआ था?
7. राजधानी दिल्ली किस नदी के तट पर बसा हुआ है?
8. कुचिपुड़ी किस राज्य का लोकनृत्य है?
9. हीराकुंड बांध किस राज्य में स्थित है?
10. भारत की सबसे लंबी सुरंग (टनल) कौन-सी है?

बच्चों, जीके क्विज-135 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-134 का उत्तर : 1.स्मृति मंधाना, 2.नारायण पंडित, 3.अटल बिहारी बाजपेयी, 4.खान अब्दुल गफ्फार खान, 5. 6 वर्ष, 6.हमिंग बर्ड, 7.क्रिकेट, 8.रिजर्व बैंक, 9.ओजोन, 10.कलिंग युद्ध

जीके क्विज-134 का सही उत्तर देने वाले : राजेश-अंबिकापुर, कबीर-हिसार, पुष्पा-राजपुर, झरना-ईमेल से, बी. आकांक्षा-अहमदाबाद, बी. ईशान-अहमदाबाद, रोशन-बिलासपुर, अमित-रायपुर, अनीश-दिल्ली, लक्ष्य-रोहतक

कहानी
दिनेश विजयवर्गीय

स्कूल के विंटर वेकेशन में क्या, इसके बाद भी सुमित का अधिकतर समय खेल-कूद में ही बीतता। मम्मी के समझाने का भी उस पर कोई असर नहीं हुआ। लेकिन एक दिन सुमित के एक फ्रेंड विनीत ने जब खेलने के लिए अपनी ना आने की वजह बताई तो उसकी आंखें खुल गईं। इसके बाद सुमित ने जो संकल्प लिया, मम्मी-पापा भी बहुत खुश हुए।

नए साल का संकल्प

स्कूल में विंटर वेकेशन के शुरू होने के बाद सुमित पढ़ाई-लिखाई से अधिक खेल-कूद में लगा रहता था। आज भी सुमित सुबह नाश्ता करके पास के पार्क में अपने फ्रेंड्स रोहन, राहुल, विनीत के साथ खेलने के लिए जूते पहन कर जाने को हुआ तो मम्मी ने टोका, 'सुमित, जब से तुम्हारे स्कूल में विंटर वेकेशन शुरू हुआ है, तभी से तुम सुबह-शाम अपने दोस्तों के साथ खेलने चले जाते हो। खेलने में कोई बुराई नहीं है, लेकिन खेल की वजह से पढ़ाई का नुकसान करना अच्छी बात नहीं है। जरा सोचो, तुम्हारे हाफ ईयरली एग्जाम में मार्क्स कम आए हैं। अगर तुम्हारा यही रूटीन रहा तो तुम्हारे एनुअल एग्जाम में कैसे मार्क्स आएंगे?'

सुमित को खेलने में खूब मजा आता है। उसे मम्मी की बात बहुत कड़वी लगी। मम्मी के टोकने के बाद भी वह खेलने चला गया। किचेन में काम कर रहीं मम्मी सोचती रहीं, 'इसकी जितनी रुचि खेल में है, उतनी पढ़ाई में हो तो कितना अच्छा हो! जरूर क्लास में अच्छी पोजिशन आएगी।'

मम्मी किचेन के काम निपटाकर नहाने जा रही थीं कि सुमित मुंह लटकाए वापस लौट आया। उसे देख मम्मी चौंकीं, 'अरे! इतनी जल्दी आ गए! आज खेले नहीं क्या?'

'आज मेरे फ्रेंड्स खेलने नहीं आए, पता नहीं क्यों? हो सकता है शाम को आएं।' कहते हुए सुमित अनमने ढंग से अपने कमरे में जाकर कोर्स की एक किताब लेकर पढ़ने बैठ गया।

मम्मी भी नहा-धोकर खाने की तैयारी करने लगीं। सुमित को पढ़ता देख वह बोलीं, 'अगले माह टेस्ट है बेटा, उसकी तैयारी में जोर-शोर से जुट जाओ।'

इसी बीच सुमित का फ्रेंड विनीत आ गया। उसे देख वह अपने रूम से बाहर आ गया। सुमित ने विनीत से पूछा, 'आज खेलने क्यों नहीं आए? रोहन, राहुल भी क्यों नहीं आए खेलने?'

'सुमित, जनवरी के दूसरे वीक में टेस्ट होने वाले हैं। उसकी भी तो तैयारी करनी है, तभी अच्छे मार्क्स आएंगे। इसलिए खेल के साथ पढ़ाई भी जरूरी है। रोहन, राहुल और मैंने सुबह खेलना बंद कर दिया है। बस शाम को ही खेलेंगे। हमारे मम्मी-पापा इस डिसीजन से बहुत खुश हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों का मुख्य काम पढ़ना है। खेलकूद बाद की बातें हैं।' विनीत ने कहा।

'ओह, अच्छा..!' सुमित ने कुछ सोचते हुए कहा।

विनीत ने अपनी बात जारी रखी, 'सुमित, अब तुम भी पढ़ाई में ध्यान दो। तुम्हारे तो हाफ ईयरली एग्जाम में भी मार्क्स कम आए थे। इसलिए अब रेग्युलर पढ़ाई में लग जाओ।' कुछ देर इसी तरह की और बातें कर, विनीत शाम को खेलने की बात कह अपने घर चला गया।

सुमित के मम्मी-पापा भी विनीत की बातें सुनकर मन ही मन उसकी समझदारी पर प्रसन्न हुए। पापा ने सुमित को समझाया, 'देखो बेटा सुमित! तुम्हारे फ्रेंड ने कितनी अच्छी बात कही। पहले पढ़ाई, बाद में खेलकूद। अब तुम सोचो, जब तुम पढ़ोगे तभी बेहतर परफॉर्म कर पाओगे, अच्छे मार्क्स आएंगे। इससे तुम्हारा करियर भी सही दिशा में आगे बढ़ेगा, संवरेगा।'

'रोज नियम से पढ़ोगे तो टीचर्स की निगाह में भी एक अच्छे पढ़ने वाले बच्चे साबित होगे। सभी तुम्हें पसंद करेंगे।' मम्मी ने भी पापा की बात में अपनी बात जोड़ी।

सुमित पर पापा-मम्मी और विनीत की बात का अच्छा असर हुआ, वह बोला, 'ठीक है पापा-मम्मी, मैं आप दोनों की बातें समझ गया। मैंने सोचा है कि अब मैं ऐसा ही करूंगा, जैसा आप लोग कह रहे हैं।'

'बेटा, बात सोचने की नहीं, संकल्प करने और इस संकल्प को अमल में लाने की है।' पापा बोले।

दो दिन बाद नए साल का पहला दिन आया। सुबह-सुबह सुमित ने अपने मम्मी-पापा के पैर छू कर कहा, 'मैं संकल्प लेता हूं कि आज से मैं रेग्युलर मन लगाकर पढ़ाई करूंगा। पहले पढ़ाई फिर खेलकूद।'

'शाबाश बेटा! हमारा आशीर्वाद है, तुम्हारा यह संकल्प पूरा हो और तुम पढ़ाई में अच्छे मार्क्स लाओ।' पापा ने कहा। मम्मी भी सुमित के संकल्प से खुश हुईं, उसे गले लगा कर नए वर्ष की बधाई दी। *

कविता
सुरेंद्र विक्रम

झूम-झूम गीत नए गाएं, इस साल में

बढ़ा हुआ बोझ नहीं, खुशियां हों बस्ते में।
शूल नहीं फूल मिले, हमको हर रस्ते में।
बंधन से दूर बने पाठशाला मस्ती की
झूम-झूम गीत नए गाएं, इस साल में।
खेल भी जरूरी हो, विषय-विषय न भटकें।
रोज नई राह मिले, जिसमें कभी न अटकें।
खुला आसमान रहे, मस्ती की चाल में
झूम-झूम गीत नए गाएं, इस साल में।
सपनों का महल बने, टूटने न पाए
लक्ष्य तक पहुंच जाएं, छूटने न पाए।
सुखमय माहौल बने, फंसें नहीं जाल में।
झूम-झूम गीत नए गाएं, इस साल में।
सफल हों परीक्षा सब, यह सबकी इच्छा है।
देश को बनाने में, अपनी परीक्षा है।
पहुंचे उस मंजिल तक, नए सुर-ताल में
झूम-झूम गीत नए गाएं, इस साल में।
इक्कीसवीं सदी अपनी, करके सच दिखाना है
उनकी क्यों फिक्र करें, जिन्हें आजमाना है।
लक्ष्य साफ-सुथरा हो, जीतें हर हाल में
झूम-झूम गीत नए गाएं, इस साल में।

अंतर बताओ

बच्चों, यहां एक समान दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। लेकिन इनमें 6 अंतर हैं। तुम्हें तीन मिनट में ये सभी अंतर खोजकर बताने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट सारे अंतर खोजो।

उत्तर: 1.बाईं तरफ पेड़ के ऊपर से म्यूजिक का सिंबल गायब है। 2.एकदम बाईं तरफ खड़ी लड़की की स्कर्ट प्रिंटेड है। 3.हैट वाले लड़के की बाईं आंख खुली हुई है। 4.बीच में खड़े लड़के की टी-शर्ट का कलर बदला हुआ है। 5.दाएं से सेकेंड नंबर पर खड़ा लड़का हंसने के बजाय स्माइल कर रहा है। 6.एकदम दाईं तरफ खड़ी लड़की के सॉक्स की लेंथ ज्यादा है।

रास्ता बताओ

बच्चों, सचिन को अपने एक फ्रेंड की बर्थडे पार्टी में शामिल होना है, लेकिन वह पार्टी वाले प्लेस तक पहुंचने का रास्ता ही भूल गया है। बच्चों, सचिन की मदद करो, वह किस रास्ते से बर्थडे पार्टी में जल्दी पहुंचे?

सही परछाई पहचानो

बच्चों, यहां बाईं तरफ ट्वॉय का चित्र दिया गया है। उसके बगल में चार परछाइयां दी गई हैं। ध्यान से देखकर बताओ कि ट्वॉय के चित्र की सही परछाई कौन-सी है?

उत्तर : B

सीएम पचमढ़ी पहुंचे, नए साल का लुत्फ उठाया, लोगों को नए साल की शुभकामनाएं दी

मुख्यमंत्री ने पचमढ़ी में प्राकृतिक रेशमी वस्त्रों की प्रदर्शनी देखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव नए साल का जश्न मनाने नर्मदापुरम जिले के मढ़ई पहुंचे थे। वहां से वे पर्यटन केंद्र पचमढ़ी पहुंचे। उनके दो दिनी प्रवास के लिए पुलिस व प्रशासन की ओर से सभी तरह के इंतजाम किए गए हैं।

मुख्यमंत्री जहां-जहां भी पहुंचें, उससे पहले ही वहां चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की गई। इस दौरान उन्होंने स्थानीय मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश में सुख-समृद्धि और शांति की प्रार्थना की। उन्होंने लोगों को नए साल की शुभकामनाएं दी।

मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश में सुख-समृद्धि और शांति की प्रार्थना की

प्रवास में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और लोगों से भेंट की

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एमपी सिल्क फेडरेशन टीम को बधाई दी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अनूठी प्रदर्शनी के लिए एमपी सिल्क फेडरेशन टीम को बधाई दीं। मुख्यमंत्री ने पचमढ़ी प्रवास में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और नागरिकों से भी भेंट की। उन्होंने सिल्क फेडरेशन के कर्मचारियों से सिल्क के कपड़ों आदि के बारे में जानकारी ली और उनसे उनकी समस्याओं पर बात की। मुख्यमंत्री ने कहा कि मप्र को निरंतर ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। आम लोगों को भी इसमे अपना सहयोग देना चाहिए।

रेशमी वस्त्र निर्माण, बिक्री की जानकारी ली

मुख्यमंत्री बुधवार को प्राकृतिक रेशमी वस्त्रों की विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शनी प्राकृत- द गिफ्ट ऑफ नेच्यूरल का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वस्त्रों के निर्माण, विक्रय व्यवस्था आदि की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र में पचमढ़ी न केवल अप्रतिम सुंदरता और पर्यटन के लिए प्रसिद्ध है, बल्कि प्रदेश के वस्त्र शिल्पियों के बनाए कलात्मक वस्त्रों के विक्रय की दृष्टि से भी देशी-विदेशी पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र है।

मुख्यमंत्री ने चौरागढ़ में बड़े महादेव के किए दर्शन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वर्ष 2025 के आगमन के अवसर पर प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पचमढ़ी में बड़े महादेव का दर्शन एवं पूजन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव की धर्मपत्नी श्रीमती सीमा यादव साथ थीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महादेव से प्रदेशवासियों पर कृपा बरसाने और सबके सुख-समृद्धि एवं शांति के लिए मंगल कामना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सतपुड़ा पर्वत की चौरागढ़ पहाड़ी पर विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पचमढ़ी में बड़ा महादेव गुफा मंदिर में स्थित गुफाएं काफी प्राचीन हैं। पर्यटन की दृष्टि से आकर्षण का केंद्र हैं। यहां स्थित मंदिर के बारे में अनेक पौराणिक कथाओं में वर्णन मिलता है।

खबर संक्षेप

मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत छात्रवृत्ति का भुगतान अब यूनि-पे से होगा

भोपाल । नव वर्ष से मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत पंजीकृत पात्र बालिकाओं को छात्रवृत्ति एवं प्रोत्साहन राशि का भुगतान यूनि-पे के माध्यम से किया जाएगा। यह व्यवस्था लागू होने से अब छात्रवृत्ति एवं प्रोत्साहन राशि का भुगतान बालिका के खाते में सीधे यूनि-पे से हो सकेगा। भुगतान की सूचना भी मोबाइल पर एसएमएस से बालिका को मिलेगी। इस तरह भुगतान की प्रकिया अब और अधिक सटीक हो गई है। महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने बताया कि अब तक लगभग 29 लाख से अधिक बालिकाओं को 813.64 करोड़ रुपए की छात्रवृत्ति स्वीकृत की जा चुकी है। पूर्व में यह राशि जिलों की ओर से आहरित कर सम्बंधित बालिका के खाते में डिपोजिट की जाती थी, इसमें समय लगता था और बालिका को सूचना भी नहीं प्राप्त हो पाती थी।

छत्तीसगढ़ में 'रॉन्ग साइड ऑफ द रोड' के तहत टैब लैब लॉन्च

रायपुर। डियाजियो इंडिया ने भारत केयर्स और जिला परिवहन कार्यालय कबीरधाम के सहयोग से अपनी 'रॉन्ग साइड ऑफ द रोड' पहल के तहत एक नया ड्राइवर सेंसिटाइजेशन टैब लैब लॉन्च किया। इस केंद्र का उद्घाटन उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने किया। यह पहल डियाजियो इंडिया के 10 राज्यों में स्थित 55 रीजनल ट्रांसपोर्ट ऑफिस में पहले से मौजूद टैब लैब नेटवर्क का हिस्सा है। डियाजियो इंडिया की 'स्पिरिट ऑफ प्रोग्रेस' ईएसजी एक्शन प्लान के तहत यह पहल जिम्मेदार उपभोग को बढ़ावा देने, शराब पीकर गाड़ी चलाने के खतरों के बारे में जागरूकता फैलाने व शैक्षिक अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। नया टैब लैब अनिवार्य 45 मिनट का मॉड्यूल प्रदान करता है। इस मॉड्यूल में रोचक वीडियो सामग्री और व्यवहार मूल्यांकन शामिल हैं, जो जिम्मेदार ड्राइविंग आदतों को विकसित करने और तेज गति, शराब पीकर ड्राइविंग और जल्दबाजी के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को कम करने का लक्ष्य रखते हैं।

युवक की हत्या के बाद अज्ञात आरोपी ने जलाया उसका शव पुलिस कर रही घटना की जांच

बेमेतरा। बेरला थाना क्षेत्र के लावातरा गांव में अज्ञात आरोपी ने युवक की धारदार हथियार से हत्या कर दी। इसके बाद शव को छिपाने के लिए उसे धान के पैरा में जला दिया। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा मामला दर्ज किया है। बेरला थाना प्रभारी मयंक मिश्रा ने बताया कि मृतक का नाम सनत साहू पुत्र रामा साहू (36) निवासी ग्राम लावातरा है। सनत कुमार साहू के घर पूजा करने उसका भाई डामर साहू नारियल लेकर गया था, तब उसने देखा कि सनत साहू के घर का मुख्य दरवाजा खुला हुआ था। घर मे धुंआ भरा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो कोठा में पैरा जल रहा था। उसके ऊपर सनत का शरीर रखा हुआ था। लोगों के सहयोग से मृतक सनत के जलते हुए शरीर को निकालकर घर के बाहर प्रांगण में रखा।

प्रधानमंत्री भी चाहते हैं सुशासन के लिए डिजिटाइजेशन बढ़े: डॉ. मोहन

मुख्यमंत्री ने किया ई-ऑफिस प्रणाली का शुभारंभ, मंत्रालय में हुई शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सुशासन के क्षेत्र में मप्र ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। मप्र सरकार निरंतर अपनी सभी व्यवस्थाओं को ऑनलाइन करना चाहती है। डिजिटाइजेशन के माध्यम से सभी योजनाओं को बेहतर ढंग से लागू करने, विभागों का समन्वय बढ़ाने और जन कल्याण की गति तेज करने में आसानी होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी डिजिटाइजेशन के अभियान को आज के युग में पारदर्शिता की दृष्टि से और कार्यों की तत्परता की दृष्टि से आवश्यक मानते हैं। यह सुशासन की दिशा में ठोस कदम है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव एक दिन पहले मंगलवार को नर्मदापुरम जिले के पचमढ़ी पहुंचे थे। बुधवार को उन्होंने दिन भर पर्यटन स्थल पचमढ़ी में नए साल का लुत्फ उठाया। इसके बाद वे देर शाम भोपाल पहुंचे थे। इसके बाद उन्होंने समत्व भवन मुख्यमंत्री निवास से ई-ऑफिस क्रियान्वयन प्रणाली का शुभारंभ करते हुए कहा कि अनेक जन हितैषी कार्यक्रमों, गरीब, महिला, किसान और युवा वर्ग के कल्याण को फोकस करते हुए मप्र सरकार डिजिटाइजेशन के माध्यम से आगे बढ़ना चाहती है। इस सिलसिले में आज से इस प्रणाली के माध्यम से कार्य प्रारंभ किया गया है।

> पारदर्शिता, तत्परता और जनकल्याणकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन का लक्ष्य होगा पूर्ण

आम जनता को व्यवस्था से मिलेगी राहत

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आशा व्यक्त की कि आम जनता को इस व्यवस्था से राहत प्राप्त होगी। विभिन्न विभागों की ओर से एक जनवरी 2025 से समस्त नस्तियों को ई- ऑफिस के माध्यम से संचालित किए जाने का निर्णय लिया गया है। इससे विभागों के कार्य प्रचलित नस्तियों के स्थान पर ही ई-ऑफिस के माध्यम से होंगे। इसके लिए विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षित भी किया गया है। इस प्रणाली का शीघ्र ही समस्त विभागों की ओर से क्रियान्वयन हो इस उद्देश्य से विभाग प्रक्रिया पूर्ण करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ई-ऑफिस प्रणाली की शुरुआत के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों और अमले को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। ई-ऑफिस प्रणाली के शुभारंभ अवसर पर अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

पहले मंत्रालय में शुरू हुई, अब संचालनालयों में भी ई-ऑफिस

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने पिछले दो महीने पहले ही सभी विभागों के अधिकारियों से स्पष्ट किया था कि हर हाल में उन्हें ई-ऑफिस पर ही काम करना है। इसके लिए उन्होंने एक जनवरी की डेट लाइन दी थी। उन्होंने सभी विभागों को स्पष्ट हिदायत थी कि वे किसी भी कीमत पर मंत्रालय में ई-ऑफिस शुरू होना है। इसमें किसी भी तरह की हीलाहवाली बर्दास्त नहीं करेंगे। अब मंत्रालय के बाद संचालनालय स्तर पर ई-ऑफिस शुरू होगा। इसके बाद तीसरे चरण में जिले स्तर पर ई-ऑफिस प्रणाली शुरू होगी।

हितग्राहियों के लिए प्रक्रिया एवं निर्देश जारी

आयुष्मान योजना में इलाज के दौरान किसी भी तरह के भुगतान की जरूरत नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

◆ अस्पताल अगर अतिरिक्त राशि मांगे तो हेल्पलाइन नंबर पर करें शिकायत

आयुष्मान योजना में उपचार के दौरान हितग्राही को किसी भी प्रकार की राशि का भुगतान करने की जरूरत नहीं है। यदि किसी उपकरण, दवा या सेवा के लिए अस्पताल की ओर से अतिरिक्त राशि चार्ज की जाती है, तो हितग्राही को तुरंत हेल्पलाइन नंबर पर इसकी जानकारी देनी चाहिए। उपचार पूरा होने के बाद डिस्चार्ज के समय निल (शून्य बकाया) राशि का बिल प्राप्त करना सुनिश्चित करें। अस्पताल से मंगलकामना पत्र लेना न भूलें। इस तरह का निर्देश आयुष्मान भारत योजना ने जारी की है।

राज्य सरकार ने आयुष्मान योजना में निजी अस्पतालों की शिकायतों के बाद स्पष्ट किया कि इस योजना के तहत इलाज में किसी भी तरह का भुगतान नहीं करना होगा। आयुष्मान भारत योजना के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) डॉ. योगेश भरसट ने आयुष्मान भारत योजना में हितग्राहियों को निःशुल्क उपचार प्रदान करने के लिए प्रक्रियाओं और निर्देशों की जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि इन प्रक्रियाओं और निर्देशों का पालन करके हितग्राही आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क उपचार का लाभ सहजता से प्राप्त कर सकते हैं।

मप्र हेल्पलाइन नंबर 18002332085 जारी

सीईओ ने बताया कि हितग्राही से अपेक्षा की जाती है कि वे उपचार के बाद फीडबैक फॉर्म को सही जानकारी के साथ भरें और हस्ताक्षर करें। यदि किसी स्तर पर अतिरिक्त राशि की मांग की जाती है या किसी प्रकार की असुविधा होती है, तो हितग्राही को तुरंत एनएचए हेल्पलाइन नंबर 14555 या एसएचए मप्र हेल्पलाइन नंबर 18002332085 पर शिकायत दर्ज करायएं।

हितग्राही को क्या करना है?

हितग्राही मरीज अस्पताल पहुंचने के बाद सबसे पहले आयुष्मान योजना के लिए पंजीकृत कियोस्क का पता करें और अपने आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, राशन कार्ड, समग्र आईडी, पात्रता पर्ची, संबल कार्ड या बीओसीडब्ल्यू कार्ड को आयुष्मान मित्र को दिखाएं। पात्रता सत्यापन के दौरान आयुष्मान मित्र आपके आयुष्मान कार्ड और आधार, समग्र आईडी का मिलान करेगा और उपचार के लिए अस्पताल की पात्रता सुनिश्चित करेगा। सत्यापन के बाद आयुष्मान मित्र आपको निःशुल्क उपचार की प्रक्रिया समझाएगा और चिकित्सीय परामर्श तथा उपचार की प्रक्रिया शुरू होगी।

बोधघाट पुलिस कर रही मामले की जांच

महिला की हत्या, लूटपाट की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

शहर से सटे करकापाल के एक मकान में एक महिला का शव मिलने की सूचना मिलते ही सनसनी फैल गई। मामले की जानकारी लगते ही बोधघाट पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है। वहीं शव को पीएम के लिए भेजा गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, बस्तर में बीएमओ के पद में पदस्थ रहे बीडी राय की पत्नी डॉक्टर अर्चना घोष अपने अनुकूल देव वार्ड स्थित घर में थी।

> परिवार में शादी के चलते गहने खरीदी की चर्चा

ऐसा बताया जा रहा है कि परिवार के द्वारा अपने बड़े बेटे की शादी के लिए कुछ दिन पूर्व गहने खरीदे जाने की बात सामने आई थी। सुबह जब परिवार के लोगों ने महिला के कमरे में जाकर देखा तो डॉक्टर अर्चना रॉय का शव मिला। जिसके बाद परिवार के लोगों को मामले की जानकारी दी गई। ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि महिला की हत्या की गई है। घर से सामान को लूटकर ले जाया गया है। फिलहाल मामले की जांच में पुलिस जुट गई है। पुलिस भी परिजनों से बात कर रही है। जांच के बाद ही मामले का खुलासा हो पायेगा। शव को पीएम के लिए मेकाज भेजा गया है। पीएम रिपोर्ट के बाद ही मामले का खुलासा हो पायेगा। इस मामले में बोधघाट थाना प्रभारी लीलाधर राठौर का कहना है कि जांच का विषय है पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही इसका खुलासा हो पायेगा।

सेना में लेफ्टिनेन्ट और मिलिट्री कॉलेज में निभा रहे अहम भूमिका

प्रदेश की दो युवा प्रतिभाओं पर नाजः सीएम साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने प्रदेश के दो युवाओं पर हर्ष जताया है। उन्होंने भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट नर्सिंग अफसर के रूप में सेवाएं दे रहीं छत्तीसगढ़ की बेटी वीणा साहू और राष्ट्रीय इंडियन मिलिट्री कॉलेज में चयनित बस्तर संभाग के फरसगांव के आदित्य सिंह के भारतीय सेना में चयनित होने पर खुशी जताई और कहा कि हमें आप दोनों पर नाज है। बता दें कि ये दोनों युवा साधारण परिवार से हैं।

साधारण पृष्ठभूमि के इन युवाओं ने देश की सेवा और भारतीय सेना में शामिल होने के अपने जुनून और जज्बे के चलते यह मुकाम हासिल किया है। वीणा साहू बालोद जिले के जमरूवा गांव के किसान चेतन साहू की बेटी हैं। वीणा साहू का सपना मिलिट्री में जाने का था, जो उन्होंने अपने लगन और मेहनत से पूरा कर दिखाया। आदित्य सिंह के पिता जयप्रकाश सिंह जनरल स्टोर चलाते हैं। आदित्य के पिता एयरफोर्स में जाना चाहते थे, लेकिन सफल नहीं हो पाए। उनका यह सपना उनके बेटे ने अपनी मेहनत और लगन से साकार कर दिखाया है।

वीणा साहू को फोन पर दी बधाई

मुख्यमंत्री साय ने वीणा साहू से फोन पर बात कर उन्हें उनकी इस उपलब्धि के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी और उनका उत्साहवर्धन किया। वीणा साहू छुट्टियों में अपने घर आई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेटियां हमारा स्वाभिमान है, छत्तीसगढ़ की शान हैं। उन्होंने वीणा साहू से कहा कि आपने छत्तीसगढ़ का नाम रौशन किया है, छत्तीसगढ़ का नाम ऊंचा किया है। वीणा साहू ने कहा कि नर्सिंग ऑफिसर बनकर हम उन लोगों की सेवा कर रहे हैं, जो देश की सेवा करते हैं। यह हमारे लिए गर्व की बात है।

आदित्य के पिता से भी फोन पर चर्चा

मुख्यमंत्री ने आदित्य सिंह की इस उपलब्धि के लिए उनके पिता से फोन पर बात कर उन्हें शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आदित्य की यह सफलता पूरे प्रदेश के लिए गर्वित करने वाला पल है, आदित्य को भी इस उपलब्धि के लिए बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं।

वर्ष 2024 में मप्र के संतुलित औद्योगिक विकास का लिखा नया अध्याय

आरआईसी में 259 औद्योगिक इकाइयों का हुआ भूमिपूजन एवं लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में वर्ष 2024 में मप्र के संतुलित औद्योगिक निवेश का स्वर्णिम अध्याय लिखा गया। इस दौरान प्रदेश के 6 शहरों में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव (आरआईसी) आयोजित की गई, जिनमें 259 औद्योगिक इकाइयों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण किया गया। अधिकांश निवेशकों को कॉन्क्लेव के दौरान ही भूमि आवंटित कर दी गई। इन कॉन्क्लेव्स के परिणामस्वरूप प्रदेश में 18 हजार 197 करोड़ रुपए का निवेश आएगा और 32 हजार 905 लोगों को रोजगार मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव प्रदेश के सभी क्षेत्रों में समान औद्योगिक विकास को समर्पित एक ऐतिहासिक नवाचार है।

इन आयोजनों के माध्यम से सरकार ने न केवल निवेश आकर्षित किया है, बल्कि औद्योगिक विकास के जरिए सामाजिक और आर्थिक प्रगति का मार्ग भी प्रशस्त किया है।

इस वर्ष उज्जैन, जबलपुर, ग्वालियर, सागर, रीवा और नर्मदापुरम में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित किए गए। नई औद्योगिक इकाइयों से प्रदेश में रोजगार, विकास और समृद्धि का रास्ता खुलेगा और जीवन स्तर में सुधार आएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मप्र का हर शहर और हर गांव विकास यात्रा का मूक-दर्शक नहीं, बल्कि सक्रिय भागीदार बनेगा। इससे आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने में प्रदेश की महत्वपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित हो सकेगी।

शहर, कस्बों और गांवों तक औद्योगिक निवेश का लाभ

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव से न केवल बड़े शहरों में अपितु कस्बों और गांवों तक औद्योगिक निवेश का लाभ पहुंचेगा। उज्जैन, नर्मदापुरम, जबलपुर, ग्वालियर, रीवा और सागर जैसे क्षेत्रों में हुए निवेश से क्षेत्रीय असंतुलन को कम करने और विकास के विकेंद्रीकरण की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। आरआईसी में आए निवेशों से छोटे और मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) को बढ़ावा मिलेगा। कृषि प्रसंस्करण, कपड़ा, खाद्य उद्योग, और नवकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में निवेश से न केवल औद्योगिक उत्पादन बढ़ेगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर कारीगरों, किसानों और उद्यमियों को भी सशक्त बनाया जाएगा। औद्योगिक इकाइयों के स्थापित होने से बुनियादी ढांचे का विकास होगा। बिजली, पानी, सड़कों और लॉजिस्टिक नेटवर्क का विस्तार होगा, जो स्थानीय निवासियों और व्यवसायियों के लिए लाभकारी होगा।

259 औद्योगिक इकाइयों के लिए 18 हजार 197 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव

उज्जैन आरआईसी में 61 औद्योगिक इकाइयों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण हुआ, इनसे 10 हजार 59 करोड़ रुपए का निवेश आएगा और 16 हजार 968 रोजगार सृजित होंगे। जबलपुर आरआईसी में 67 औद्योगिक इकाइयों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण हुआ, जिनसे एक हजार 531 करोड़ रुपए का निवेश और 4 हजार 560 रोजगार सृजित होंगे। ग्वालियर आरआईसी में 28 औद्योगिक इकाइयों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण हुआ, जिनसे एक हजार 321 करोड़ रूपये का निवेश आएगा और 3 हजार 785 रोजगार सृजित होंगे। रीवा आरआईसी में 21 औद्योगिक इकाइयों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण हुआ, जिनसे 2 हजार 690 करोड़ रुपए का निवेश आएगा और एक हजार 830 रोजगार सृजित होंगे। नर्मदापुरम आरआईसी में 82 इकाइयों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण हुआ, जिनसे 2 हजार 595 करोड़ का निवेश और 5 हजार 762 रोजगार सृजित होंगे। सागर आरआईसी में 1,646 करोड़ रुपए के निवेश आएगा और 5,944 रोजगार सृजित होंगे।

2 करोड़ 2 लाख कीमत की 23 कारें जब्त

लग्जरी कारों को किराए पर लेकर बेचने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

महंगी कारों को किराये पर लेकर धोखाधड़ी करते हुए दूसरे व्यक्तियों को बेचने वाले आरोपी को रायपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से दो करोड़ दो लाख की कुल 23 कारों को जब्त किया गया है। आरोपी कार मालिकों से किराये पर कार लेकर इस धोखाधड़ी की घटना को अंजाम देता था।

एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट और थाना सिविल लाइन ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए आरोपी और अन्य लोगों से 23 वाहनों को जब्त किया है। जब्त मशरूका की कुल कीमत है दो करोड़ दो लाख रुपये हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी के संबंध में सूचना एवं जानकारी एकत्र कर उसकी पतासाजी कर रही थी। इसी तारतम्य में आरोपी जगमोहन सिंह मशराम के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी मिली। फिर पुलिस ने आरोपी को पकड़कर पूछताछ करने पर उसने घटना को अंजाम देना कबूल कर लिया। ठग आरोपी जगमोहन सिंह मशराम के कब्जे से

चिंतन

साइबर ठगी की बढ़ती घटनाएं चिंताजनक

वित्तीय डिजिटल दुनिया असुरक्षित होती जा रही है। डिजिटल क्षेत्र का जितना तेजी से विस्तार हो रहा है, उसी तेजी से खतरा भी बढ़ रहा है। देश में साइबर ठगी व्यापक समस्या बनकर उभर रही है। हर पल कोई न कोई साइबर ठगी का शिकार हो रहा है। सबसे अधिक बेरोजगार युवाओं, गृहणियों और छात्रों को निशाना बनाकर साइबर धोखाधड़ी की जा रही है। डिजिटल सेक्टर अपने विकास यात्रा की शिशु अवस्था में ही है, लेकिन इस अवस्था में ही इतने खतरे सामने आ रहे हैं कि लोग इससे मुंह मोड़ना शुरू कर देंगे। केंद्रीय गृह मंत्रालय की नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट में कहा गया है कि साइबर ठग बुचरिंग स्कैम या निवेश घपले के जरिये लोगों के साथ मनी फ्रॉड कर रहे हैं, इसमें लोग प्रतिदिन करोड़ों रकम गंवा रहे हैं। जो लोग अधिक से अधिक ऑनलाइन पेमेंट करते हैं, असुरक्षित लिंक या वेबसाइट से ऑनलाइन खरीदारी करते हैं, ऐसे लोग साइबर ठग के रडार पर होते हैं। हाल में डिजिटल अरेस्ट के रूप में अनेक घटनाएं सामने आई हैं, जिनमें पीड़ित करोड़ों की रकम गंवा चुके हैं। एक समय था जब हैकिंग को बड़ा अपराध माना जाता था, पर अब बुलिंग, फिशिंग, रैनसमवेयर, डीडीओएस, पहचान की चोरी भी कम महत्व के साइबर अपराध हो चुके हैं। इस वक्त क्रिप्टोकरेंसी, स्टॉक मार्केट व कंपनियों में निवेश के नाम पर, बड़े मुनाफे का लालच देकर व डिजिटल अरेस्ट आदि अनेक तरीके से साइबर ठगी की जा रही है। गृह मंत्रालय की वर्ष 2023-24 की रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2021 से मार्च 2024 के बीच भारत में 14,570 करोड़ रुपये की साइबर धोखाधड़ी हो चुकी है। रिपोर्ट के अनुसार देश में इस दौरान साइबर अपराध की 2.16 करोड़ शिकायतें सामने आई हैं। स्टेटिस्टा का अनुमान है कि वर्ष 2023-24 से वर्ष 2028 तक साइबर अपराध की अनुमानित लागत 5.7 ट्रिलियन यूएस डॉलर से बढ़कर वर्ष 2028 तक 13.82 ट्रिलियन यूएस डॉलर हो जाएगी। यह पांच वर्ष में 69.94 प्रतिशत की वृद्धि है। गृह मंत्रालय की रिपोर्ट में कहा गया है कि साइबर अपराध की शिकायतों की संख्या 2021 में 136,604 से बढ़कर 2022 में 513,334 और 2023 में 1,129,519 हो गई है। 2024 में मार्च तक 381,854 शिकायतें दर्ज की गईं। साइबर जालसाज अपराध शुरू करने के लिए गूगल सेवा प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल कर रहे हैं। गूगल विज्ञापन प्लेटफॉर्म सीमा पार से टारगेट विज्ञापन के लिए सुविधाजनक सुविधा प्रदान करता है। आज के दौर में 'पिग बुचरिंग स्कैम' या 'इन्वेस्टमेंट स्कैम' एक ग्लोबल घटना के रूप में उभरा है। इसमें बड़े पैमाने पर मनी लॉन्ड्रिंग और यहां तक कि साइबर स्लेवरी भी शामिल है। साइबर अपराधी भारत में अवैध रूप से ऋण देने वाले ऐप शुरू करने के लिए प्रायोजित फेसबुक का उपयोग कर रहे हैं। व्हाट्सऐप भारत में साइबर अपराधियों द्वारा दुरुपयोग किया जाने वाला सबसे बड़ा सोशल मीडिया मंच बना हुआ है। माना जाता है कि 2016 में चीन में शुरू हुआ 'पिग बुचरिंग स्कैम' भोले-भाले व्यक्तियों को निशाना बनाता है, जिनका साइबर अपराधी समय के साथ भरोसा जीतते हैं और अंततः उन्हें क्रिप्टोकरेंसी या किसी अन्य आकर्षक योजना में निवेश करने के लिए राजी कर लेते हैं और फिर उनकी रकम चोरी कर लेते हैं। इस खतरे पर अंकुश लगाने के लिए गृह मंत्रालय के भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) ने तत्काल कार्रवाई के लिए खतरे की खुफिया जानकारी साझा करने के वास्ते गूगल के साथ साझेदारी की है। आज साइबर सुरक्षा को अधिक प्रभावी बनाने की आवश्यकता है।

हादसे
विकेश कुमार बडोला

विमान यात्रा को सुरक्षित बनाना जरूरी

> सबसे बड़ी असुरक्षा वेदना और सर्वाधिक भय इस दुर्घटना में मारे गए यात्रियों के परिजनों को है, जो घटना के दो-तीन दिनों के बाद भी विश्वास नहीं कर पा रहे हैं कि उनके अपनों ने ऐसे यूं इस प्रकार अपने प्राण गंवा दिए हैं। वैसे दिन-प्रतिदिन आधुनिक से आधुनिकतम होती जा रही दुनिया में अधिसंख्य व्यक्ति किसी के भी प्रति वैसी संवेदना नहीं रखते, जैसी किसी के मरने पर किसी में कभी हुआ करती थीं। दक्षिण कोरिया, दुनिया, वायु यातायात नियंत्रण कंपनियों, वायु यान निर्मित करने वाली कंपनियों और दुर्घटना के समाचार से अवगत हुए लोगों में विमान दुर्घटना में दिवंगत लोगों के प्रति कोई विशेष संवेदना होने की स्थितियां-परिस्थितियां बची ही कहां हैं अब कहीं।

गत रविवार को दक्षिण कोरिया में एक यात्री विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ। विमानकर्मियों सहित कुल 181 लोग इस पर सवार थे। मुआन विमान-स्थल पर उतरते हुए इसमें आग लगी और देखते ही देखते भू-बल व अग्नि के कारण 179 लोगों की दुःखद मृत्यु हो गई। इनमें से 85 स्त्रियों और 84 पुरुषों की पहचान कर ली गई है, किंतु 10 मृतक ऐसे हैं जिनकी तात्कालिक लैंगिक पहचान नहीं हो सकी थी। घटना में केवल दो बच्चे जीवित बच सके हैं। स्थानीय वाईटीएन टेलीविजन द्वारा प्रसारित एक चलचित्र में स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि जेजू एअर नामक विमान विमान-स्थल के मार्ग पर फिसला और एक कंक्रीट दीवला से जा टकराया। यह चलचित्र प्रथम चलचित्र था। अन्य चलचित्रों में विमान को टकराकर टूटने के बाद जलते हुए और काला धुंआ छोड़ते हुए स्पष्ट देखा जा सकता है। अग्निशमन विभाग के प्रमुख ने पुष्टि की है कि विमान पूर्ण रूप से नष्ट हो गया। दक्षिण कोरियायी देश में हुई कुल विमान दुर्घटनाओं में से यह एक बड़ी दुर्घटना है। कोरिया के परिवहन मंत्रालय के अनुसार वायुयान 15 वर्ष पुराना बोइंग 737-800 संरूप धारी जेट था, जो बैंकाक से लौट रहा था। परिवहन मंत्रालय के अधिकारियों से घटना के स्पष्ट कारणों की जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी है।

आशंकाएं व्यक्त की जा रही हैं कि यान पक्षी या पक्षियों से टकराया हो, भूमार्ग पर उतरने की समयावधि में गति नियंत्रक उपकरणों में से कोई उपकरण क्षतिग्रस्त हो गया हो, भूमार्ग पर कोई अनापेक्षित अवरोधक पड़ा हो, पुराना होने के कारण विमान का कोई पेच या पुर्जा हिलडुल गया हो अथवा चालक व चालकों से कोई भूल या चूक हो गई हो। जो भी हुआ हो, किंतु उसका परिणाम अत्यंत दुःखद, हृदयविदारक और भयभीत करने वाला है। सबसे बड़ी असुरक्षा वेदना और सर्वाधिक भय इस दुर्घटना में मारे गए यात्रियों के परिजनों को है, जो घटना के दो-तीन दिनों के बाद भी विश्वास नहीं कर पा रहे हैं कि उनके अपनों ने ऐसे यूं इस प्रकार अपने प्राण गंवा दिए हैं। वैसे दिन-प्रतिदिन आधुनिक से आधुनिकतम होती जा रही दुनिया में अधिसंख्य व्यक्ति किसी के भी प्रति वैसी संवेदना नहीं रखते, जैसी किसी के मरने पर किसी में कभी हुआ करती थीं। दक्षिण कोरिया, दुनिया, वायु यातायात नियंत्रण कंपनियों, वायु यान निर्मित करने वाली कंपनियों और दुर्घटना के समाचार से अवगत हुए लोगों में विमान दुर्घटना में दिवंगत लोगों के प्रति कोई विशेष संवेदना होने की स्थितियां-परिस्थितियां बची ही कहां हैं अब कहीं। वास्तव में मनुष्य की एक शारीरिक-मानसिक सीमा है, आधुनिकता के समर्थक मनुष्यगण इस सत्य को स्वीकार ही नहीं करना चाहते। इसीलिए आधुनिक प्रगति के समर्थक लोग दुनिया में रहकर हर वह यंत्र, रसायन और उन्नत व्यवस्था बना-बसा देना चाहते हैं, जो एक क्षण के लिए तो आकर्षित करती है, किंतु दीर्घावधि में उन्हीं लोगों का राक्षसी दोहन करने लगती है, जिनके बारे में सोच-विचार कर इनकी उत्पत्ति हुई होती है। एक सीमा तक पूरा जीवित संसार, कोरियाई शासन-प्रशासन और लोग इतना भर आश्वस्त हो सकते हैं कि दुर्घटना का सजीव प्रसारण उनके पास है, और वे दुर्घटना के आघात से ठहराव मिलने के बाद, उसके आधार पर स्पष्ट देख सकते हैं कि उनके परिजन विमान दुर्घटना में मारे गए हैं और परिणाम में उनके मृत शरीर

अंतिम संस्कार हेतु उनके पास हैं, किंतु इसके विपरीत कल्पना करें उन विमान या यान दुर्घटनाओं की, जिनमें न तो विमान या यान के अंश और न ही इनके साथ अदृश्य हुए यात्रियों का ही कहीं, गहन खोज के बाद भी, मृत भी होने का कोई साक्ष्य मिल पाया है। आज तक ऐसे विमान और इनके यात्रियों का कुछ पता नहीं चल सका है। अंतरराष्ट्रीय नागरिक विमानन संगठन के पास उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, 19वीं शताब्दी में 28 जून 1856 से लेकर 14 जुलाई 1897 तक कुल 5 वायु वाहन दुर्घटनाग्रस्त या अदृश्य हुए थे। बीसवीं सदी में सन् 1901 से 1919 तक कुल 13 वाहनों के साथ दुर्घटना हुई। इनमें 11 लोग रहस्यमयी ढंग से अदृश्य हुए। इसी सदी में 1920 और 1939 की समयावधि में हुई 49 विमान दुर्घटनाओं में मृत 195 लोगों में से अधिसंख्य का पता नहीं चल पाया था। जैसे-जैसे दुनिया में वैज्ञानिक, औद्योगिक, यांत्रिक व प्रौद्योगिकीय उन्नति होती रही, उसी गति से वायुयान दुर्घटनाग्रस्त अथवा दुर्घटना में अदृश्य होते रहे। 1940 और 1959 की अवधि में 75 विमान आकाश में अनियंत्रित हुए। इनमें 1160 लोग लापता थे। 1960 से 1979 के मध्य 46 विमानों की दुर्गति हुई। इनमें 531 व्यक्ति काल-कवलित हुए। इसी प्रकार 1980 से 1999 के बीच 32 विमान-दुर्घटनाओं में 220 लोगों ने प्राण गंवाए। इक्कीसवीं सदी में भी विमान दुर्घनाओं की आवृत्ति कम नहीं हुई। 2000 से 2019 के बीच कुल 18 घटनाओं में 295 लोगों की जानें गईं। इस समयावधि में 8 मार्च 2014 को मलेशिया एयरलाइन्स के बोइंग 777-200ईआर की दुर्घटना भी सम्मिलित है। सन् 2019 तक यह सबसे बड़ी विमान दुर्घटना थी। इसमें 239 लोग सवार थे, जिनका आज तक कुछ भी पता नहीं चला है। इस घटना के बारे में ये प्रामाणिक तथ्य है कि यह विमान आस्ट्रेलिया के पश्चिम में स्थित हिंद महासागर के ऊपर से गायब हो गया था। हालांकि घटना के बहुत दिनों बाद विमान के कुछ अवशेष अवश्य प्राप्त हुए थे, लेकिन विमान अब भी अदृश्य ही है। इसके बाद 2 अप्रैल 2022 को फ्रांस से उड़ा एक विमान अत्यधिक घने बादलों में गायब हो गया था। जहां तक दो बड़ी विमान दुर्घटनाएं हैं उनमें मलेशियाई बोइंग और गत रविवार को दक्षिण कोरिया के यात्री विमान के साथ हुईं घटनाएं सबसे बड़ी और भयावह हैं। इनमें क्रमशः 239 और 179 लोगों ने अपने प्राण गंवाए। जब दक्षिण कोरिया का विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ तब ही कनाडा का एक विमान भी अनियंत्रित हुआ था। धनपतियों के स्वामित्व वाले अनेक निजी विमान भी यहां-वहां समुद्र के ऊपर अथवा किसी दुर्गम पहाड़ या सघन वनों के ऊपर आकाश में विचित्र परिस्थितियों में दुर्घटनाग्रस्त हुए हैं। वायु सेना के कई विमान भी व्योम में रहस्यमयी ढंग से गायब हो गए। समुद्र की सीमा तक आकाश में समुद्र से ऊपर एक निश्चित दूरी पर उड़ने वाले अनेक विमान अत्यंत रहस्यमयी परिस्थितियों में अदृश्य हो चुके हैं। आधुनिक एवं नवोन्नत प्रौद्योगिकीय उपकरणों के साथ वर्षों तक इन्हें ढूंढने के अनेक अभियान भी चलाए गए। अनेक देशों ने पारस्परिक खोज अभियान भी चलाए, पर अंततः सब विफल रहे। इस तरह आकाश की वैमानिकी-यात्रा दिनोंदिन असुरक्षित एवं भयाक्रांत होती जा रही है। विमानन कंपनियों और विमान व विमान से संबंधित उपकरण बनाने वाली कंपनियों को व्यापक स्तर पर यह प्रयास अवश्य करना चाहिए कि वे रहस्यमयी ढंग से गायब होने वाले विमानों का प्रामाणिक कारण खोजें और फिर विमान गायब होने की घटनाओं पर नियंत्रण करें। प्रत्येक देश के शासन और वैमानिकी शिक्षण-प्रशिक्षण में कार्यरत प्रतिष्ठानों को सामान्य विमान दुर्घटनाओं के परिचित, अपेक्षित और संभावित कारणों की भी सघन जांच-पड़ताल करनी चाहिए, ताकि यात्रियों के लिए वायुयात्राओं को चहुंदिश रूप में सुरक्षित से भी अधिक सुरक्षित किया जा सके।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

संस्कृति
योगेश कुमार सोनी

महाकुंभ -2025 सभी रिकॉर्ड तोड़ने को तैयार

प्रयागराज में महाकुंभ मेला 3 जनवरी से शुरू होने जा रहा है और समापन 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के दिन होगा। 2013 के बाद अब प्रयागराज में महाकुंभ होगा। इस मेले का इंतजार पूरी दुनिया में रह रहे सनातनियों को बहुत बेसब्री से रहता है चूंकि यह बारह वर्ष बाद आता है और इसकी मान्यता बहुत बड़ी है। हर बार की तरह तैयारी जोरों-शोरों पर है और सभी में बहुत उत्साह है। करोड़ों सनातनी अपनी आस्था को लेकर यहां डुबकी लगाने आते हैं। कुंभ सनातन धर्म का प्रतीक माना जाता है। यहां लोग पापों की क्षय और पुण्य की प्राप्ति के लिए आते हैं। लेकिन उनके इकट्ठा होने का लाभ जो धर्माचार्य हैं वो उठाते हैं और लोगों को दिलवाते हैं। पहले तो सामवेद होते हैं और सामवेद होकर पिछले 12 वर्षों की स्थिति का आकलन करते हैं। इसमें देखना यह होता है कि पिछले कुंभ में आए थे और अब परिस्थितियां क्या हैं इसकी समीक्षा होती है और कुंभ के लिए वहां से सनातनियों को संदेश मिलता है। बीते कुछ वर्षों में हिंदू अपने धर्म के प्रति बहुत जागरूक हुआ है। वैसे तो अब सभी हिन्दू तीर्थ स्थलों बहुत भीड़ होती है और यदि कुंभ के विषय में आप देखेंगे तो चालीस करोड़ से अधिक श्रद्धालु आ रहे हैं। पिछली बार भी लगभग 25 करोड़ श्रद्धालु आए थे। जब देश आजाद हुआ था तब डेढ़ करोड़ आए थे जबकि उस समय संचार की सुविधा भी बेहतर नहीं थी। हर बार की तरह कुंभ में भीड़ का रिकॉर्ड टूटने को तैयार है। यहां लोग सत्संग और दान भी करते हैं। माना जाता है कि इससे उनके पाप खत्म हो जाते हैं और दोबारा से तरोताजा होकर संसार की यात्रा में लग जाते हैं। कुंभ की उत्पत्ति समुद्र मंथन की पौराणिक कथा से जुड़ी हुई है, जब देवता और असुरों ने मिलकर समुद्र मंथन किया तब जो अमृत निकला इस अमृत को पीने के लिए दोनों पक्षों में युद्ध हुआ जो 12 दिनों तक चला था। यह बारह दिन पृथ्वी पर बारह वर्ष के बराबर थे इसलिए कुंभ का मेला 12 सालों में लगता है। संतों का कहना है कि कुंभ के बारे में सुनकर वहां बहुत सारे लोग आते हैं लेकिन वह कुंभ का पूरा लाभ नहीं उठा पाते क्योंकि कुंभ एक धार्मिक पर्व है,कोई घूमने-फिरने की जगह नहीं। वहां जो भी लोग जाएं, वे धार्मिक लाभ उठाएं चूंकि यह लाभ जीवन में ज्यादा बार नहीं मिल पाता। वहां जो भी आए वो धार्मिक आस्था के साथ ही आए और सात्विकता के नियमों का पालन करे। जितना उपलब्ध हो जाए, उतने में निर्वाह करने की मन में भावना रखें। हम पूरी जिंदगी सारे संसारी सुख को भोगते हैं लेकिन कुंभ में आने के बाद सुविधा का अत्यधिक प्रयोग न करें और जितने भी दिन आप यहां रहें उतने एक संन्यासी के आध्यात्मिक जीवन की तरह जीयें। बता दें कि प्रयागराज सनातन संस्कृति के प्राचीनतम नगरों में से एक है। प्रयागराज की महत्ता और प्राचीनता का विवरण ऋग्वेद से लेकर पुराणों और रामायण, महाभारत जैसे महाकाव्यों में मिलता है। सनातन के आराध्य प्रभु श्री राम के जीवन और वनवास प्रसंग से प्रयागराज का विशेष संबंध है। रामायण में वर्णन मिलता है कि वनवास के लिए अयोध्या से निकल कर प्रभु श्रीराम प्रयागराज के श्रृंगवेरपुर धाम पहुंचे थे। जहां उन्होंने रात्रि निवास कर अपने बाल सखा निषादराज की मदद से गंगा नदी पार की थी और वहां से भारद्वाज मुनि के आश्रम पहुंचे थे। 142 सालों में महाकुंभ के आयोजन के स्वरूप में निरंतर बदलाव आता जा रहा है। महाकुंभ के आयोजन का लगातार विस्तार हो रहा है। आंकड़ों के अनुसार पहली बार 1882 में महाकुंभ का आयोजन केवल बीस हजार रुपये की लागत से हुआ था। महाकुंभ मेला 2025 की तैयारियों के बीच इस महाआयोजन का बजट करीब 7500 करोड़ रुपये है। बताया जा रहा है कि दुनिया के कोने-कोने से खास से लेकर आम व्यक्ति आएगा। प्रयागराज के व्यापार मंडल के अनुसार कुंभ के दिनों में यहां करोड़ों रुपये का व्यापार होगा जिसको लेकर हर छोटा-बड़ा व्यापारी उत्साहित है। श्रद्धालुओं के साथ किसी प्रकार की लूटपाट न हो, इसके लिए दिशा-निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं चूंकि ऐसे समय पर कुछ दुकानदार चीजों को अधिक महंगा करके लोगों को लुटने का काम करते हैं। हालांकि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हर घटना को बेहद गंभीरता से ले रहे हैं और कोई कमी न हो, उसके लिए शासन-प्रशासन पूरी तरह से एक्टिव किया हुआ है। वहां जाने वाले श्रद्धालुओं को सलाह भी दी जा रही है कि बच्चों-बुजुर्गों व मानसिक रोगियों का विशेष ख्याल रखा जाए, चूंकि इतने बड़े मेले में लोग खो जाते हैं और प्रशासन को ढूंढने में बहुत समस्या आती है, इसलिए वहां अपना व अपनों का ख्याल रखें और सुरक्षा के साथ अपनी यात्रा करें।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

गावत संतत संभु भवानी

संकलित
दर्शन

शिव वो हैं, जो सब कुछ सहजता के साथ लेते हैं। शिव भक्ति का एक अर्थ यह भी है कि सब कुछ सहजता के साथ किया जाए और सब कुछ सहजता के साथ लिया जाए। व्यक्ति मुस्कुराए तो सहजता के साथ और रोये तो भी सहजता के साथ। भगवान शिव इतने सहज हैं कि देवों के देव होने के बावजूद वो नाचते भी हैं, गाते भी हैं, मुस्कुराते भी हैं। जैसे महाभारत में कृष्ण ने गीता गाई, तुलसीदास श्रीरामचरितमानस गाते हैं, वैसे ही भगवान शिव भी गाते हैं। भगवान शिव ने माथे पर वक्रचंद्र को धारण किया है। यह एक संकेत है कि तुम में चाहे कितनी ही वक्रता हो, मैं तुम्हें स्वीकार कर लूंगा। सब कुछ स्वीकार कर लेना बहुत बड़ी बात होती है। कोई कैसा भी हो, उसे स्वीकार कर लिया जाए। हम स्वीकार करने के बजाय दूसरों को सुधारने में लग जाते हैं और यह काम कभी हो नहीं पाता। इससे अकारण ही संघर्ष पैदा होता है। शिव सहज भी हैं और सबको स्वीकार भी करते हैं, साथ ही उनमें संतोष भी है। सावन के इन दिनों में शिव की भक्ति करते हुए हम उनकी तरह संतोषी बनना भी सीखें। मैं हमेशा कहता हूं कि व्यक्ति को कर्मशील होना चाहिए, प्रमादी नहीं। शास्त्रों में प्रमाद को मृत्यु बताया गया है। लेकिन शिवजी की तरह संतुलन रखना भी हमें आना चाहिए। शिव परिवार में वाहन के रूप में मोर भी है, चूहा भी है, बैल भी है और शेर भी है। सांप भी शिव के साथ रहते हैं। ये सब एक-दूसरे के शत्रु हैं, लेकिन परिवार में सब मिल-जुल कर रहते हैं।

अहंकार ही है समस्याओं का कारण

संकलित
प्रेरणा

एक बार नारद मुनि ने कामदेव को पराजित कर दिया तो इस बात का घमंड हो गया। इसके बाद नारद जी जहां जाते, वहां अपनी तारीफ करने लगते। ऐसे ही एक दिन वे शिव जी के पास पहुंच गए। नारद जी ने शिव जी के सामने अपनी प्रशंसा करना शुरू कर दी। शिव जी नारद मुनि की बातें सुनकर समझ गए कि इन्हें अहंकार हो गया है। शिव जी से विदा लेकर नारद मुनि विष्णु जी के पास पहुंच गए और विष्णु जी के सामने अपनी तारीफ करनी शुरू कर दी। विष्णु जी के सामने नारद मुनि ने अहंकार दिखाया तो विष्णु जी ने तय किया कि नारद जी भक्त हैं और इनका घमंड करना सही नहीं है। इसके बाद विष्णु जी ने अपनी माया रची। नारद मुनि विष्णु जी के यहां लौट रहे थे तो उन्हें रास्ते में एक सुंदर राज्य दिखा। वे उस राज्य में पहुंचे तो वहां देखा कि एक राजकुमारी का स्वयंवर हो रहा है। राजकुमारी बहुत सुंदर थी। उसे देखकर नारद ही मोहित हो गए और तुरंत ही विष्णु जी के पास पहुंच गए। नारद मुनि ने विष्णु जी से कहा कि आप मुझे सुंदर रूप दे दीजिए। ताकि में स्वयंवर में उस राजकुमारी से विवाह कर सकूं। इसके बाद नारद मुनि उस स्वयंवर में पहुंच गए। विष्णु जी ने नारद मुनि को बंदर का मुख दे दिया था। स्वयंवर में नारद पहुंचे तो वहां बंदर जैसे मुख की वजह से उनका बहुत अपमान हुआ। गुस्से में नारद मुनि ने विष्णु जी को शाप दे दिया, लेकिन जब उनका मन शांत हुआ तो उन्हें पूरी बात समझ आ गई। जब नारद का घमंड टूटा तो उन्होंने भगवान से क्षमा मांगी।

अंतर्मन

आज की पाती

केजरीवाल की नई रेवड़ियां

केजरीवाल दिल्ली विधानसभा चुनाव के पहले विविध घोषणाएं करके वोटरों को लुभाने का कार्य कर रहे हैं। महिला सम्मान योजना और संजीवनी योजना पर जमी राजनीति शांत ही नहीं हुई है और केजरीवाल ने नई पुजारी-ग्रंथी योजना लांच की है। अरविंद केजरीवाल ने मरघट वाले बाबा के मंदिर में धर्मपत्नी के साथ जाकर दर्शन कर बाबा का पहला रजिस्ट्रेशन किया। भाजपा ने जवाब देते हुए कहा कि केजरीवाल चुनावी हिंदू हैं। केजरीवाल ने पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा में हिम्मत है तो पूरे देश में पुजारी-ग्रंथी योजना लागू करके बताए। माना जा रहा है कि केजरीवाल जो कुछ कर रहे हैं, वे जनता को लाभ पहुंचाने के लिए कर रहे हैं। इसके पीछे इनकी इच्छा है कि चुनाव में वोट आम आदमी पार्टी को ही दिया जाए।

- राजीव शुक्ला, धमतरी

ट्रेंड

भारत केसरी को श्रद्धांजलि

भारत केसरी मन्नाथ पद्मनाभन को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि। पद्मनाभन जी ने न केवल केरल में सामाजिक असमानताओं के खिलाफ लड़ाई लड़ी, बल्कि एक मजबूत और एकजुट भारत के रूप में उभरने के लिए हमारे समाज को एकजुट किया।
-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

तीन कृषि कानून

केंद्र निरस्त किए गए तीन कृषि कानूनों को "नीति" कहकर उन्हें "पिछले दरवाजे" से दोबारा लागू करने की तैयारी में है। नयी "नीति" की प्रतियां सभी राज्यों को उनके विचार जानने के लिए भेजी गई हैं। अगर पंजाब में प्रदर्शनकारी किसानों को कुछ हुआ तो इसके लिए भाजपा जिम्मेदार होगी।
-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम नई दिल्ली

एक्सप्रेसवे का इंतजार

देश का सबसे महंगा एक्सप्रेसवे 'गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे' जो कि 2022 में बनकर तैयार होना था, भाजपा सरकार के हर कार्य की तरह इंतज़ार की लाइन में लगा है। **-अखिलेश यादव, सपा सांसद**

सही निर्णय लेने का समय

सही निर्णय लेने का कोई गलत समय नहीं होता। मेरा यह भी मानना है कि अपने निर्णय को सार्वजनिक करने से आप इसके प्रति अधिक प्रतिबद्ध हो जाते हैं। तो नए वर्ष में समय-समय पर मुझे याद दिलाकर इसे हासिल करने में मेरी मदद करें।
-अनुपम खेर, अभिनेता

करंट अफेयर

ब्रिटेन में बारिश ने नववर्ष के जश्न पर फेरा पानी

ब्रिटेन के विभिन्न भागों में भारी बारिश के कारण बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए जिसकी वजह से नववर्ष के जश्न पर पानी फिर गया। मैनचेस्टर के विभिन्न इलाकों में पानी भरा हुआ है। हालात को देखते हुए कई मकानों को खाली करा दिया गया है और सड़कों व पार्किंग क्षेत्र में खड़ी कारें पानी में डूब गई हैं। ग्रेटर मैनचेस्टर पुलिस ने बताया कि बचाव दलों को बुलाया गया है ताकि वे जलमग्न संपत्तियों और फंसे हुए वाहनों को निकालने में अग्निशमन कर्मियों की मदद कर सकें। मौसम विभाग के अधिकारी टॉम मॉर्गन ने कहा, 'आज और बारिश होने का अनुमान है।' उन्होंने कहा, 'हमें लगता है कि बाढ़ की स्थिति पहले और खराब होगी और फिर सुधार होना शुरू होगा।' मैनचेस्टर के दक्षिण में डिड्सबरी में रहने वाले टॉम कोल्टहार्ड नामक व्यक्ति ने बताया कि मंगलवार दोपहर को बारिश शुरू हुई और रात भर होती रही। इलाके में सड़कें और राजमार्ग बंद कर दिए गए हैं। हल विश्वविद्यालय में भूगोल के प्रोफेसर कूलथर्ड ने कहा, 'सभी स्थानीय नदियों और जलमार्गों में काफी पानी भर गया है और क्षेत्र के आसपास बाढ़ आ गई है।' बाढ़ और तेज हवाओं के कारण नए साल की पूर्व संध्या पर होने वाली आतिशबाजी पर पानी फिर गया और एडिनबर्ग व कई अन्य शहरों में नए साल के लिए निर्धारित कार्यक्रम रद्द कर दिए।

ऑफ बीट

हर साल वयस्कों का आधा किलोग्राम बढ़ता है वजन

वयस्कों का वजन उम्र बढ़ने के साथ-साथ धीरे-धीरे बढ़ता है और आम तौर पर हर साल औसतन 0 .5 से 1 किलोग्राम वजन बढ़ता है। हालांकि यह हर साल के हिसाब से बहुत ज्यादा नहीं लगता, लेकिन एक दशक में यह 5 किलोग्राम तक बढ़ जाता है। वजन बढ़ने की धीमी-लेकिन-स्थिर दर के कारण हममें से कई लोग 50 वर्ष की आयु तक अपने बढ़े हुए वजन पर ध्यान नहीं देते। वजन क्यों बढ़ता है? उम्र बढ़ने के साथ जीवनशैली में बहुत छोटे-छोटे, क्रमिक बदलाव और उम्र से संबंधित जैविक परिवर्तनों से हमारा वजन बढ़ता है। हमारी शारीरिक गतिविधियां कम हो जाती हैं। लंबे समय तक काम करने और पारिवारिक व्यस्तताओं के कारण हम अधिक निष्क्रिय हो जाते हैं और व्यायाम के लिए कम समय मिलता है, जिसका अर्थ है कि हम कम कैलोरी बर्न करते हैं। इसके अलावा उम्र बढ़ने के साथ-साथ हमारे आहार का तरीका बदल जाता है। व्यस्त कामकाजी और पारिवारिक कार्यक्रम के कारण, हम कभी-कभी पैकिंग वाले और फास्ट फूड का सेवन करते हैं। इन आहार में शर्करा, नमक और अस्वास्थ्यकर वसा की मात्रा अधिक होती है। वजन बढ़ने का संबंध नींद में कमी से भी होता है। व्यस्त जीवन और स्क्रीन के इस्तेमाल के कारण हमें पर्याप्त नींद नहीं मिल पाती।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

नीतीश के लिए राजद का दरवाजा खुला है, उन्हें भी अपने दरवाजे खोलने चाहिए

नीतीश ने सुना लालू का ऑफर, मुस्कराए, हाथ जोड़े और चल दिए

इंडी गठबंधन में आने की बात

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने गुरुवार को आरजेडी अध्यक्ष लालू यादव के इंडिया ब्लॉक में वापस आने के प्रस्ताव पर कुछ अलग अंदाज में जवाब दिया। पत्रकारों द्वारा लालू के नए प्रस्ताव के बारे में पूछे जाने पर जेडी(यू) प्रमुख ने कहा कि क्या बोल रहे हैं? लालू के बेटे और उत्तराधिकारी तेजस्वी यादव ने एक साक्षात्कार में पिता द्वारा की गई टिप्पणियों को कमतर आंकते हुए दावा किया कि आरजेडी सुप्रीमो ने केवल मीडिया की जिज्ञासा को शांत करने का प्रयास किया था। लालू ने कहा था, हमारे दरवाजे नीतीश के लिए खुले हैं। उन्हें भी अपने दरवाजे खोलने चाहिए। इससे दोनों तरफ के लोगों की आवाजाही आसान हो जाएगी।

बिहार के सीएम नीतीश ने राजद सुप्रीमो लालू को ऐसा दिया जवाब

राज्यपाल बोले- ऐसे सवाल का यह सही समय नहीं

राजभवन में पत्रकारों ने नीतीश से सवाल पूछे, जहां वे नए राज्यपाल के तौर पर आरिफ मोहम्मद खान के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए थे। खान और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के साथ खड़े सीएम नीतीश से से जब लालू यादव की पेशकश पर उनकी टिप्पणी मांगी गई तो उन्होंने हाथ जोड़कर मुस्करा दिया। उन्होंने पूछा, आप क्या कह रहे हैं? जब उनसे पूछा गया कि क्या राज्य सरकार अपना कार्यकाल पूरा कर पाएगी, तो खान ने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि इस तरह के सवाल पूछने का यह सही समय नहीं है। आज खुशी का दिन है। हमें सिर्फ अच्छी चीजों के बारे में बात करनी चाहिए।

ललन सिंह बोले

जेडी(यू) और भाजपा एकजुट हम एनडीए के साथ

केंद्रीय मंत्री और जेडी(यू) के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह ललन कहा कि एनडीए मजबूत है। जेडी(यू) और भाजपा एकजुट हैं। यह एक स्वतंत्र समाज है और कोई भी जो चाहे कह सकता है। लालू को अपनी बातों पर ज्यादा कुछ कहना चाहिए। ऐसा माना जाता है कि जब नीतीश कुमार एनडीए से बाहर थे, तब ललन आरजेडी सुप्रीमो के काफी करीब आ गए थे। ललन सिंह ने गुरुवार को इसकी पुष्टि की कि उनकी पार्टी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के साथ है। सिंह ने कहा कि हम एनडीए के साथ हैं और पूरी दृढ़ता के साथ। मैं लोगों की बातों पर प्रतिक्रिया नहीं दे सकता, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है।

लालू पर बरसे महाराष्ट्र के सीएम

नीतीश की पलटी पर कहा मुंगेरी लाल के सपने ही रहेंगे

बिहार में सियासी सुगबुगाहट के बीच महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने लालू पर कटाक्ष किया है। उन्होंने बिहार के सीएम नीतीश के पाला बदलने की अटकलों को लेकर एक सवाल के जवाब में कहा कि ऐसी बातों में कोई दम नहीं है, ये मुंगेरी लाल के हसीन सपने ही रहेंगे। एनडीए के तमाम घटक दल एकजुट हैं। एनडीए के बीच बिखराव की ताक में लगे विपक्षी दलों के मंसूबे कभी कामयाब नहीं होंगे। गौरतलब है कि लालू ने बीते दिनों एक सवाल के जवाब में कहा था कि सीएम नीतीश के लिए विपक्षी गठबंधन के दरवाजे हमेशा खुले हैं। फडणवीस लालू के इसी बयान पर पलटवार कर रहे थे।

खबर संक्षेप

युवकों की कार ट्रक से टकराई, 4 की मौत

हरिद्वार। यहां के बहादराबाद थाना क्षेत्र के शनिदेव मंदिर के पास दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। हाईवे पर हरियाणा के युवकों की कार ट्रक से टकरा गई। चार युवकों की मौत हो गई। वहीं, एक युवक गंभीर घायल हो गया है, जिसे हायर सेंटर रेफर किया गया है। बुधवार देर रात हरियाणा से पांच युवक हरिद्वार घूमने आ रहे थे।

यूआईडीएआई के सीईओ बने भुवनेश

नई दिल्ली। भुवनेश कुमार ने भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के सीईओ का पदभार संभाल लिया है। कुमार इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव भी बने रहेंगे। उन्होंने अमित अग्रवाल का स्थान लिया है। जिन्हें नया औषधि सचिव नियुक्त किया गया है। भुवनेश ने पदभार संभाल लिया है।

वस्त्र के वैश्विक व्यापार में भारत का आयात घटा

नई दिल्ली। भारत दुनिया में वस्त्र और परिधान का छठा सबसे बड़ा निर्यातक है। इसके ग्लोबल व्यापार में भारत की हिस्सेदारी 3.9 प्रतिशत है। भारत के कुल निर्यात में हस्तशिल्प सहित वस्त्र, परिधान की हिस्सेदारी वर्ष 2023-24 में 8.21 प्रतिशत है। 2022-23 में 10,481 मिलियन डॉलर की तुलना में 2023-24 में आयात 15 प्रतिशत कम हुआ है।

कश्मीर में पांचवें दिन बंद रहा मुगल रोड

जम्मू। जम्मू-कश्मीर में 'पीर की गली' समेत ऊंचाई वाले इलाकों में भारी बर्फबारी के कारण मुगल रोड को लगातार पांचवें दिन भी वाहनों की आवाजाही के लिए बंद रखा गया। जम्मू के पुंछ और दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले को जोड़ने वाला वैकल्पिक मार्ग भारी बर्फबारी के बाद 29 दिसंबर को बंद कर दिया गया था।

मुख्यमंत्री ममता का बीएसएफ पर बड़ा और 'कड़ा' आरोप

बांग्लादेशी आतंकियों को प्रवेश देकर बंगाल को अस्थिर करने की 'साजिश' की जा रही

कोलकाता की सीएम ममता ने कहा कि पश्चिम बंगाल को अस्थिर करने की साजिश हो रही है। बांग्लादेश सीमा की रक्षा करने वाली बीएसएफ विभिन्न क्षेत्रों से बंगाल में घुसपैठ की अनुमति दे रही है। तृणमूल कांग्रेस के महासचिव अभिषेक बनर्जी ने भी केंद्र सरकार पर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि कूटनीतिक तरीके से बांग्लादेश की स्थिति पर केंद्र की प्रतिक्रिया अधूरी थी।

टीएमसी के महासचिव अभिषेक ने भी लगाए केंद्र सरकार पर आरोप

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) पर बड़ा आरोप लगाया। ममता ने कहा कि पश्चिम बंगाल को अस्थिर करने की साजिश हो रही है। बांग्लादेश सीमा की रक्षा करने वाली बीएसएफ विभिन्न क्षेत्रों से बंगाल में घुसपैठ की अनुमति दे रही है। बांग्लादेशी आतंकी बंगाल में आ रहे हैं। यह केंद्र की नापाक योजना है। टीएमसी के महासचिव अभिषेक बनर्जी ने भी केंद्र सरकार पर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि कूटनीतिक तरीके से बांग्लादेश की स्थिति पर केंद्र की प्रतिक्रिया अधूरी थी। राज्य के भाजपा नेताओं को केंद्रीय नेतृत्व से पड़ोसी देश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों के बारे में जवाब देने के लिए कहना चाहिए। बनर्जी ने कहा कि राज्य के भाजपा नेता जो हर मामले में टीएमसी सरकार की गलती ढूंढते हैं और विरोध प्रदर्शन करते हैं, वे बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य समुदायों पर जारी अत्याचारों के बारे में केंद्र सरकार की अधूरी प्रतिक्रिया के बारे में बात नहीं कर रहे हैं। टीएमसी और राज्य सरकार बांग्लादेश की स्थिति पर केंद्र के फैसले और प्रतिक्रिया का पालन करेगी।

पड़ोसी देश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों पर जवाब दें

राज्य के भाजपा नेता अल्पसंख्यकों पर अत्याचार पर बात करें

रक्षा विशेषज्ञ गौर बोले- ममता के आरोप गलत, वे खुद घुसपैठ में मददगार

पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी के बयान पर रक्षा विशेषज्ञ कैप्टन अनिल गौर ने कहा कि ममता बेनर्जी द्वारा लगाए गए आरोप गलत हैं। वह खुद अवैध घुसपैठियों और बांग्लादेशियों को भारत में बसाने और उन्हें मतदाता सूची में शामिल कराने में एक बड़ी मददगार हैं। यह आरोप लगा रही हैं कि बीएसएफ उन्हें मदद करती है, लेकिन यह उनके लोग ही करते हैं। वह अपने मतदाताओं को खुश करने के लिए सुरक्षा बलों पर आरोप लगाती हैं।

अभिषेक ने कहा- लोग इस पर ध्यान न दें

सांसद बेनर्जी ने कहा कि अगर बंगाल के भाजपा नेता पड़ोसी देश में अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न के बारे में इतने सचेत हैं, तो वे दिल्ली में अपनी सरकार पर उचित जवाब देने के लिए क्यों नहीं दबाव डाल रहे हैं? उन्होंने लोगों से राज्य में शांति और सद्भाव बनाए रखने तथा लोगों पर ध्यान न देने का आह्वान किया जो बांग्लादेश का हवाला दे रहे हैं।

पश्चिम बंगाल बांग्लादेशी घुसपैठियों के लिए नर्सरी बना

गिरिराज का तीखा पलटवार



बक्सर। सीएम ममता के बयान पर भाजपा ने पलटवार किया। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि यह हास्यास्पद है कि पश्चिम बंगाल सरकार पहले बांग्लादेशियों के लिए रेड कार्पेट बिछाती है और फिर अभिषेक बेनर्जी बांग्लादेश के नाम पर राजनीति करते हैं। अभिषेक और ममता को बंगाल और पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए। पश्चिम बंगाल बांग्लादेशी घुसपैठियों के लिए नर्सरी बन गया है।

सत्ता के लोभ में अंधी हो गई ममता, कांग्रेस भी मौन : कोलकाता में मां काली की प्रतिमा के विसर्जन में मुसलमानों ने जिस तरह से बवाल किया, वह बेहद ही निंदनीय है। ऐसा लगता है कि काली पूजा कोलकाता में नहीं होगी, तो कहां होगी? सत्ता के लोभ में ममता अंधी हो गई हैं। हिंदुओं पर हुए अत्याचार पर राहुल गांधी भी चुप हैं। अखिलेश और तेजस्वी भी मौन हैं।

कांग्रेस ने टीएमसी और भाजपा पर किया वार

कांग्रेस ममता बेनर्जी के साथ ही भाजपा को भी। कांग्रेस प्रवक्ता नासिर हुसैन ने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह क्या कर रहे हैं? प्रधानमंत्री क्या कर रहे हैं? बांग्लादेश से घुसपैठ का मुद्दा गृह मंत्रालय के अंडर आता है, आखिर बांग्लादेश से लोग कैसे आ रहे हैं? इसका जवाब राज्य सरकार को या विपक्ष को नहीं देना है, केंद्र सरकार को देना है।

337 मीट्रिक टन कचरे का 'हानिकारक' प्रभाव लगभग खत्म फिर भी वैज्ञानिक तरीके से होगा नष्ट

कचरे के विनिष्टीकरण की करेंगे सतत निगरानी, वर्ष 2015 में किया जा चुका है ट्रायल रन

इसमें कचरे के निपटान से वातावरण को कोई नुकसान नहीं हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

यूनियन कार्बाइड (यूका) के कचरे के विनिष्टीकरण को लेकर शुरू तमाम तरह की शंकाओं पर सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि विशेषज्ञ मानते हैं इसका विषैला प्रभाव 25 साल में लगभग समाप्त हो जाता है। इसके बावजूद कचरे का निबटान वैज्ञानिक तरीके से ट्रायल रन के बाद किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हादसे के 40 वर्ष बीतने के बाद भोपाल में रखा लगभग 337 मीट्रिक टन कचरे का हानिकारक प्रभाव लगभग खत्म हो गया है। कांग्रेस के आरोपों पर उन्होंने कहा कि यह तो उन्हीं के समय का है, ऐसे में इसका राजनीतिकरण नहीं करना चाहिए। सीएम डॉ. यादव ने गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास समत्व में प्रेस कांफ्रेंस में यह बात कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस धार में तो विरोध करती है, पर भोपाल में कुछ नहीं बोलती। ऐसे में क्या कहा जाए? कचरे के विनिष्टीकरण के लिए सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार कार्रवाई की जा रही है। कचरे का निष्पादन जनता की शंकाओं को दूर कर सावधानीपूर्वक किया जाएगा। जनता की सरोकार प्राथमिकता में सबसे ऊपर हैं, कचरे के विनिष्टीकरण की कार्रवाई सतत निगरानी में की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बचे हुए शेष कचरे में 60 प्रतिशत से अधिक केवल स्थानीय मिट्टी, 40 प्रतिशत में नेप्थॉल, रिएक्टर रेसिड्यूज और सेमी प्रोसेस्ड पेस्टीसाइड्स का अपशिष्ट है। इसमें मौजूद 7 नेप्थॉल रेसीड्यूस मूलतः मिथाइल आइसो साइनेट एवं कीटनाशकों के बनने की प्रक्रिया का सह-उत्पाद होता है।

बिजली के खंभे पर चढ़कर तारों पर सो गया

आंध्र में नीचे चिल्लाते रहे परिजन

पार्वतीपुरम मन्यम। आंध्र प्रदेश के पार्वतीपुरम मन्यम जिले से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। जहां किसी बात-विवाद से नाराज नशे में धुत एक शख्स बिजली के खंभे पर चढ़ गया और उसके बाद तारों पर सो गया। हालांकि इस दौरान उसके परिजन लगातार चिल्लाते रहे। मांडू बाबू में से शराब के लिए पैसे मांग रहा था और पैसे न मिलने पर वह खफा होकर यह काम किया।

एनएचआरसी ने डीजीपी व पीसी को भेजा नोटिस

हैदराबाद। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने डीजीपी और हैदराबाद के पुलिस आयुक्त को नोटिस जारी कर 4 दिसंबर को संध्या थिएटर में हुई भगदड़ के संबंध में एक व्यापक कार्रवाई रिपोर्ट मांगी है, जिसके परिणामस्वरूप एक महिला की मौत हो गई थी। अधिवक्ता रामा राव इम्मानेनी की शिकायत पर रिपोर्ट के लिए 4 सप्ताह का समय दिया है।

संध्या थिएटर में भगदड़

संभल जिले में जामा मस्जिद और हरिहर मंदिर विवाद

कोर्ट कमिश्नर ने सील बंद लिफाफे में दाखिल की 40 पन्नों की सर्वे रिपोर्ट

राघव ने किया जमा

एजेंसी ▶▶ संभल

उत्तर प्रदेश के संभल जिले में जामा मस्जिद और हरिहर मंदिर विवाद पर चल रहे मामले में गुरुवार को एडवोकेट कमिश्नर रमेश सिंह राघव ने सर्वे रिपोर्ट कोर्ट में पेश कर दी। यह रिपोर्ट 40 पन्नों की है और सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर इसे सील बंद लिफाफे में जमा किया गया है। 19 और 24 नवंबर को शाही जामा मस्जिद का सर्वे किया गया था। यह सर्वे संभल के चंदौसी जिला कोर्ट के निर्देश पर हुआ। एडवोकेट कमिश्नर ने बताया कि स्वास्थ्य कारणों से रिपोर्ट पेश करने में थोड़ा समय लगा। उन्होंने कहा कि यह रिपोर्ट कोर्ट में जमा कर दी गई है।

19 और 24 नवंबर को शाही जामा मस्जिद का सर्वे किया गया

मामले की अगली सुनवाई पर निगाहें

अगली सुनवाई के संबंध में एडवोकेट कमिश्नर ने कहा कि यह मुस्लिम पक्ष की कार्रवाई पर निर्भर करेगा। यदि वह हाईकोर्ट जाते हैं, तो उसके आधार पर मामले में आने की प्रक्रिया तय होगी।

सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था मामला

यह मामला पहले ही सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच चुका है। शीर्ष अदालत ने सर्वे रिपोर्ट को सील बंद लिफाफे में जमा करने का आदेश दिया था। रिपोर्ट में क्या जानकारी है, यह आदेश आने तक सामने नहीं आएगा।

तेलंगाना के मेडचल स्थित कॉलेज का मामला

गर्ल्स हॉस्टल के बाथरूम में कैमरे से रिकॉर्ड किए प्राइवेट वीडियो, छात्राओं ने किया प्रदर्शन

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

तेलंगाना के मेडचल स्थित सीएमआर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में गर्ल्स हॉस्टल के बाथरूम में कैमरे से वीडियो रिकॉर्ड करने के आरोपों के बाद तनाव बढ़ गया है। छात्राओं का आरोप है कि पिछले तीन महीनों के दौरान करीब 300 प्राइवेट वीडियो बनाए गए हैं। छात्राओं ने आरोप लगाया कि हॉस्टल के कुकिंग स्टाफ ने चुपके से वॉशरूम में कैमरा लगाकर छात्राओं के वीडियोज रिकॉर्ड किए। इसके बाद बड़ी संख्या में छात्राओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए हमें न्याय चाहिए के नारे लगाए।

छात्राओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए न्याय की गुहार लगाई

पुलिस कार्रवाई और जांच करेगी

पुलिस ने कार्रवाई करने की बात कहते हुए कहा है कि इस मामले में केस रजिस्टर किया जाएगा और मामले की जांच होगी। सीएमआर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के निदेशक जंगा रेड्डी ने गर्ल्स हॉस्टल के शौचालय में कथित कैमरों के बारे में कहा कि हमें कल छात्राओं से शिकायत मिली कि किसी ने टॉयलेट की खिड़की से वीडियो बना लिया है। हमने तुरंत पुलिस को सूचित किया और हम भी मौके पर पहुंचे। पुलिस मामले की जांच कर रही है और हम भी इस मामले में आंतरिक जांच कर रहे हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार को लगाई फटकार

किसान नेता डल्लेवाल का अनशन तुड़वाने के लिए नहीं कहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार को फटकार लगाई और कहा कि पंजाब सरकार के अधिकारी मीडिया में इस तरह का माहौल बनाने की कोशिश कर रहे हैं कि किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के अनशन को तुड़वाने की कोशिशें हो रही हैं। सर्वोच्च अदालत ने कहा कि हमने डल्लेवाल का अनशन तुड़वाने का निर्देश नहीं दिया और हम सिर्फ उनके सेहत को लेकर चिंतित हैं। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

पंजाब सरकार के अधिकारी मीडिया में गलत माहौल बनाने में लगे

अदालत उनके स्वास्थ्य पर चिंतित

पंजाब सरकार के सचिव 6 के पहले हलफनामा दें

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार तक डल्लेवाल को अस्पताल में भर्ती कराने की समयसीमा तय की थी, लेकिन अब इस समय सीमा को छह जनवरी तक बढ़ा दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार के मुख्य सचिव को उनके आदेश के अनुपालन को लेकर सोमवार तक हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया।

बेमतलब बयान न दें

सुप्रीम कोर्ट ने अधिकारियों और किसान नेताओं की गैर जिम्मेदाराना बयानबाजी से भी नाराजगी जताई और कहा कि इससे हालात और जटिल हो रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट की नाराजगी पर पंजाब सरकार ने सुनिश्चित किया कि डल्लेवाल का अनशन तोड़े बिना उन्हें चिकित्सा सहायता देने की कोशिश की जा रही है।

6 जनवरी तक आदेश का पालन किया जाए

सुप्रीम कोर्ट ने अब पंजाब सरकार को डल्लेवाल को चिकित्सा सहायता मुहैया कराने और उन्हें अस्पताल में भर्ती करने की समय सीमा 6 जनवरी तक बढ़ा दी है। डल्लेवाल 26 नवंबर से आमरण अनशन कर रहे हैं और उनकी मांग है कि जब तक केंद्र किसानों को बातचीत के लिए आमंत्रित नहीं करता, अनशन खत्म नहीं करेंगे। उनकी की बिगड़ती सेहत के बाद कोर्ट ने पंजाब सरकार को चिकित्सा सहायता मुहैया कराने का आदेश दिया था।

खबर संक्षेप

अशोक लेलैंड ने दिसंबर में 16,957 इकाई वाहन बेचे

नई दिल्ली। वाणिज्यिक वाहन विनिर्माता अशोक लेलैंड की दिसंबर 2024 में कुल बिक्री पांच प्रतिशत बढ़कर 16,957 इकाई हो गयी। दिसंबर 2023 में उसने 16,154 वाहन बेचे थे। अशोक लेलैंड ने बयान में कहा, घरेलू बिक्री दिसंबर 2023 की 15,153 इकाई से चार प्रतिशत बढ़कर पिछले महीने 15,713 इकाई हो गई।

टीवीएस मोटर की बिक्री में सात फीसदी का इजाफा

नई दिल्ली। टीवीएस मोटर कंपनी की दिसंबर, 2024 में कुल बिक्री सालाना आधार पर सात प्रतिशत बढ़कर 3,21,687 इकाई हो गई। दिसंबर, 2023 में कंपनी ने 3,01,898 वाहन बेचे थे। पिछले महीने कुल दोपहिया वाहनों की बिक्री आठ प्रतिशत बढ़कर 3,12,002 इकाई हो गई, जबकि दिसंबर, 2023 में यह 2,90,064 इकाई थी।

पीएनबी का ऋण वितरण तीसरी तिमाही में बढ़ा

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) का चालू वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में ऋण वितरण 15 प्रतिशत बढ़कर 11.11 लाख करोड़ रुपये हो गया। पीएनबी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि 31 दिसंबर, 2023 के अंत तक कुल अग्रिम 9.67 लाख करोड़ रुपये था।

रॉयल एनफील्ड की बिक्री 25 प्रतिशत बढ़ी

नई दिल्ली। रॉयल एनफील्ड की दिसंबर, 2024 में कुल बिक्री 25 प्रतिशत बढ़कर 79,466 इकाई हो गई। दिसंबर, 2023 में कंपनी ने 63,387 वाहन बेचे थे। 19 प्रतिशत बढ़कर 67,891 इकाई हो गई, जो दिसंबर, 2023 में 57,291 इकाई थी।इसी तरह निर्यात भी पिछले महीने 90 प्रतिशत बढ़कर 11,575 इकाई हो गया, जबकि दिसंबर, 2023 में यह 6,096 इकाई था।

इस साल तंबाकू निर्यात 13 हजार करोड़ पार पहुंचेगा

नई दिल्ली। देश का तंबाकू निर्यात में इस साल आठ प्रतिशत से अधिक की सालाना वृद्धि के साथ 13,000 करोड़ रुपये के पार पहुंचने का अनुमान है। वाणिज्य विभाग में अतिरिक्त सचिव राजेश अग्रवाल ने यह भी कहा कि तंबाकू बोर्ड ने किसानों की आमदनी बढ़ाने में मदद के लिए कई कदम उठाए हैं।

सेबी ने फ्रंट रनिंग योजना का किया भंडाफोड़

सेबी ने 'फ्रंट रनिंग' मामले में नौ इकाइयों पर लगाई रोक, 21 करोड़ की अवैध कमाई की जब्त

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने पीएनबी मेटलाइफ इंडिया इंश्योरेंस कंपनी के इक्विटी डीलर सचिन बकुल दगली और आठ अन्य इकाइयों से जुड़ी एक 'फ्रंट-रनिंग' योजना का भंडाफोड़ किया है। इन लोगों ने इस योजना के जरिये 21.16 करोड़ रुपये का अवैध लाभ कमाया था।

- अवैध कमाई में पीएनबी मेटलाइफ शामिल
- शामिल व्यक्ति के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई
- फ्रंट रनिंग से आशय अग्रिम सूचना पर बाजार में लेन-देन करना

पीएनबी मेटलाइफ ने इस संदर्भ में जारी एक बयान में कहा है कि उसने जांच के दौरान सेबी के साथ पूरा सहयोग किया और इस मामले में शामिल व्यक्ति के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की है। कंपनी ने बयान में कहा, 'अपनी आंतरिक प्रक्रिया के तहत हमने अनुशासनात्मक कार्रवाई की है। मेटलाइट कंपनी संचालन और पारदर्शिता के उच्च मानकों का अनुपालन करती है।'

फ्रंट रनिंग तीन साल से अधिक समय तक जारी रही

'फ्रंट रनिंग' से आशय अग्रिम सूचना के आधार पर शेयर बाजार में लेन-देन करना और लाभ कमाना है। उस समय तक यह सूचना ग्राहकों को उपलब्ध नहीं होती। मामले से संबंधित इकाइयों द्वारा फ्रंट-रनिंग तीन साल से अधिक समय तक जारी रही।

इकाईयों को बाजार से प्रतिबंधित किया गया

सेबी ने हाल ही में जारी एक अंतरिम आदेश में सचिन बकुल दगली और आठ अन्य इकाइयों को प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित कर दिया और उनके द्वारा अर्जित अवैध लाभ को जब्त कर लिया। सेबी ने कुछ इकाइयों द्वारा बड़े ग्राहकों के पीएनबी मेटलाइफ इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के लेन-देन में संदिग्ध 'फ्रंट रनिंग' की जांच की थी।

फ्रंट रनिंग के 6766 मामले आए सामने

सेबी ने कहा कि डीआरपीएल, डब्ल्यूडीपीएल और प्रग्नेश सांघवी के खातों के जरिये फ्रंट रनिंग के 6,766 मामले सामने आए। इन इकाइयों ने इस तरह से 21,15,78,005 रुपये का अवैध लाभ कमाया। सेबी ने कहा कि इन इकाइयों के खातों में फ्रंट रनिंग गतिविधियों का सिलसिला तीन साल से अधिक समय तक चला।

जांच की अवधि 2021 से 2024 रही

जांच की अवधि एक जनवरी, 2021 से 19 जुलाई, 2024 तक थी। अपनी जांच में सेबी ने पाया कि पीएनबी मेटलाइफ में अधिकांश लेन-देन से संबंधित निर्णय निष्पादन के लिए सचिन दगली को सौंपे गए थे। नियामक ने पाया कि सचिन बकुल दगली (इक्विटी डीलर, पीएनबी मेटलाइफ) और उनके भाई तेजस दगली (इक्विटी सेल्स ट्रेडर, इन्वेस्टेक) ने पीएनबी मेटलाइफ और इन्वेस्टेक के संस्थागत ग्राहकों के आगामी ऑर्डर के बारे में गोपनीय, गैर-सार्वजनिक जानकारी प्राप्त की।

जांच का मकसद मिलीभगत का पता लगाना रहा

जांच का मकसद यह पता लगाना था कि क्या संदिग्ध इकाईयों ने डीलरों और/या कोष प्रबंधकों सहित सहित अन्य लोगों के साथ मिलीभगत करके बड़े ग्राहकों के लेन-देन में फ्रंट रनिंग की थी। इस तरह इन लोगों ने सेबी के पीएफयूटीपी (धोखाधड़ी और अनुचित व्यापार व्यवहार निषेध) नियमों और सेबी अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन किया था।

ऑफिस में काम करने वाले कर्मचारियों की भर्ती बढ़ी

- दिसंबर के दौरान नौ फीसदी की वृद्धि देखी गई

एजेंसी ▶▶| मुंबई

देश में कार्यालयों में काम करने वाले कर्मचारियों (व्हाइट-कॉलर) की भर्ती में दिसंबर में सालाना आधार पर नौ प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। यह उच्च कौशल तथा रणनीतिक भूमिकाओं से प्रेरित रही।

नौकरी जॉबस्पीक के अनुसार, सूचकांक दिसंबर, 2024 में 2,651 अंक तक पहुंच गया, जो सालाना आधार पर नौ प्रतिशत की मजबूत वृद्धि को दर्शाता है। यह आने वाले वर्ष के लिए एक आशाजनक संकेत है। रिपोर्ट में कहा गया, दिसंबर, 2024 में सबसे अधिक 36 प्रतिशत भर्ती कृत्रिम मेधा/मशीन लर्निंग क्षेत्र में हुई। इसके बाद 13 प्रतिशत के साथ तेल व गैस, 12 प्रतिशत के साथ दैनिक उपयोग की घरेलू वस्तुएं बनाने वाली कंपनियों (एफएमसीजी) और 12 प्रतिशत के साथ ही 'हेल्थकेयर' का स्थान रहा। इसमें कहा गया, शीर्ष 10 शहरों में 10 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई।

नौकरी डॉट कॉम के मुख्य कारोबार अधिकारी पवन गोयल ने कहा, भारत का नौकरी बाजार 2025 में जोश के साथ प्रवेश कर रहा है, जो कृत्रिम मेधा/मशीन लर्निंग में वृद्धि और रचनात्मक क्षेत्रों द्वारा संचालित है। नए पेशेवरों की भर्ती में उछाल और 'सी-सूट' (शीर्ष पदों पर) भूमिकाओं में बदलाव से पता चलता है कि हम अधिक गतिशील परिदृश्य में बदल रहे हैं।

सोना 330 रुपए मजबूत चांदी में 130 रुपए की तेजी

- सोना बढ़कर 79,720 रुपए प्रति 10 ग्राम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आभूषण और खुदरा विक्रेताओं की सतत लिवाली के कारण बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत 330 रुपये बढ़कर 79,720 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। बुधवार को सोना 79,390 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

बृहस्पतिवार को चांदी भी 130 रुपये बढ़कर 90,630 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 90,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत बुधवार को 78,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के पिछले बंद से 330 रुपये बढ़कर 79,170 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई।

रुपए की कमजोरी से तेजी को बढ़ावा

त्रिवेदी ने कहा, "रुपये की कमजोरी से इस तेजी को और बढ़ावा मिला। अंतरराष्ट्रीय मजबूती और मुद्रा की गतिशीलता के संयोजन ने सोने के लिए तेजी की भावना को मजबूत किया है।" विदेशी बाजारों में कॉमेक्स सोना वायदा 8.50 डॉलर प्रति औंस बढ़कर 2,649.50 डॉलर प्रति औंस हो गया।

नैसकॉम फाउंडेशन के सीईओ बने शर्मा

नई दिल्ली। नैसकॉम फाउंडेशन ने ज्योति शर्मा को अपना मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नियुक्त करने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। उन्होंने तत्काल प्रभाव से कार्यभार संभाल लिया है। कंपनी बयान के अनुसार, निधि भसीन का स्थान लेने वाली शर्मा के पास सामाजिक प्रभाव को आगे बढ़ाने और कार्यक्रम विकास, संसाधन जुटाने और हितधारक जुड़ाव में अग्रणी भूमिका निभाने का 20 वर्षों से अधिक का अनुभव है। नासकॉम फाउंडेशन के चेयरमैन रोस्टोव रावनन ने कहा, " उनका दूरदर्शी नेतृत्व तथा गहन विशेषज्ञता हमारे प्रमुख कार्यक्रमों के जरिये हमारे प्रभाव को बढ़ाने, हमारी पहुंच को व्यापक बनाने तथा प्रौद्योगिकी के अभिनव उपयोग के माध्यम से सार्थक बदलाव लाने में सहायक होगी।"

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	नगर परिषद रेवाड़ी	रामसिंहपुरा बावल, एनएच-08, रेवाड़ी में लीगेसी वेस्ट डम्पड के बायोरिमिडिएशन के कार्य हेतु ठेकेदार का चयन + 1 अन्य कार्य।	16.12.2024 16.01.2025	24.23 करोड़	https://etenders.hry.nic.in	9034837507 eomcrwr1@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/31449/I/88/7 दि. 02.01.25

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने किया आईडीएफसी फर्स्ट एकेडमी का शुभारंभ

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने आईडीएफसी फर्स्ट एकेडमी का शुभारंभ किया है। यह वित्तीय साक्षरता बढ़ाने पर आधारित एक व्यापक पहल है और डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से उपलब्ध है। यह एकेडमी बैंक के वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देने के मिशन को दर्शाती है, ताकि लोग अपने वित्तीय मामलों का प्रबंधन बेहतर ढंग से कर सकें। प्रतिभागी आईडीएफसी फर्स्ट एकेडमी के कोर्सेस को डेस्कटॉप या मोबाइल में ब्राउज़र पर https://www.idfc-firstacademy.comजाकर आसानी से एक्सेस कर सकते हैं। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के ग्राहकों के लिए यह सुविधा मोबाइल बैंकिंग ऐप पर भी उपलब्ध है। आईडीएफसी फर्स्ट एकेडमी ने कठिन वित्तीय विषयों को छोटे-छोटे मॉड्यूल्स में प्रस्तुत किया है। ये मॉड्यूल्स न सिर्फ आसान, बल्कि समझने योग्य भी हैं। इसका कॉन्टेंट काफी सरल है, जिसे विशेषज्ञों द्वारा डिज़ाइन किया गया है। ऐसे में, इसे जल्दी और प्रभावी ढंग से सीखा जा सकता है। यह विभिन्न लर्निंग माध्यमों में उपलब्ध है, जिसमें ब्लॉग्स, वीडियो और इंटरएक्टिव क्विज़ शामिल हैं।

उत्तर रेलवे

ई-नीलामी हेतु सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/मालभाड़ा सेवाएँ, दिल्ली मंडल, उत्तर रेलवे के द्वारा रेलवे बोर्ड के पत्र सं. **2022/टीसी(एफएम)/10/04** दिनांक **13.06.2022**, के अनुसार दिल्ली के आनंद विहार रेलवे स्टेशन रेलवे स्टेशन प्लैटफॉर्म-1 पर स्थित अमानती–सामानघर (कुल क्षेत्र 24.726 वर्ग मीटर), (आरओएमटी आधार पर) के प्रबंधन और संचालन हेतु आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल में ई–नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से बोलियों के द्वारा पांच (05) वर्ष के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण इस प्रकार है:

क्रम संख्या	ई-नीलामी के आरम्भ होने की तिथि एवं समय	संसाधन जिनकी नीलामी की जानी है:
1.	08.01.2025 को प्रातः 11:00 बजे	आनंद विहार रेलवे स्टेशन रेलवे स्टेशन प्लैटफॉर्म-1 पर स्थित अमानती–सामानघर (कुल क्षेत्र 24.726 वर्ग मीटर), (आरओएमटी आधार पर) के प्रबंधन और संचालन हेतु 05 (पांच) वर्षों का अनुबंध।

महत्वपूर्ण सूचना:

4. ई–नीलामी के विभिन्न पहलुओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को **https://www.ireps.gov.in/html/helpdesk/learning_centre.html. (e-Auction leasing section)** पर जाने की सलाह दी जाती है।
5. **धरोहर राशि जमा (ईएमडी):** नीलामी के दौरान कुल संविदात्मक बोली मूल्य का **5%** ऑनलाइन जमा किया जाना है। सफल बोलीदाता की ईएमडी सुरक्षा जमा के रूप में रखी जाएगी।
6. रेलवे प्रशासन किसी भी समय इन अनुबंधों को शीघ्र समाप्त करने और/या स्थितियों के आधार पर संशोधित/अतिरिक्त नियमों और शर्तों के साथ इन अनुबंधों को बंद करने/जारी रखने के संबंध में कोई भी निर्णय लेने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रखता है। **15/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

ज्योतिष

फोन करते ही जिन्दगी संवारे
खुदा ने चाहा तो किसी का प्यार टूटने नहीं दूंगा
7 इल्मों के माहिर आपके
विश्वास का एक ही नाम
21 सालों से एक ही स्थान पर
गोल्ड मेडलिस्ट
बाबा पठान बंगाली
7500542070
खुला चैलेंज शक्ति चमत्कार देखे 11 घंटों में घर, बैठे फोन पर या मिलकर समाधान कराये लव मैरिज, मनचाहा प्यार, वशीकरण, पति पत्नी में अनबन, सौतन दुश्मन से छुटकारा, मुठकरनी
A to Z सभी समस्याओं का समाधान
https://www.babapathanjibangali.com दिल्ली

भारतीय मानक ब्यूरो ने आगरा में स्थापना दिवस मनाया

आगरा। भारतीय मानक ब्यूरो नोएडा शाखा कार्यालय ने अपने स्थापना दिवस के अवसर पर आगरा जिला स्थित आगरा फुटवियर मैन्युफैक्चरर्स एंड एक्सपोर्टर्स चेंबर में एक सफल औद्योगिक बैठक का आयोजन किया। यह कार्यक्रम चार औद्योगिक बैठकों की श्रृंखला का हिस्सा था, जो विभिन्न स्थानों पर आयोजित की गई थीं, जिसमें आगरा की बैठक 2 जनवरी 2025 को आयोजित की गई। भारतीय मानक ब्यूरो का स्थापना दिवस हर साल 6 जनवरी को मनाया जाता है और यह कार्यक्रम भारत के औद्योगिक क्षेत्र में मानकीकरण, गुणवत्ता और नवाचार पर चर्चा को बढ़ावा देने की अपनी परंपरा को जारी रखता है। कार्यक्रम में कई प्रतिष्ठित हस्तियों की सक्रिय भागीदारी रही, जिनमें श्री अतुल गुप्ता , राष्ट्रीय उद्योग और वाणिज्य मंडल के अध्यक्ष, श्री अम्बर प्रसाद , राष्ट्रीय वाणिज्य मंडल के उपाध्यक्ष, श्री अमर मित्तल, आगरा आयरन फाउंड्री एसोसिएशन के अध्यक्ष शामिल थे। इन प्रमुख व्यक्तित्वों ने विभिन्न औद्योगिक संघों से मानकीकरणऔर **BIS** लाइसेंसिंग के महत्व पर चर्चा की।

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

महाकुम्भ 2025 के लिए रेलवे स्टेशनों पर विशेष चिकित्सा व्यवस्था

नई दिल्ली। महाकुम्भ 2025 के दौरान भारतीय रेलवे ने प्रयागराज के रेलवे स्टेशनों पर तीर्थयात्रियों की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की हैं। इन सुविधाओं में 24x7 ऑब्जर्वेशन रूमों की व्यवस्था की गई है, ताकि किसी भी आपातकालीन स्थिति में त्वरित और प्रभावी चिकित्सा सेवा प्रदान की जा सके। पिछले महाकुम्भ के दौरान 1 लाख श्रद्धालुओं को प्राथमिक चिकित्सा सहायता दी गई थी, और इस बार रेलवे एक बड़ी संख्या में यात्रियों को उच्च गुणवत्ता की चिकित्सा सेवा देने के लिए पूरी तरह से तैयार है। महाकुम्भ के दौरान यात्रियों की स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए भारतीय रेलवे ने प्रयागराज जंक्शन, सुबेदारगंज, नैनी जंक्शन एवं प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर ऑब्जर्वेशन रूम स्थापित किए हैं।

उत्तर रेलवे

(ई–नीलामी सूचना)

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली द्वारा डीलक्स पे एंड यूज शौचालय BOT, MOT और ROMT के आधार पर अनुबंध लॉटस/साइट्स के आवंटन हेतु ई–नीलामी IREPS पोर्टल (https://ireps.gov.in) पर ई–बोली "जैसा है जहां है" के आधार पर निम्नलिखित प्रकार से आमंत्रित की जाती है:–

ई कैटलॉग संख्या (E-Catalogue No)	ई–नीलामी की तिथि एवं समय	रेलवे स्टेशन/स्थान/साइट्
PaynUse01-2025	दिनांक 20.01.2025 को 12:00 बजे	पटेल नगर (PTNR)-1 साइट, शिवाजी ब्रिज (CSB)-1 साइट, पानीपत (PNP)-1 साइट, कुल -3 साइट्स/स्थल।

वेबसाइट विवरण जहां ई–नीलामी दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता	https://ireps.gov.in/
ई–नीलामी में भाग लेने के लिए ठेकेदारों के लिए पूर्वापेक्षाएँ	आईआरईपीएस के ई–नीलामी लीजिंग मॉडयूल के माध्म से आयोजित ई नीलामी में भाग लेने के इच्छुक सभी ठेकेदारों को अपनी बोलियां जमा करने से पहले निम्नलिखित अनिवार्य आवश्यकताओं को पूरा करना चाहिए: ई–नीलामी लीजिंग मॉडयूल के लिए आईआरईपीएस पर पंजीकरण – ई–नीलामी लीजिंग मॉडयूल के लिए सक्रिय आईआरईपीएस उपयोगकर्ता खाता; एकमुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान; भारतीय स्टेट बैंक में चालु खाता; आईआरपीएस खाते के साथ भारतीय स्टेट बैंक खाते का एकीकरण; फण्ड का लियन मार्किंग; कारोबार का अद्यतन विवरण; जिन ठेकेदारों के पास आईआरईपीएस के किसी भी मॉडयूल के लिए आईआरईपीएस खाता नहीं है, वे आईआरईपीएस होम पेज पर नए विक्रेताओं/ठेकेदारों (ई–निविदा/ई–नीलामीलीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण के लिए अपना ऑन लाइन अनुरोध प्रस्तुत कर सकते हैं। ई–ऑक्शन लीजिंग मॉडयूल के लिए अब वर्चुअल अकाउंट नंबर (वीएएन) नामक एक नयातंत्र शुरू किया गया है, जिसका उपयोग बोलीदाताओं द्वारा लियन मार्किंग तंत्र के विकल्प के रूप में किया जा सकता है। बोली लगाने हेतु प्रवेश करने से पहले किसी भी समय लियन मार्किंग मैकेनिज्म (यदि सक्रिय हो) और वैन मैकेनिज्म के बीच स्विच करने के लिए स्वतंत्र हैं। VAN तंत्र के लिए बोली लगाने वाले का भारतीय स्टेट बैंक में चालू खाता होना आवश्यक नहीं है। उपयोगकर्ता किसी भी बैंक में अपने किसी भी मौजूदा बैंक खाते से अपने VAN खाते में धन स्थानांतरितकरने के लिए स्वतंत्र हैं, जो उन्हें IREPS ई–नीलामी में भाग लेने में सक्षम बनाता है।
सम्बंधित जानकारी हेतु रेलवे प्राधिकारी	वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक/पीएस, डीआरएम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड नई दिल्ली 110055 Email:sanitationcell@gmail.com Tel: 011-23743084

संख्या 7PUB/TN/Pay&Use Toilets/Auction/2022 Dated: 01.01.2025 **21/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

राशिफल

मेष — कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

वृष — कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म–कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी,स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

मिथुन — अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

कर्क — आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान–पान में रुचि बढ़ेगी,संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।

सिंह — पठन–पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।

कन्या — नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात–निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

तुला — आलस्य की अधिकता रहेगी, घर–परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

वृश्चिक — वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे,वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

धनु — रहन–सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान–पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

मकर — आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्चे बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

कुंभ — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान–पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

मीन — रहन–सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

शब्द पहेली - 5736



बाएँ से दाए-
1. छुट्टी, रजा-4
3. वध, आघात-4
5. दशानन-3
7. अनमोल, अनूठा-3
8. अनाथ, बेसहारा-3
10. खजूर-3
11. रहम करना-2,3
14. गहराई नापना-2,3
17. लगातार, सतत-5
20. संतुष्ट होना-2,3
23. बीच में, दौरान-3
24. खुश, आनंदित-3
25. शिक्षा-3
26. शोक-3
27. जांचना, परखना-4
28. धार्मिक विधि का आयोजन करने वाला-4

ऊपर से नीचे
2. मयखाना, मधुशाला-5
3. प्रेमकहानी-5
4. चापलूसी-4
6. नटना, वचन तोड़ना-4
7. फिजूल, व्यर्थ-3
9. अव्यवस्थित समूह, भीड़-3
12. गुजर करना-3
13. वेग, गति-3
15. खूबसूरत-3
16. पर्वतीय मैदान, समतल पर्वत-3
17. गुजारिश, मांग-4
18. सुअर-3
19. गुस्सा होना-5
20. ममतापूर्ण-5
22. अयोग्य, असंगत-4

शब्द पहेली -5735 का हल





बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी

पांचवे और अंतिम मैच का प्रसारण सुबह 5 बजे से

रोहित सिडनी टेस्ट से होंगे बाहर! भारत का ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ निर्णायक जंग आज

एजेंसी ▶▶| सिडनी

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा अतिरिक्त उछाल और सीम मूवमेंट का सामना नहीं कर पाने के अलावा अपनी कप्तानी को लेकर आलोचना झेल रहे हैं। इससे टेस्ट क्रिकेटर के रूप में उनका कॅरियर निराशाजनक अंत की ओर बढ़ता दिख रहा है। ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि शुक्रवार से यहां आस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू हो रहे अंतिम टेस्ट मैच के लिए टीम में उनकी जगह भी पक्की नहीं है। मेलबर्न की तरह ही यहां रोहित नेट्स पर अभ्यास के लिए आखिर में उतरे। इससे पहले मुख्य कोच गौतम गंभीर ने यह पुष्टि करने से इनकार किया कि शुक्रवार की सुबह टॉस के लिए रोहित आएंगे या नहीं।

गंभीर ने रोहित के खेलने को लेकर पूछे गए सवाल पर इतना ही कहा, 'हम पिच को देखने के बाद अंतिम एकादश के बारे में फैसला लेंगे।' अगर ऐसा होता है तो रोहित खराब फॉर्म के कारण टीम से बाहर किए जाने वाले पहले कप्तान होंगे। वह पांच पारियों में 31 रन ही बना सके हैं। महेंद्र सिंह धोनी और अनिल कुंबले ने श्रृंखला के बीच में टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया था क्योंकि उनका शरीर पांच दिनी क्रिकेट और खेल पाने की इजाजत नहीं दे पा रहा था। रोहित के मामले में उन्हें फॉर्म के आधार पर बाहर किया जाएगा क्योंकि गंभीर ने साफ तौर पर कहा है कि प्रदर्शन के आधार पर ही कोई भी खिलाड़ी भारतीय ड्रेसिंग रूम में बने रह सकता है। अगर रोहित शुक्रवार को टॉस के लिए नहीं आते हैं तो यह माना जा सकता है कि उन्होंने इस सप्ताह एमसीजी पर अपना आखिरी टेस्ट खेल लिया।

शुभमन को मिलेगा मौका

गंभीर ने अंतिम एकादश का खुलासा नहीं किया लेकिन ऐसे संकेत हैं कि भारतीय टीम तीसरे नंबर पर शुभमन गिल को उतार सकती है। गंभीर ने मैच से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'भारतीय क्रिकेट में बदलाव का यह दौर सुरक्षित हाथों में है जब तक ड्रेसिंग रूम में ईमानदार लोग हैं। ड्रेसिंग रूम में बने रहने का एकमात्र मानदंड प्रदर्शन है।'

कोच पंत से नाराज

ऐसी खबरें हैं कि गैर जिम्मेदाराना शॉट खेलकर विकेट गंवाने वाले ऋषभ पंत पर भी गंभीर ने गुस्सा निकाला है। ऐसी अटकलें हैं कि सिडनी टेस्ट में पंत की जगह ध्रुव जुरेल को उतारा जा सकता है। पंत को अगर बाहर किया जाता है तो 1984 के इंग्लैंड दौरे की याद ताजा हो जाएगी जब खराब शॉट खेलने के कारण विकेट गंवाने वाले महान हरफनमौला कपिल देव को सबक सिखाने के लिए टीम से बाहर किया गया था।

'ईमानदारी' से की बातचीत : गंभीर

भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा कि ड्रेसिंग रूम की 'बहस' सार्वजनिक नहीं होनी चाहिये और उन्होंने खिलाड़ियों से 'ईमानदारी' से बातचीत की क्योंकि प्रदर्शन ही उन्हें टीम में रख सकता है। ड्रेसिंग रूम में तनाव की रिपोर्ट के बीच गंभीर ने कहा कि वे सिर्फ रिपोर्ट हैं, सच नहीं। गंभीर ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ शुक्रवार से शुरू हो रहे पांचवें और आखिरी टेस्ट से पहले प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'कोच और खिलाड़ी के बीच की बात ड्रेसिंग रूम में ही रहनी चाहिए। तल्ख शब्द। ये सिर्फ रिपोर्ट हैं, सच नहीं। जब तक ईमानदार लोग ड्रेसिंग रूम में हैं, भारतीय क्रिकेट सुरक्षित हाथों में है। आपको एक ही चीज ड्रेसिंग रूम में रख सकती है और वह है प्रदर्शन। ईमानदारी से बात कही गई और ईमानदारी महत्वपूर्ण है।'

मार्श बाहर, वेबस्टर शामिल

हरफनमौला ब्यू वेबस्टर को शुक्रवार से भारत के खिलाफ शुरू हो रहे पांचवें और आखिरी टेस्ट में खराब फॉर्म से जूझ रहे मिचेल मार्श की जगह आस्ट्रेलियाई टीम में रखा गया है। मेजबान कप्तान पैट कमिंस ने यह जानकारी दी।

तैंतीस वर्ष के मार्श चार टेस्ट की सात पारियों में 73 रन ही बना सके हैं। उन्होंने अब तक महज 33 ओवर गेंदबाजी करके तीन विकेट लिए। कमिंस ने कहा, ' हमारी टीम में एक बदलाव है। मिचेल मार्श की जगह ब्यू वेबस्टर खेलेंगे। मिचेल को पता है कि उसने रन नहीं बनाए हैं।'

चोटिल आकाश दीप आखिरी टेस्ट से बाहर

भारतीय तेज गेंदबाज आकाश दीप कमर में जकड़न के कारण शुक्रवार से आस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू हो रहे पांचवें और आखिरी टेस्ट से बाहर हो गए। आकाश ने ब्रिसबेन और मेलबर्न में दो टेस्ट खेलकर पांच विकेट लिए हैं। वह बदकिस्मत रहे कि उनकी गेंदबाजी के दौरान दोनों मैचों में कैच छूटे। भारतीय कोच गौतम गंभीर ने मैच से पहले प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'आकाश दीप कमर की तकलीफ के कारण बाहर है।'

क्रिकेट

बुमराह 52 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ने से सिर्फ छह विकेट दूर

एक सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट

खिलाड़ी	टेस्ट	विकेट	खिलाफ	वर्ष
बीएस चन्द्रशेखर	5	35	इंग्लैंड	1972-73
वीनू मांकड़	5	34	इंग्लैंड	1951-52
सुभाष गुप्ते	5	34	न्यूजीलैंड	1955-56
कपिल देव	6	32	पाकिस्तान	1979-80
हरभजन सिंह	3	32	ऑस्ट्रेलिया	2000-01
आर अश्विन	4	32	इंग्लैंड	2020-21
बिशन सिंह बेदी	5	31	ऑस्ट्रेलिया	1977-78
आर अश्विन	4	31	द.अफ्रीका	2015-16
जसप्रीत बुमराह	4	30	ऑस्ट्रेलिया	2024-25

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जसप्रीत बुमराह टीम इंडिया के घातक गेंदबाज हैं। उन्होंने मौजूदा बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में कमाल का प्रदर्शन किया है। बुमराह इस सीरीज में फिलहाल सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में टॉप पर हैं। अब उनके पास एक बड़ा रिकॉर्ड तोड़ने का मौका है। बुमराह भारत की ओर से एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। लेकिन उन्हें इसके लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी टेस्ट में कमाल दिखाना होगा।

- भारत की ओर से एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लेने का बनेगा रिकॉर्ड

बुमराह ने भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच चल रही टेस्ट सीरीज के 4 मैचों में 30 विकेट झटके हैं। वे सीरीज में विकेट लेने के मामले में टॉप पर हैं। दूसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज पैट कमिंस हैं। कमिंस और बुमराह के बीच फिलहाल 10 विकेट का फासला है। कमिंस ने 4 मैचों में 20 विकेट लिए हैं। जबकि मोहम्मद सिराज ने 16 विकेट लिए हैं। अब बुमराह इतिहास रचने के करीब हैं। दरअसल भारत की ओर से एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड बीएस चन्द्रशेखर के नाम दर्ज है। उन्होंने 1972-73 में खेली 5 मैचों की सीरीज में 35 विकेट झटके थे। इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर वीनू मांकड़ और सुभाष गुप्ते हैं। इन दोनों ने 34-34 विकेट लिए थे। अब बुमराह इन सभी को पीछे छोड़ सकते हैं। बुमराह को इसके लिए टेस्ट सीरीज के आखिरी मैच में 6 विकेट लेने होंगे। बुमराह ने अगर 6 विकेट ले लिए, तो वे 52 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ देंगे।

खबर संक्षेप

श्रीलंका दौरे से बाहर रह सकते हैं कमिंस

सिडनी। आस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने संकेत दिया कि वह अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण इस महीने के आखिर में श्रीलंका दौरे से बाहर रह सकते हैं। आस्ट्रेलिया को श्रीलंका में 29 जनवरी और छह फरवरी से दो टेस्ट खेलने हैं। उसी समय कमिंस की पत्नी बेकी बच्चे को जन्म देने वाली है। कमिंस ने कहा, 'अभी दिन पता नहीं है लेकिन यह तय है (मैं श्रीलंका दौरे से बाहर रह सकता हूं)।' उनकी गैर मौजूदगी में स्टीव स्मिथ या ट्रेविस हेड आस्ट्रेलिया के कप्तान होंगे।

रोहित के संन्यास लेने पर हैरानी नहीं होगी

सिडनी। भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का कहना है कि आलोचनाओं से घिरे कप्तान रोहित शर्मा के निकट भविष्य में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करने पर उन्हें हैरानी नहीं होगी। उनका कहना है कि प्रतिभाशाली और फॉर्म में चल रहे युवा जैसे शुभमन गिल टीम में आने के लिए कड़ी मशक्कत कर रहे हैं। बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी की पांच पारियों में उनका सर्वोच्च स्कोर 10 रन रहा है। सिडनी टेस्ट के लिए अंतिम एकादश में रोहित के स्थान को लेकर अटकलें तेज हो गईं।

आस्ट्रेलिया की नजरें सिडनी टेस्ट जीतने पर

सिडनी। आस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने कहा कि श्रृंखला में 2-1 से बढ़त बनाने के बावजूद भारत के खिलाफ शुक्रवार से शुरू हो रहे बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के आखिरी मैच में उनकी टीम की ऊर्जा में कोई कमी नहीं आएगी। आस्ट्रेलिया ने बॉक्सिंग डे टेस्ट 184 रन से जीतकर 2014-15 के बाद बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी जीतने की ओर कदम बढ़ा दिया है। कमिंस ने कहा, 'श्रृंखला में आगे होना अच्छा रहता है। आप हर टेस्ट मैच जीत के इरादे से ही खेलते हैं और यहां भी कुछ अलग नहीं है।'



पर्वतारोहण को बढ़ावा देने का आग्रह किया

नई दिल्ली। भारत के सबसे युवा पुरुष पर्वतारोही नरेंद्र सिंह यादव ने सरकार से देश में पर्वतारोहण को बढ़ावा देने के लिए और अधिक प्रयास करने तथा प्राकृतिक आपदाओं से परे पर्वतारोहियों के योगदान को महत्व देने की बात कही।

मैक्सवेल ने पकड़ा हैरतअंगेज कैच बेटर-फिल्डर, कमेंटेटर सब हैरान

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

बुधवार को बिग-बैश लीग में मेलबर्न स्टार्स और ब्रिस्बेन हीट की आमने-सामने थी। इस मुकाबले मेलबर्न स्टार्स के ग्लेन मैक्सवेल ने हैरतअंगेज कैच पकड़ा। ग्लेन मैक्सवेल के कैच पर क्रिकेट फैंस को यकीन नहीं रहा है। इसके अलावा बल्लेबाज समेत गेंदबाज हैरान रह गए। इस दौरान ग्लेन मैक्सवेल ने गजब का एथलिटिज्म और टाइमिंग दिखाया। मैक्सवेल के कैच को बैग-बैश इतिहास के सबसे बेहतरीन कैच में गिना जा रहा है। जब मैक्सवेल ने कैच पकड़ा उसके बाद कमेंटेटर यकीन नहीं कर पा रहे थे।

यह वाक्या ब्रिस्बेन हीट की पारी के 17वें ओवर का है। मेलबर्न स्टार्स के लिए डेन लॉरेंस गेंदबाजी कर रहे थे। डेन लॉरेंस की गेंद पर विल प्रिसविज ने शानदार शॉट खेला। ऐसा लग रहा था कि गेंद छक्के के लिए बाउंड्री पार चली जाएगी, लेकिन बीच में ग्लेन मैक्सवेल आ गए। पहले ऐसा लगा कि मैक्सवेल छक्का तो बचा लेंगे, लेकिन कैच नामुमकिन है। बहरहाल मैक्सवेल ने हैरतअंगेज कैच से सबको हैरान कर दिया। सोशल मीडिया पर मैक्सवेल का कैच तेजी से वायरल हो रहा है। इसके अलावा सोशल मीडिया यूजर्स लगातार कमेंट्स कर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

भारत-पाक मैचों का सभी को इंतजार : वाटसन

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर शेन वाटसन ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम के पाकिस्तान नहीं जा पाने को 'दुर्भाग्यपूर्ण' बताया है। वॉटसन ने साथ ही ये भी कहा कि इस आईसीसी टूर्नामेंट से विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे स्टार बल्लेबाजों को लंबे समय से चले आ रहे खराब फॉर्म से उबरने का मौका मिलेगा। वाटसन ने यहां चैंपियंस ट्रॉफी टूर के दौरान मीडिया से कहा, 'यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि ऐसे हालात बने। लेकिन इसमें कोई शक नहीं कि भारत-पाकिस्तान मैचों का सभी को इंतजार रहता है। जब भी वे एक दूसरे के खिलाफ खेलते हैं तो यह खास होता है।'

टेनिस...

सिडनी। पोलैंड की इगा स्वियाटेक ने गुरुवार को सिडनी, ऑस्ट्रेलिया के केन रोज़वेल एरिना में 2025 यूनाइटेड कप के सातवें दिन ग्रेट ब्रिटेन की कैटी बौल्टर के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मैच में शॉट खेलती हुई।

उपलब्धि

'चंदू चैंपियन' को मेडल जीतने के 52 साल बाद मिलेगा 'अर्जुन अवॉर्ड'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ओलंपिक और पैरालंपिक में देश का परचम लहराने वाले 4 खिलाड़ी इस साल मेजर ध्यानचंद खेल रत्न अवॉर्ड से सम्मानित किए जाएंगे। खेल मंत्रालय ने गुरुवार को 2024 के खेल अवॉर्ड्स का ऐलान किया।

अवॉर्ड्स पाने वालों की लिस्ट में एक नाम ऐसा भी है, जिस पर हाल ही में फिल्म 'चंदू चैंपियन' बनी है। चंदू चैंपियन के रियल कैरेक्टर मुरलीकांत पेटकर को अर्जुन अवॉर्ड (लाइफटाइम) दिया जाएगा। खेल मंत्रालय ने जैसे ही अवॉर्ड लिस्ट जारी की, वैसे ही मुरलीकांत पेटकर का नाम भी ट्रेंड करने लगा। उनका नाम अर्जुन अवॉर्ड (लाइफटाइम) पाने वालों में शामिल है।

मुरलीकांत पेटकर भारत के पहले पैरालंपिक गोल्ड मेडल जीतने वाले खिलाड़ी रहे हैं। उन्होंने 1972 पैरालंपिक में 50 मीटर फ्रीस्टाइल स्वीमिंग में गोल्ड जीता था। भारत-पाकिस्तान युद्ध 1965 में गोलियां लगने से विकलांग हुए पेटकर पर हाल ही में फिल्म 'चंदू चैंपियन' बनी है।

भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने का वादा

नई दिल्ली। शतरंज के विश्व चैंपियन डी गुकेश ने गुरुवार को प्रतिष्ठित खेल रत्न पुरस्कार के लिए चुने जाने के बाद भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने का वादा किया। गुकेश हाल ही में सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन बने जब उन्होंने चीन के डिंग लिरेन को हराया। वह विश्वनाथन आनंद के बाद यह खिताब जीतने वाले दूसरे भारतीय हैं। गुकेश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को टैग करते हुए 'एक्स' पर लिखा, 'माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी, मैं प्रतिष्ठित मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार के लिए चुने जाने पर वास्तव में आभारी हूं और विनम्र महसूस कर रहा हूं। आपके शब्दों और मार्गदर्शन ने मुझे हमेशा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने और देश को गौरवान्वित करने के लिए प्रेरित किया है। मैं वादा करता हूं की शतरंज की बिसात और उसके बाहर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन जारी रखूंगा। आपके निरंतर समर्थन के लिए माननीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया जी को धन्यवाद।'

रित्विक ब्रिस्बेन इंटरनेशनल टूर्नामेंट से बाहर, बालाजी की जोड़ी भी हारी

ब्रिस्बेन। एटीपी सर्किट में लगातार प्रगति कर रहे भारतीय खिलाड़ी रित्विक चौधरी बोलीपल्ली और रोबिन हासे की जोड़ी गुरुवार को यहां ब्रिस्बेन इंटरनेशनल टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल से बाहर हो गई। भारत और नीदरलैंड की यह जोड़ी 12 जनवरी से शुरु होने वाले सत्र के पहले ग्रैंडस्लैम ऑस्ट्रेलियाई ओपन से पहले आयोजित इस एटीपी 250 टूर्नामेंट में रिंकी हिजिकाता और जेसन कुबलर 65 मिनट में 4-6, 2-6 से हार गई। बोलीपल्ली मेलबर्न में अपना मेजर पदार्पण करेंगे। एन श्रीराम बालाजी और मिगुएल रेयेस वारेला की जोड़ी को शुरुआती दौर में मैनुअल गुईनार्ड और आर्थर रिंडर्कनेच से 4-6, 2-6 से हार का सामना करना पड़ा। एक अन्य भारतीय युकी भांबरी फ्रांस के अपने जोड़ीदार अल्बानो ओलिवेटी के साथ हांगकांग टेनिस ओपन के क्वार्टरफाइनल में कारेन खाचानोव और आंद्रे रूबलेव की जोड़ी से 4-6, 6-7(5) से हार गए। एकल में सुमित नागल कैनबरा में एटीपी चैलेंजर टूर्नामेंट में अमेरिकी क्वालीफायर पैट्रिक किपसन से 6-2, 4-6, 1-6 से पराजित हुए।

परेरा के शतक से जीता श्रीलंका श्रृंखला 2-1 से न्यूजीलैंड के नाम

एजेंसी ▶▶| नेलसन

कुसल परेरा ने टी20 क्रिकेट में श्रीलंका के लिए सबसे तेज शतक लगाकर तीन मैचों की श्रृंखला के आखिरी मैच में अपनी टीम को न्यूजीलैंड पर सात रन से जीत दिलाई। परेरा के 44 गेंद में शतक और कप्तान चरित असालांका के साथ शतकीय साझेदारी की मदद से श्रीलंका ने पांच विकेट पर 218 रन बनाए जो टी20 में उसका दूसरा सर्वोच्च स्कोर है। इससे पहले श्रीलंका ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया।

न्यूजीलैंड ने पहले दो मैच जीतकर तीन मैचों की श्रृंखला 2-1 से अपने नाम की। न्यूजीलैंड की टीम सात विकेट पर 211 रन ही बना सकी जिसमें रचिन रविंद्र ने 39 गेंद में 69 रन का योगदान दिया। न्यूजीलैंड को आखिरी ओवर में 22 रन की जरूरत थी। पहली तीन गेंद पर छह रन लेने के बाद जाक फोक्स ने चौथी गेंद पर छक्का लगाया। आखिरी दो गेंद पर न्यूजीलैंड को 10 रन की जरूरत थी लेकिन उसके बल्लेबाज तीन रन ही बना सके।

भारतीय हॉकी टीम के स्टार खिलाड़ी हरमनप्रीत होंगे सम्मानित

खेतों से मैदान तक... किसान के बेटे को खेल रत्न

एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़

भारतीय हॉकी टीम के स्टार खिलाड़ी हरमनप्रीत सिंह को खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। खेल मंत्रालय की तरफ से राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2024 का ऐलान किया गया है, जिसमें पंजाब के अमृतसर के रहने वाले हॉकी खिलाड़ी हरमनप्रीत सिंह का नाम भी शामिल है। हरमनप्रीत सिंह भारतीय हॉकी टीम के स्टार डिफेंडर व ड्रैग-फ्लिकर हैं।

अमृतसर के किसान परिवार में जन्मे हरमनप्रीत सिंह जब पिता के साथ खेतों में ट्रैक्टर चलाते थे, तब उन्होंने शायद ही सोचा हो कि एक दिन उनका नाम दुनिया के सर्वश्रेष्ठ ड्रैग-फ्लिकर्स में शुमार होगा। हाल ही के वर्षों में उन्होंने अपने खेल से सभी को काफी प्रभावित किया है। पेनल्टी कॉर्नर स्पेशलिस्ट हरमनप्रीत ने अपने दमदार फ्लिक और डिफेंस के बूते टोक्यो ओलंपिक में भारतीय टीम को कांस्य पदक और पेरिस ओलंपिक में भी दूसरी बार ब्रांज मेडल जीता। इससे पहले एशियन गेम्स 2023 में स्वर्ण पदक दिलाया था।

200 मैचों में 150 से अधिक गोल

राष्ट्रीय टीम के लिए लगभग 200 मैचों में 150 से अधिक गोल करने के बाद, हरमनप्रीत सिंह ने हांगझोऊ में एशियन गेम्स 2023 में टीम को स्वर्ण पदक दिलाया, जिससे भारत ने पेरिस 2024 ओलंपिक गेम्स में भी अपनी जगह पक्की की थी। हरमनप्रीत सिंह हांगझोऊ में 13 गोल के साथ भारत के सर्वोच्च स्कोरर रहे, जिसमें जापान के खिलाफ स्वर्ण पदक मैच में उनके दो गोल शामिल थे। उन्होंने टीम को एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2023 का खिताब भी दिलाया था।

ट्रैक्टर के गियर बदलने से मजबूत हुईं कलाइयां

उनका जन्म 6 जनवरी, 1996 को अमृतसर के जंडियाला गुरु बस्ती में एक किसान परिवार में हुआ था। बचपन में हरमनप्रीत ने अपने परिवार के साथ खेतों में ट्रैक्टर भी चलाते थे। ट्रैक्टर के गियर बदलने और स्टीयरिंग कंट्रोल करने से उनकी कलाइयों को काफी मजबूती मिली, जो बाद में उनके खेल में काम आई। वह मानते हैं कि इस अभ्यास से उनमें शक्तिशाली तरीके से ड्रैग फ्लिक करने की प्रतिभा विकसित हुई। पिता सरबजीत सिंह पेशे से किसान और उनकी मां राजविंदर कौर गृहिणी हैं। उनके दो भाई भी हैं।

प्रमुख उपलब्धियां

- पेरिस 2024 ओलंपिक में कांस्य पदक जीता।
- टोक्यो 2020 ओलंपिक में कांस्य पदक जीता।
- टोक्यो 2020 में भारतीय हॉकी टीम के शीर्ष स्कोरर रहे।
- एफआईएच प्रो लीग 2021-22 में शीर्ष स्कोरर रहे।
- पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 में भारतीय हॉकी टीम के कप्तान।
- बर्मिंघम में आयोजित राष्ट्रमंडल खेल 2022 में रजत पदक जीता।
- एशियन गेम्स 2023 में भारत को स्वर्ण पदक दिलाया।
- एशियन गेम्स 2023 में 13 गोल के साथ भारत के शीर्ष स्कोरर रहे।
- एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2023 में भारत को स्वर्ण पदक दिलाया।

केंद्रीय गृह मंत्रालय की नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट में हुआ बड़ा खुलासा

नए साइबर अपराध 'निवेश घोटाले' से बेरोजगार युवाओं गृहिणियों, छात्रों और जरूरतमंद लोगों को बना रहे निशाना

रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2024 के पहले तीन महीनों में वाट्सएप के माध्यम से साइबर धोखाधड़ी के संबंध में कुल 43797 शिकायतें प्राप्त हुईं, इसके बाद टेलीग्राम के खिलाफ 22680 और इंस्टाग्राम के खिलाफ 19800 शिकायतें मिलीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्रालय की नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, 'पिग बूचरिंग स्कैम' यानी 'निवेश घोटाला' के रूप में जाना जाने वाला एक नया साइबर धोखाधड़ी सामने आया है, जिसमें बेरोजगार युवाओं, गृहिणियों, छात्रों और जरूरतमंद लोगों को निशाना बनाया जाता है और वे इसमें फंसकर बड़ी रकम खो रहे हैं। यह विश्वभर में फैला हुआ है और इसमें बड़े पैमाने पर मनी लॉन्ड्रिंग और यहां तक की साइबर गुलामी भी शामिल है। साइबर अपराधी इन अपराधों को शुरू करने के लिए गूगल सेवा प्लेटफ़ॉर्म का भी उपयोग कर रहे हैं। गूगल विज्ञापन प्लेटफ़ॉर्म सीमा पार से लक्षित विज्ञापन के लिए एक सुविधाजनक सेवाएं प्रदान करता है।

ठगी के लिए सबसे ज्यादा वाट्सएप का उपयोग कर रहे साइबर

फेसबुक विज्ञापनों का उपयोग करते हैं साइबर अपराधी

रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में अवैध ऋण देने वाले ऐप लॉन्च करने के लिए संगठित साइबर अपराधियों द्वारा प्रायोजित फेसबुक विज्ञापनों का बड़े पैमाने पर उपयोग किया जाता है। ऐसे लिंक को सक्रिय रूप से पहचाना जाता है और आवश्यक कार्रवाई के लिए फेसबुक पेजों के साथ-साथ फेसबुक के साथ साझा किया जाता है। 'साइबर अपराध की शिकायतें जहां बिग टेक प्लेटफ़ॉर्म का दुरुपयोग किया गया है' पर रिपोर्ट में प्रकाशित डेटा से पता चलता है कि वर्ष 2024 के पहले तीन महीनों में वाट्सएप के माध्यम से साइबर धोखाधड़ी के संबंध में कुल 43797 शिकायतें प्राप्त हुईं इसके बाद टेलीग्राम के खिलाफ 22680 और इंस्टाग्राम के खिलाफ 19800 शिकायतें मिलीं।

◆ गूगल और फेसबुक के साथ भागीदारी

रिपोर्ट में कहा गया है कि आई4सी ने साइबर धोखेबाजों, एंड्रॉइड बैंकिंग मैलवेयर (हैश) और कई अन्य लोगों द्वारा डिजिटल ऋण देने वाले ऐप्स और उसके सिग्नल और गूगल के फायरबेस डोमेन (मुफ्त होस्टिंग) के दुरुपयोग को चिह्नित करने जैसी सक्रिय कार्रवाइयों के लिए खुफिया जानकारी और सिग्नल साझा करने के लिए गूगल और फेसबुक के साथ साझेदारी की है। आई4सी की राष्ट्रीय साइबर अपराध खतरा विश्लेषण इकाई (एनसीटीएयू) पोर्टल पर दर्ज शिकायतों का विश्लेषण करती है और साइबर अपराध के नवीनतम रुझानों और सेवा प्रदाताओं द्वारा प्रदान की गई सेवाओं के दुरुपयोग पर विश्लेषण रिपोर्ट तैयार करती है।

◆ साइबर वॉलिंटियर फ्रेमवर्क शुरू

इन रिपोर्टों को सभी संबंधित हितधारकों, यानी बैंकों, वॉलेट्स, व्यापारियों, भुगतान एग्रीगेटर्स, भुगतान गेटवे, ई-कॉमर्स और अन्य विभागों के साथ साझा किया जाता है ताकि निवारक उपाय किए जा सकें और उनके प्लेटफार्मों/सेवाओं के दुरुपयोग को कम किया जा सके। मंत्रालय ने एक साइबर वॉलिंटियर फ्रेमवर्क भी शुरू किया है, जो नागरिकों को इंटरनेट पर गैरकानूनी सामग्री की रिपोर्ट करने, साइबर स्वच्छता के प्रसार और कानून प्रवर्तन में सहायता के लिए साइबर विशेषज्ञों के रूप में साइबर वॉलिंटियर के रूप में नामांकन करने में सक्षम बनाता है, जिसके तहत 31 मार्च, 2024 तक 54,833 स्वयंसेवकों ने पंजीकरण कराया था।

तमिलनाडु में एक हजार करोड़ का साइबर अपराध

तमिलनाडु में 1,000 करोड़ रुपए से अधिक की साइबर धोखाधड़ी के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पश्चिम बंगाल में गुरुवार (2 जनवरी 2025) को 8 जगहों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई कोलकाता और अन्य जिलों में संदिग्ध जगहों पर की गई। वहीं, साल्ट लेक में पूछताछ के लिए एक शख्स को हिरासत में लिया गया है और शामिल संदिग्धों की पहचान कर गिरफ्तारी के प्रयास किया जा रहा है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कोलकाता के पार्क स्ट्रीट, साल्ट लेक और बागुइहाटी इलाकों में पांच जगहों और जिलों में तीन अन्य स्थानों पर एक साथ छापेमारी चल रही है।

अमित शाह ने 'जेके एंड लद्दाख थ्रू एजेस' पुस्तक का किया विमोचन

'पीओके' का नाम लिए बिना बोले जो गंवाया, वो जल्द हासिल करेंगे

◆ इतिहासकारों ने तोड़-मरोड़कर पेश किए ऐतिहासिक तथ्य

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि भारत के कोने-कोने में जो संस्कृति, भाषा, हमारी लिपियां, अध्यात्म के विचार, तीर्थस्थलों की कला, व्यापार और वाणिज्य बिखरा पड़ा है, वो कम से कम 10 हजार साल से कश्मीर में उपस्थित है। वहीं से देश के बहुत सारे हिस्से में आया। भारत से जुड़ाव का प्रश्न बेमानी हो जाता है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को पीओके का नाम लिए बिना कहा कि जो हमने गंवाया वो जल्द हासिल कर लेंगे। शाह ने कहा कि अगर भारत को समझना है तो भारतीय दृष्टिकोण और हमारे देश को जोड़ने वाले तथ्यों को समझना होगा। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के इतिहास के साथ यही हुआ। यहां किसने शासन किया, कौन रहा, किसने क्या अनुबंध किया... इसके आधार पर तथ्यों को तोड़ मरोड़कर पेश किया गया। शाह ने कहा हम सभी जानते हैं कि कश्मीर को कश्यप की भूमि कहा जाता है। यह संभव है कि कश्मीर का नाम ऋषि कश्यप के नाम पर पड़ा हो। उन्होंने कहा कि भारत के कोने-कोने में जो संस्कृति, भाषा, हमारी लिपियां, अध्यात्म के विचार, तीर्थस्थलों की कला, व्यापार और वाणिज्य बिखरा पड़ा है, वो कम से कम 10 हजार साल से कश्मीर में उपस्थित है।

■ शाह ने कहा- कश्मीर हमेशा भारत का अभिन्न अंग रहेगा

■ भारत को समझना है तो भारतीय दृष्टिकोण समझना होगा

भारत की एकता संस्कृति

अमित शाह ने कहा कि ब्रिटिश शासन के दौरान इतिहास में लिखी गई हमारे देश की परिभाषा उनके ज्ञान की कमी के कारण उपजी। दुनिया भर में देशों का अस्तित्व भू-राजनीतिक से सामने आया। इनका जन्म अक्सर युद्धों या समझौतों द्वारा निर्धारित सीमाओं से हुआ है। मगर भारत इस मायने में अद्वितीय है। भारत की एकता हमेशा इसकी संस्कृति पर आधारित रही है न कि इसकी भौगोलिक सीमाओं पर।

भारत एकजुट नहीं था ये मिथक

गृह मंत्री ने कहा कि हमारे देश के सभी कोनों का इतिहास हजारों साल पुराना है। उन्होंने कहा कि उपनिवेशवाद का उद्देश्य भारत के वास्तविक इतिहास को मिटाना था। देश के इतिहास और एकता के बारे में एक झूठी कहानी गढ़ी गई। यह मिथक बनाया गया कि भारत कभी एकजुट नहीं था और आजाद देश का विचार ही बेमानी है। उन्होंने कहा कि उस समय कई लोगों ने इस कहानी को स्वीकार भी कर लिया था।

8000 साल पुराने ग्रंथों में जिक्र

अमित शाह ने कहा कि लगभग 8000 साल पुराने ग्रंथों में कश्मीर और झेलम का जिक्र है। तब यह कोई नहीं कह सकता कि कश्मीर किसका है। कश्मीर भारत का अविभाज्य अंग पहले भी था। आज भी है और हमेशा रहेगा। इसे कोई कानून की धाराओं से अलग नहीं कर सकता है। कानून की धारा का इस्तेमाल करके प्रयास भी किया गया था। आखिर में उस धारा को निरस्त कर दिया गया और सभी बाधाओं को दूर कर दिया गया।

भारत ने नेपाल के साथ शुरू किया संयुक्त सैन्य अभ्यास

दोनों देशों के बीच सैन्य सहयोग, विश्वास और द्विपक्षीय संबंधों को मिलेगा बढ़ावा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय और नेपाल सेना के बीच संयुक्त युद्धाअभ्यास 'सूर्य किरण' का 18वां संस्करण शुरू हो गया है। नेपाल के सलझंडी में 29 दिसंबर से 13 जनवरी तक चलने वाला यह अभ्यास साझा सुरक्षा उद्देश्यों को हासिल करने के साथ ही दो मित्रवत पड़ोसियों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देगा। दोनों देशों के बीच सैन्य, विश्वास और साझा संबंधों मजबूत होंगे। भारतीय सेना की टुकड़ी का नेतृत्व 11वीं गोरखा राइफल्स और नेपाली सेना की टुकड़ी का प्रतिनिधित्व श्रीजंग बटालियन कर रही है।

आईजीसी बैठक 9-10 जनवरी को काठमांडू में

भारत और नेपाल के बीच व्यापार, पारगमन और सहयोग पर अंतर-सरकारी समिति (आईजीसी) की बैठक 9-10 जनवरी को काठमांडू में आयोजित की जा रही है। नेपाल के उद्योग, वाणिज्य तथा आपूर्ति मंत्रालय की तरफ से इस बैठक की तैयारी की जा रही है। वाणिज्य सचिव गोविंद बहादुर कार्की ने कहा कि इस अंतर सरकारी समिति की बैठक में व्यापार और वाणिज्य के क्षेत्र में दोनों देशों के बीच चल रही परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जाएगी।

निमिषा प्रिया की मदद को तैयार हुआ ईरान

नई दिल्ली। यमन में भारतीय नर्स निमिषा प्रिया को सजा-ए-मौत मिलने पर ईरान मदद के लिए सामने आया है। एक ईरानी अधिकारी ने इस घटना को लेकर कहा कि ईरान मानवीय सहायता के तौर पर इस मुद्दे पर भारत की मदद करने के लिए तैयार है। यमन में काम करने वाली भारतीय नर्स निमिषा पर आरोप हैं कि उसने यमन के एक नागरिक की हत्या कर दी है।

गैलेंट का इजराइली संसद से इस्तीफा

तेल अवीव। इजरायल के बर्खास्त रक्षा मंत्री योआव गैलेंट ने अब इजरायली संसद (नेसेट) से भी इस्तीफा दे दिया है और कहा है कि जीवन में ऐसे क्षण आते हैं, जब आपको रुकना पड़ता है। उन्होंने अपने त्याग पत्र में लिखा है कि देश की 45 वर्षों की सेवा और एक मिशन के बाद अब इस्तीफा देने का फैसला किया है। पिछले साल नवंबर में इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने भरोसे में कमी का हवाला देते हुए उन्हें मंत्री पद से बर्खास्त कर दिया था।

अमेरिका में 24 घंटे के अंदर तीसरा बड़ा हमला

टेस्ला साइबरट्रक में हुआ विस्फोट, एक की मौत, 7 घायल

एजेंसी ▶▶ लासवेगस

अमेरिकी में 24 घंटे के अंदर तीसरा बड़ा हमला हुआ है। लासवेगस में ट्रंप इंटरनेशनल होटल के बाहर बुधवार को टेस्ला साइबरट्रक में हुए विस्फोट मामले में वाहन के अंदर मौजूद शख्स की मौत हो गई और पास खड़े 7 लोग मामूली रूप से जख्मी हो गए। लासवेगस मेट्रोपॉलिटन पुलिस और क्लार्क काउंटी फायर डिपार्टमेंट के अधिकारियों ने यह पुष्टि की है। अब कई अहम जानकारियां सामने आई हैं। साइबरट्रक में पटाखों के मोर्टार और कैंप फ्यूल के कनस्तर मिले हैं। मामले में आतंकवाद के एंगल से जांच की जा रही है। पुलिस ने कहा कि एजेंसियों को जानकारी है कि ट्रक को रेंटल एजेंसी से किसने किराए पर लिया था। इस मामले पर रेंटल एजेंसी की तरफ से भी अब तक कुछ नहीं कहा गया है। एफबीआई के स्पेशल एजेंट इंचार्ज ने कहा है कि गाड़ी में मौजूद साक्ष्य भी एकत्रित किए जा रहे हैं।

पीएम मोदी ने जताई संवेदना- कहा आतंकवाद को जड़ से उखाड़ फेंकें

हमलावर आईएसआईएस से प्रभावित: बाइडेन

अमेरिका के न्यू ऑर्लियंस में बॉर्बन स्ट्रीट पर हुए हमले पर प्रतिक्रिया देते हुए अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि हमलावर की एक्टिविटी से लगता है कि वह आईएसआईएस से प्रभावित था और ज्यादा से ज्यादा हत्या करने की कोशिश कर रहा था। भारतीय पीएम नरेंद्र मोदी ने ट्रंप से इस हमले को लेकर बातचीत की है। मोदी ने पीड़ितों के परिजनों के लिए संवेदना जताते हुए कहा कि आतंकवाद को जड़ से उखाड़ फेंकना चाहिए। बता दें, घटनास्थल से लॉन्ग गन के अलावा दो घरेलू बम और आईएसआईएस का झंडा मिला है। आरोपी ड्राइवर की पहचान शम्सुद्दीन जब्बार के तौर पर हुई है। एफबीआई का मानना है कि इस हमले में कई लोग शामिल हो सकते हैं।

न्यूयॉर्क में अंधाधुंध गोलीबारी, कई घायल

यूएस में न्यूयॉर्क के क्वींस में एक नाइट क्लब में एक हमलावर ने अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसमें कई लोग घायल बताए जा रहे हैं। जिस नाइट क्लब में यह घटना हुई, उसका नाम अमजूरा नाइट क्लब है। गोलीबारी बीती रात करीब 11 बजकर 45 मिनट पर हुई। पुलिस विभाग की कई इकाइयां उस स्थान पर पहुंचीं जहां जमैका लॉन्ग आइलैंड रेल रोड स्टेशन के पास गोलीबारी हुई थी ताकि इलाके को सुरक्षित किया जा सके और संदिग्धों को पकड़ा जा सके।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109